4 रायपुर संभाग
लंबे समय से कार्य में अनुपस्थित विभिन्न विभागों के ..

6 अभिमत
काहिरा वार्ता शांति की आशा

09 विविध
बालको ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर वितरित किये...

10 संस्कारधानी
आत्मानंद स्कूल में अनुशासनहीनता व लापरवाही...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 29 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-09 मूल्य 3.00 ₹

# जन धन योजना ने गरीबों को आर्थिक मुख्यधारा में शामिल किया : सीतारमण

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के एक दशक पूर्ण के अवसर पर कहा कि वित्तीय समावेशन एवं सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए औपचारिक बैंकिंग सेवाओं तक सभी की आसान पहुंच आवश्यक है और पीएमजेडीवाई ने गरीबों को आर्थिक मुख्यधारा में शामिल करने के साथ ही हाशिए के समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल के प्रारंभ में 28 अगस्त 2014 को वित्तीय समावेशन और गरीबों की बैंकिंग सेवाओं मे पहुंच को आसान बनाने के लिए इस योजना की शुरूआत की थी और यह योजना सफलतापूर्वक एक दशक पूरा कर रही है। इस दौरान पीएमजेडीवाई दुनिया का सबसे बड़ा वित्तीय समावेशन कार्यकम भी बन गया है। वित्त मंत्रालय अपने वित्तीय समावेशन प्रयासों के जरिये हाशिए के समुदायों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सहायता प्रदान करने का निरंतर प्रयास करता रहा है। इसकी परिवर्तनकारी ताकत और डिजिटल नवाचारों ने भारत में वित्तीय समावेशन में क्रांतिकारी बदलाव किया है। इस मौके पर सीतारमण ने कहा कि जन-धन, मोबाइल एवं आधार को लिंक करते हुए सहमति आधारित पाइपलाइन वित्तीय समावेशन परिवेश का एक सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है जिसने सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभों को पात्र लाभार्थियों के खाते में त्वरित, निर्बाध एवं पारदर्शी तरीके से हस्तांतरित करने में सक्षम बनाया है और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिया है। वित्त मंत्री ने कहा, बैंक खाते, लघु बचत योजनाएं, बीमा एवं ऋण सुविधा सहित तमाम सार्वभौमिक, सस्ती एवं औपचारिक वित्तीय सेवाएं प्रदान करते हुए पीएम जन-धन योजना ने पिछले एक दशक में देश के बैंकिंग एवं वित्तीय परिदृश्य को बदल दिया है। सीतारमण ने कहा, इस कार्यक्रम की सफलता इसी बात से परिलक्षित होती है कि जन-धन खाते खोलकर 53 करोड़ लोगों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में शामिल किया जा चुका है। इन बैंक खातों में 2.3 लाख करोड़ रुपये जमा हुए है और इसके परिणामस्वरूप 36 करोड़ से अधिक निःशुल्क रुपे कार्ड जारी किए गए हैं जो 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर भी प्रदान करते हैं।

## सरकार ने गरीबों के खाते बंद कर जन-धन को बनाया लूट का जरिया : खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि सरकार जिन योजनाओं को उपलब्धियां बता रही हैं वे योजनाएं कांग्रेस सरकार में बनी थीं लेकिन मोदी सरकार ने उनके नाम बदले और अब उन्हीं योजनाओं को जन धन की लूट का जरिया बनाया जा रहा है। खडगे ने कहा कि मोदी सरकार ने बैंकों को जन-धन की लूट का साधन बनाया है और खाते में न्यूनतम राशि नहीं होने का बहाना बनाकर हजारों खाते बंद कर गरीबों का पैसा डकारा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने गरीब जन-धन बैंक खाताधारकों को धोखा नहीं दिया है तो उसे उनके सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने सरकार से तीन सवाल किए और पूछा क्या ये सच नहीं कि 10 करोड़ से ज़्यादा जन-धन बैंक खाते बंद हो चुके हैं जिनमें क़रीब 50 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। इनमें दिसंबर 2023 तक 12,779 करोड़ रुपए जमा थे। बीस फीसद जन-धन खाते बंद होने का ज़िम्मेदार कौन है। क्या यह सही नहीं है कि पिछले 9 वर्षों में जनधन खातों में औसत बैलेंस 5000 रुपये से कम यानी सिर्फ 4,352 रुपये है। इतने से पैसों में भाजपाई कमरतोड़ महंगाई के बीच, एक गरीब व्यक्ति कैसे अपना जीवन यापन कर सकता है। खडगे ने संसद में सरकार के एक जवाब का हवाला देते हुए कहा क्या ये सच नहीं है कि आम खातों और जन-धन खातों को जोड़कर, मोदी सरकार ने 2018 से 2024 तक कम से कम 43,500 करोड़ रुपए केवल न्यूनतम बैलेंस न होने पर, अतिरिक्त एटीएम ट्रांजेक्शन, एसएमएस शुल्क पर वसूली करने से लूटे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कांग्रेस-संप्रग की नो फ्रिल्स अकाउंट्स योजना जिसके तहत मार्च 2014 तक 24.3 करोड़ ग़रीबों के लिए बैंक खाते खोले गए थे।

### क्विक न्यूज

## प्रवर्तन निदेशालय ने द्रमुक सांसद पर 908 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया



**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय ने तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री एस जगतरक्षकन पर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत 908 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। ईडी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईडी चेन्नई ने तमिलनाडु के एक व्यवसायी और जगतरक्षकन, उनके परिवार के सदस्यों तथा संबंधित भारतीय इकाई के खिलाफ फेमा के तहत जांच की थी। जांच के दौरान ईडी ने फेमा की धारा 37ए के तहत 89.19 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की 908 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका ख़ारिज



**बिलासपुर।** कोल स्कैम केस में सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। सौम्या ने इस बार सुप्रीम कोर्ट से निलंबित आईएएस रानू साहू और सुनील अग्रवाल की जमानत को आधार बनाया था। सौम्या करीब 16 महीने से जेल में बंद हैं। ये तीसरी बार है, जब हाईकोर्ट से सौम्या की जमानत खारिज की गई है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। इससे पहले कोल स्कैम और मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुप्रीम कोर्ट भी याचिका खारिज कर चुका है। कोर्ट ने गलत तथ्य पेश करने पर उन पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। कोल लेवी मामले में आरोपी सौम्या चौरसिया ओर से सुप्रीम कोर्ट के आदेश को आधार बनाया गया।

## निजी एफएम रेड़ियो के 734 चैनलों की नीलामी को मंत्रिमंडल की मंजूरी



**नयी दिल्ली।** सरकार ने अलग अलग भाषाओं विशेष रूप से मातृ भाषा में कार्यक्रमों को बढावा देने के उद्देश्य से 234 शहरों में 730 निजी एफएम चैनलों के लिए नीलामी की मंजूरी दे दी है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह मंजूरी निजी एफएम रेडियो के तीसरे चरण की नीति के तहत दी गयी है। इस चरण में 784.87 करोड़ रुपये के अनुमानित आरक्षित मूल्य की अधिकतम ई-नीलामी का संचालन करने का प्रस्ताव है। मंत्रिमंडल ने वस्तु एवं सेवा कर को छोड़कर एफएम चैनल के लिए वार्षिक लाइसेंस शुल्क को सकल राजस्व के 4 प्रतिशत की वसूली के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। यह 234 नये शहरों और कस्बों में लागू होगा. इससे अलग अलग भाषाओं विशेष रूप से मातृभाषाओं में स्थानीय कार्यक्रमों को बनाने को प्रोत्साहन मिलेगा।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वर्गीय झिंगिया उरांव को श्रद्धांजलि अर्पित की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उड़ीसा के सुंदरगढ़ जिले के ग्राम केंदुडीही पहुंचकर वहां केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उरांव की धर्मपत्नी स्वर्गीय झिंगिया उरांव के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्वर्गीय झिंगिया उरांव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री साय ने जुएल उरांव और उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जब वर्ष 1999 में प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने पहली बार आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन किया। इस मंत्रालय के पहले मंत्री जुएल उरांव बने। उन्होंने उरांव के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों को याद करते हुए कहा कि जुएल उरांव उनके बड़े भाई जैसे हैं। मुख्यमंत्री साय जब सांसद थे, तब उरांव ने उनके संसदीय क्षेत्र में अनेक विकास कार्यों के लिए राशि दी।

## महिलाओं, युवाओं और हाशिये के लोगों के वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रही है जन धन योजना : पीएम मोदी

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) लोगों, विशेष तौर पर महिलाओं, युवाओं और हाशिये पर पड़े समुदायों के वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रही है। मोदी ने जनधन योजना के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर इसे सफल बनाने में योगदान करने वालों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2014 में शुरू की गई इस योजना के तहत अब 53.13 करोड़ खाते हैं। पीएमजेडीवाई में महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों की महत्वपूर्ण भागीदारी है। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, हम जनधन योजना के 10 वर्ष पूरे होने का एक महत्वपूर्ण अवसर मना रहे हैं। सभी लाभार्थियों और इस योजना को सफल बनाने के लिए काम करने वालों को बधाई। जनधन योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं तथा हाशिए के समुदायों को सम्मान देने में सर्वोपरि रही है। वित्त मंत्रालय के बयान के अनुसार, 53 करोड़ से अधिक जन-धन खातों में से 29.56 करोड़ (55.6 प्रतिशत) जनधन खाताधारक महिलाएं हैं और 35.37 करोड़ (66.6 प्रतिशत) जनधन खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं। पीएमजेडीवाई खाते के तहत जमा राशि 2,31,236 करोड़ है। इसमें 14 अगस्त, 2024 तक 15 गुना वृद्धि हुई है।



# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रभुराम से प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की

## भाटापारा में राम भक्तों की टोलियों को किया सम्मानित, विधायक इंद्र साव के निवास पत्रकारों से हुए मुखातिब

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



श्री अखंड राम नाम सप्ताह के समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाटापारा पहुंचकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की आरती उतारी तथा पूजा अर्चना करते हुए प्रदेश वासियों की खुशहाली की मंगलकामना की। वहीं उन्होंने राम भक्तों की भजन मंडलियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका सम्मान भी किया। अपने प्रवास के दौरान बघेल भाटापारा विधायक इंद्र साव के निवास पहुंच कर परिजनों से मुलाकात करते हुए पत्रकारों से भी चर्चा की। विधायक इंद्र साव के विशेष आग्रह पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नगर आगमन हुआ। जहां नाका नंबर एक पर कांग्रेस जनों, युवा कांग्रेस, सेवादल के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें मोटर सायकल रैली के माध्यम से कांग्रेस भवन तक लाए, जहां पुनः विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में उपस्थित कांग्रेस जनों ने बघेल का जोरदार स्वागत किया। बघेल और विधायक साव ने कांग्रेस भवन में स्थित महात्मा गांधी की आदमकद मूर्ति में माल्यार्पण कर कांग्रेस भवन से पैदल ही राम सप्ताह मंडप के लिए कार्यकर्ताओं के साथ रवाना हुए जहां उनके आगे आगे रंग बिरंगे वेश भूषा में आई भजन मंडलिया नाचते गाते चल रही थी, इस बीच बघेल सड़क के दोनो ओर खड़े लोगो, व्यवसायियों का हाथ उठा कर अभिवादन करते चल रहे थे। राम सप्ताह मंडप पहुंच कर बघेल ने प्रभु श्री राम के रथ का दर्शन किया और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पूजा अर्चना करते हुए प्रदेश वासियों की तरक्की और खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री बघेल कांग्रेस जनों के द्वारा भजन मंडलियों के स्वागत हेतु बनाए गए मंच पर पहुंचे और प्रदेश के विभिन्न जिलों के अनेक कस्बों, नगरों से आई भजन मंडलियों का उत्साह वर्धन करते हुए उनका श्रीफल, भगवान की प्रतिमा और नकद राशि देकर उनका सम्मान किया। इस दौरान बघेल ने अनेक टोलियों से उनके गांव, खेती बाड़ी, फसल और बारिश के बारे में भी पूछताछ की। कांग्रेस के इस मंच पर विधायक इंद्र साव के अलावा, विकास उपाध्याय एवं काफी संख्या में कांग्रेसजन, पार्टी के पदाधिकारी गण मंच पर आसीन थे। मंच पर विधायक इंद्र साव ने प्रदेश के पूर्व मुखिया बघेल को कष्टकला से निर्मित भगवान श्री राम की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में दी।

**विधायक इंद्र साव के घर हुआ स्वागत**

रामभक्तो की टोलियों का नकद राशि से सम्मानित करने के पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधायक इंद्र साव के निवास पहुंचे, जहां उनका स्वागत विधायक और उनके परिजनों ने किया। इस दौरान बघेल लगभग 1 घंटा तक रहे और परिजनों के साथ पारिवारिक चर्चा की। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने बघेल को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया। भजन मंडलियों के स्वागत हेतु बनाए गए मंच और विधायक निवास में विकास उपाध्याय, गिरीश देवांगन, सुरेन्द्र शर्मा, हितेन्द्र ठाकुर, उधो वर्मा, सन्नी अग्रवाल, ईश्वर सिंह ठाकुर, सुशील शर्मा, रमेश यदु, सुरेश वर्मा, सतीश अग्रवाल, गणेश ध्रुव, परमेश्वर यदु, आलोक मिश्रा, आलोक चन्द्राकर, राम गिडलानी, अरूण यादव, के.के नायक, हिरेन्द्र कोशले, दिवाकर मिश्रा, रोशन हबलानी, गौरी भृगु, सुनील महेश्वरी, बसंत भृगु, अमित शर्मा, शैली भाटिया, संतोष तिवारी, प्रभाकर मिश्रा, कुबेर यदु, रमेश घृतलहरे, अभिनव यदु, बसंत आडिल, कुलदीप सलूजा, सुनीता गुप्ता, त्रिलोक सलुजा, विनोद अग्रवाल, अमर मंडावी संतोष सोनी, सुनील गुप्ता चन्द्रशेखर चक्रधारी अय्युब बांठिया, देवनारायण बांधे, नानू सोनी, जीतु शर्मा, जीतु ठाकुर, नन्दू साहू, सीरिज जांगड़े, विमल मानिकपुरी, धनंजय तिवारी, मुकेश साहू, मुकेश हेंवार, सत्यजीत शेण्डे, वैभव केशरवानी, आशा ध्रुव, गोपाल शर्मा, जीतनारायण साव, पुनीत मानिकपुरी, सोनू शर्मा, सचिन्द्र शर्मा, दीपक टिकरिहा, जितेन्द्र नायक, नीरज जायसवाल, मनमोहन कुर्रे, राजा तिवारी, मोहन निषाद, रोहित साहू, विक्की सिंह ठाकुर, सुशील सबलानी, शैलेन्द्र अहिरवार, संजय केशरवानी, शेषनारायण यदु, अनिल गुप्ता, गोविंदा देवदास, जहिर बांठिया, शदाब जलियावाला, आकिब मेमन, राजु चक्रधारी, शंशाक चौबे, मदन ठाकुर, अलताफ खान, ईश्वर सेन, प्रमिला साहू, हिरमत साहू, सतरूपा वर्मा, हेमीन ध्रुव, निर्माला कोशले, पूर्णिमा निषाद, दानी भाट, सरस्वती साहू, कुमारी वर्मा, उमाशंकर गुप्ता, संतोष साहू, किशन निर्मलकर, हरिश लहरे, लोकेश मंगलानी, राजेन्द्र वर्मा, गुलशन साहू, कुलेश्वर साहू, घनाराम साहू, प्रशांत साहू सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे। विधायक निवास पर ही पत्रकारों से चर्चा करने पश्चात वे रायपुर के लिए रवाना हो गए। इसके पूर्व प्रदेश के पूर्व मुखिया बघेल के भाटापारा आगमन की सूचना पर भाटापारा विधानसभा के सिमगा में कांग्रेस जनों ने फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। सिमगा के पश्चात दामाखेड़ा, लिमतरा, तरेंगा में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका उत्साह से उनका स्वागत किया।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बाज़ार टैक्स वसूली कर दीदियाँ बनेगी लखपति



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत् जिला मुख्यालय सुकमा से लगभग 12 किलो मीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत केरलापाल में बिहान योजना की शेरावाली माँ स्व-सहायता समूह की 10 दीदियो को बाज़ार टैक्स वसूली, साफ-सफाई, एवं देखरेख करने हेतु पंचायत द्वारा जिम्मेदारी सौंपी गई है। दीदियाँ परिक्रामी निधि, सामुदायिक निवेश कोश और बैंक लिंकेज होने के बाद विभिन्न व्यक्तिगत आजीविका गतिविधियों का संचालन कर रही हैं। ग्राम पंचायत केरलापाल में ग्राम सभा से प्रस्ताव पास होने पर समूह की दीदियाँ अब बाज़ार टैक्स वसूली का कार्य भी कर रही है। शेरावाली माँ समूह की अध्यक्ष लक्ष्मीदेवनाथ और सचिव ज्योत्सना रॉय ने बताया कि अब हम अतिरिक्त आय प्राप्त करने में सक्षम हो रही हैं और हमारी आत्मविश्वास में भी उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला सीईओ के मार्गदर्शन में जिले में स्व-सहायता समूह की दीदियाँ उन्नति की राह पर अग्रसर हो रही है। समूह की दीदियों ने बताया कि ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर आर्थिक स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ रही है। विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों को सीखने तथा कार्य करने का मौका मिल रहा है। आर्थिक रूप से सक्षम होने पर अब हम घर की जरूरतो को पूरा करने में अपना योगदान दे रहे हैं।

# एडवायसरी में दिए गए दिशा–निर्देशों का गंभीरपूर्वक किया जाए पालन : जायसवाल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों को मंकी पॉक्स (एम-पॉक्स) नामक बीमारी के बचाव व रोकथाम हेतु जारी एडवायजरी में दिए गए दिशा-निर्देशों का गंभीरपूर्वक पालन करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 20 अगस्त 2024 को मंकी पॉक्स नामक बीमारी के बचाव व रोकथाम हेतु एडवायजरी जारी की गई है। मंकी पॉक्स को विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा 14 अगस्त 2024 को पब्लिक हेल्थ एमरजेन्सी ऑफ इंटरनेशनल कान्स (पीएचईआईसी) को घोषित किया गया है। विभिन्न देशों में संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सर्वेलेंस, जांच एवं उपचार हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं, जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में भी मंकी-पॉक्स प्रकरणों की सर्वेलेंस, त्वरित पहचान, जांच एवं उपचार हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं। मंकी-पॉक्स एक जीनेटिक बीमारी है जो मुख्य रुप से मध्य और पश्चिम अफ्रीका के क्षेत्रों में होता है, परन्तु वर्तमान परिदृश्य में कुछ अन्य देशों में प्रकरण प्राप्त हो रहे हैं तथा भारत के केरल राज्य में मार्च 2024 में प्रकरण प्राप्त हुए हैं। मंकी-पॉक्स से संक्रमित व्यक्ति में सामान्यतः बुखार, चकत्ते एवं लिम्फ नोड्स में सूजन पायी जाती है। मंकी-पॉक्स एक स्व-सीमित (सेल्फ-लिमिटेड) संक्रमण है, जिसके लक्षण सामान्यतः 2-4 सप्ताह में समाप्त हो जाते हैं। मंकी-पॉक्स संक्रमण के गंभीर प्रकरण सामान्यतः बच्चों में पाए जाते हैं। जटिलताओं एवं गंभीर प्रकरणों में मृत्यु दर 1 से 10 प्रतिशत है। मंकी-पॉक्स संक्रमण होने एवं लक्षण उत्पन्न होने का इनक्यूबेशन पीरियड सामान्यतः 6-13 दिन का होता है, परन्तु यह 5 से 25 दिवस तक हो सकता है। मंकी-पॉक्स का संक्रमण त्वचा में चकत्ते आने के 1-2 दिवस पूर्व से लेकर सभी चकत्तों से पपड़ी के गिरने/समाप्त होने तक मरीज के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों में फैल सकता है। मंकी-पॉक्स वायरस का संक्रमण पशु से मनुष्य में एवं मनुष्य से मनुष्य में फैल सकता है। मनुष्य से मनुष्य में संक्रमण मुख्य रूप से लार्ज रेस्पिरेटरी सिस्टम के माध्यम से लम्बे समय तक संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क में रहने से होता है। वायरस का संक्रमण शरीर के तरल पदार्थ घाव के सीधे संपर्क में आने से अथवा अप्रत्यक्ष संपर्क जैसे दूषित कपड़ों, लिनेन इत्यादि के उपयोग से फैल सकता है। पशुओं से मनुष्यों में संक्रमण का प्रसार गांव के सीधे संपर्क में आने से हो सकता है। मंकी पॉक्स संभावित प्रकरणों के सर्वेलेंस हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके अनुसार मंकी पॉक्स के संभावित प्रकरणों का सर्विलांस कर त्वरित पहचान जांच एवं उपचार किए जाने हेतु प्रकरण को आइसोलेट कर संक्रमण का प्रसार रोका जाना, मरीज को उपचार दिया जाना, मरीज के संपर्क व्यक्तियों की पहचान किया जाना, स्वास्थ्य कार्यकर्ता को संक्रमण से बचाव हेतु आगाह किया जाना एवं संक्रमण के नियंत्रण और प्रसार को रोकने हेतु प्रभावी कदम उठाया जाना आवश्यक है। मंकी-पॉक्स सर्वेलेंस हेतु इस दिशा-निर्देश में दिए मानक-परिभाषाओं का उपयोग किया जाना, प्रत्येक संभावित प्रकरण की सूचना जिला सर्वेलेंस इकाई/राज्य सर्वेलेंस इकाई में अनिवार्य रूप से दिया जाना आवश्यक होगा।

# भगवान श्री कृष्ण ने हमें कर्म की प्रधानता की शिक्षा दी : मंत्री दयाल दास बघेल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने हमें कर्म की प्रधानता की शिक्षा दी है। उन्होंने अपनी लीला से हमें जीवन जीने की कला सिखाई है। महाभारत में श्री कृष्ण ने अन्याय के विरुद्ध लड़ने का संदेश दिया। खाद्य मंत्री बघेल बेमेतरा जिले अंतर्गत नगर पंचायत नवागढ़ में आयोजित भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण झांकी एवं दही लूट महोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उक्त बाते कही। उन्होंने इस दौरान भगवान श्री कृष्ण और हलधर बलराम के प्रति रूप का पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। मंत्री बघेल ने कहा कि श्री कृष्ण प्रकृति प्रेमी थे। जब हम भगवान कृष्ण को याद करते हैं तो हमें यमुना नदी का किनारा याद आता है, बांसुरी की तान याद आती है और गौ माता का झुंड याद आता है। सनातन धर्म में प्रकृति की पूजा की जाती है। पीपल, बरगद आदि वृक्षों को पूजनीय माना गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया है। मैं सभी से अनुरोध करता हूँ कि वे अपनी माँ के नाम से एक पेड़ जरूर लगाएं। भगवान कृष्ण के प्रति भी हमारी सच्ची श्रद्धा तभी प्रकट होगी, जब हम एक पेड़ मां के नाम लगाकर प्रकृति के प्रति अपना दायित्व पूरा करेंगे। महोत्सव के दौरान आनंद कंद ब्रजनंदन योगेश्वर श्याम सुन्दर भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई एवं विभिन्न गांवों से आए हुए हरिकीर्तन मंडलियों के द्वारा भजन-कीर्तन भी किया गया। मंत्री बघेल ने दही लूट-हांडी-फोड़ टोलियों का उत्साहवर्धन किया और दही लूट के विजेताओं को पुरस्कार एवं शील्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री कृष्ण सेवा समिति के प्रतिनिधि मंडल तथा नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# ऐतिहासिक राम सप्ताह शोभायात्रा में शामिल हुए बृजमोहन : शिवरतन

**भाटापारा।** 86वें वर्ष आयोजित श्री अखंड राम नाम सप्ताह के समापन पर जुलूस निकाला गया। सांसद रायपुर लोकसभा बृजमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने जुलूस में कीर्तन मंडलियों व श्रद्धालुओं का अभिनंदन कर रथ में विराजमान प्रभु श्री राम जी की पूजा अर्चना कर सभी की सुख, समृद्धि के लिए प्रार्थना की। साथ ही बृजमोहन अग्रवाल व शिवरतन शर्मा ने मांदर बजाकर टोलियों के साथ राम धुनि में सहभागिता दी। इस शोभायात्रा में ग्रामीण अंचल के अलावा अन्य जिलों की लगभग 100 से 120 भजन मंडली संकीर्तन करने पहुंची थीं। रामधुन के भजन से पूरा नगर गुंजायमान हो गया था। श्री अंखड रामनाम सप्ताह के समापन अवसर पर भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी की भव्य शोभायात्रा श्री अंखड राम नाम सप्ताह मंडप से दोपहर में प्रारंभ होकर हटरीबाजार, सदर बाजार, महासती मार्ग, बस स्टैण्ड, मंडी चौक, स्टेशन मार्ग होते हुए देर रात श्री अंखड रामनाम सप्ताह मंडप में पहुंची।



# बिना अनुमति संचालित निजी चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य विभाग की दबिश, 12 को नोटिस

**रायपुर।** प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार और मरीजों की सुविधा के लिए बिना किसी वैध अनुमति से संचालित निजी अस्पताल तथा डायग्नोस्टिक सेंटरों पर कार्रवाई के निर्देश स्वास्थ्य विभाग ने दिए हैं। इसी कड़ी में बलौदाबाजार जिले के कसडोल विकासखंड के 12 चिकित्सा संस्थानों में नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में टीम ने दबिश देकर निरीक्षण किया साथ ही नोटिस देकर विधिवत अनुमति लेने की अंतिम चेतावनी दी गई है। सीएमएचओ ने बताया की जिले में इस प्रकार के बिना अनुमति के खोले गए संस्थानों के निरीक्षण हेतु टीम का गठन किया गया है। इस टीम द्वारा ही दबिश दी गई। परीक्षण के दौरान इन संस्थानों द्वारा बिना नर्सिंग होम एक्ट में पंजीयन संचालन करना पाया गया है। इसके लिए स्थान पर ही उन्हें नोटिस दिया गया। नोटिस में उल्लेख है की बिना अनुमति संस्था का संचालन करने पर प्रथम बार संचालक पर राज्य उपचर्या गृह तथा रोगोपचार सम्बंधी स्थापनाएँ अनुज्ञापन नियम 2010 के अध्याय एक के नियम 4 के अनुसार 20 हज़ार के जुर्माने का प्रावधान है। जबकि दूसरी बार ऐसा करते पाए जाने पर दोष सिद्ध होने पर 03 वर्ष का कारावास अथवा 50 हज़ार जुर्माना अथवा दोनों के भागी होंगे। जिन संस्थाओं की जांच की गई उसमें वर्मा पैथोलॉजी कटगी, गायत्री क्लीनिक कटगी, गुप्ता क्लीनिक कटगी, क्योर बे ई क्लीनिक कसडोल, रामगोपाल साहू लैब कसडोल, शर्मा मेटा पैथोलॉजी कसडोल, सिटी डेंटल केयर कसडोल, कबीर पैथोलोजी कसडोल, वासु पैथोलॉजी छांछी, ओम हेल्थ सेंटर छांछी, श्री रत्ना क्लीनिक कसडोल मानस पैथोलॉजी कसडोल शामिल है। सी एम एच ओ के अनुसार आगे भी जिले में यह जांच जारी रहेगी तथा बिना अनुमति संचालित संस्थाओं पर कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज बर्दाश्त नहीं : सुशील शर्मा


पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का क़ाफिला रोकने वालो के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों पर पुलिस ने बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया और सभी को ज़बरदस्ती धरना स्थल से खदेड़ा गया। भाजपा सरकार के इस पुलिसिया आन्तक की घोर निंदा करते हुये कहा कि सरकार अपनी पुलिसिया गुंडागर्दी करने वाले अधिकारी को तत्काल निलंबित करे क्योंकि प्रजातंत्र में विरोध प्रदर्शन करना सबका अधिकार होता है अपने नेता के खिलाफ हुई घटना के विरोध में ज़ोरदार प्रदर्शन होने से भाजपा सरकार विचलित होकर ग़लत निर्णय लेकर बेगुनाह कॉंग्रेसी कार्यकर्ताओं पर पुलिसिया लाठी चार्ज करवा कर ग़ैर लोकतांत्रिक कदम उठा रही है इस कदम का सभी कार्यकर्ता पुरज़ोर विरोध करते है। पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की माँग करते हुये आगे कहा कि भाजपा सरकार में क़ानून व्यवस्था बहुत ही कमजोर और लचर हो गई है पूर्व मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चूक होना और उपद्रवी तत्वों के बदसूलकी के खिलाफ कार्यवाही नहीं होना सरकार की बदलापुर की नीति को प्रदर्शित करती है सरकार की पुलिसिया कृत्य हमे अस्वीकार है सरकार अपनी राजनीतिक मर्यादा का उल्लंघन कर रही है।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश रायफल एसोसिएशन द्वारा 13 अगस्त से 23 अगस्त तक राइफल चैंपियनशिप का आयोजन किया





पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश रायफल एसोसिएशन द्वारा 13 अगस्त से 23 अगस्त तक राइफल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से आए शूटर्स खिलाड़ियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, 23 अगस्त को समापन समारोह उपरांत 24 से 26 अगस्त तक छत्तीसगढ़ फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के शूटर्स का ट्रायल किया गया जो कि अक्टूबर में होने वाले ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्ट्स में भाग लेंगे, अक्टूबर में होने वाले ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्ट्स अलग अलग श्रेणी महिला/पुरुष वर्ग में आयोजित की जाएगी। इसी को ध्यान में रखते हुए फॉरेस्ट विभाग से कई अधिकारी शूटर्स प्रतिभागियों ने माना शूटिंग रेंज में अपने ट्रायल से अपनी शूटिंग की कमियों को देखा और उसे सुधारने का प्रयास भी किया।

# आरआरवीयूएनएल के गुणवत्तापूर्ण सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं से ग्रामीणों को मिल रहा नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ









पायनियर संवाददाता ‹ अम्बिकापुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) द्वारा अपने सामुदायिक सहभागिता के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा के लिए कई महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। इसके परिप्रेक्ष्य में सरगुजा जिले के उदयपुर ब्लॉक में संचालित परसा ईस्ट केते बासेन (पीईकेबी) खदान के आसपास के कई गाँवों में व्यापक तौर पर पहुँच बढ़ाने सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को संचालित करता है। इसके साथ ही निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा से अब आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल में त्वरित पहुँचाने में सक्षम साबित हो रही है। आरआरवीयूएनएल की इस पहल ने हजारों ग्रामीणों को बिना किसी खर्च के उच्चस्तर की चिकित्सा सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान की है।

**दो स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों का हो रहा संचालन**

आरआरवीयूएनएल द्वारा अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से ग्राम साल्ही और परसा में स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों को स्थापित किया गया है, जहां स्थानीयों को प्राथमिक चिकित्सा सेवा प्रदान की जाती है, जिसमें ग्राम साल्ही के केंद्र में डॉ. अजीत यादव द्वारा मरीजों का उपचार एलोपैथिक और आयुर्वेदिक पद्धति से किया जाता है। जबकि परसा के स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. पूजा पांडे के नेतृत्व में एलोपैथिक के साथ-साथ होम्योपैथिक पद्धति से मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

फतेहपुर के 49 वर्षीय किसान बाबूनाथ सिंह को त्वचा संबंधी रोग हो गया था। लेकिन गुणवत्ता पूर्ण उपचार की कमी से उनका यह रोग बढ़ता ही जा रहा था। वो चिंतित था कि डॉक्टर की सलाह ली जाए लेकिन इसके लिए उसे अम्बिकापुर जाने की जरूरत ही नहीं पड़ी। उसने आरआरवीयूएनएल की परसा स्वास्थ्य सुविधा केंद्र में एक माह के नियमित उपचार से बाबुनाथ की हालत में काफी सुधार होने लगा। अब वह अच्छा महसूस कर रहा है।

**डे-केयर चिकित्सा केंद्र व चलित चिकित्सा वाहन से मरीजों का इलाज**

आरआरवीयूएनएल द्वारा गुमगा गांव में स्थापित किए गए छह बिस्तरिय डे-केयर अस्पताल में बीते तिमाही में कुल 1867 व्यक्तियों का इलाज किया गया, जिनमें 119 आपातकालीन मामलों में निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा द्वारा सहायता उपलब्ध कराई गई। इस व्यापक स्वास्थ्य कार्यक्रम का समन्वय डॉ. दीपक पुंगले के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसके अलावा चलित चिकित्सा वाहन से नियमित तौर पर ग्राम घाटबर्रा, हरिहरपुर और तारा सहित कुल चौदह परिधीय गांवों में घूमकर निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श और दवाइयाँ उपलब्ध करा रहा है। वहीं लोगों को बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूक भी किया जाता है। इस तरह ग्रामीण समुदाय में गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को पहल में कुल 4,539 लाभार्थी शामिल हुए।

घाटबर्रा गांव की 56 वर्षीय आदिवासी महिला पर्बतिया ने बताया, काफी समय से मेरे सिर में दर्द बना रहता था और मुझे चक्कर भी महसूस हो रहा था। इसके लिए अदाणी के स्वास्थ्य चिकित्सा वाहन में डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने जांच कर मुझे उच्च रक्तचाप होना से सिर दर्द होना बताया, जिसके उपचार के लिए मुफ़्त में दवाइयाँ दी उसके नियमित सेवन से अब मैं ठीक हो गई हूँ।

**ग्रामों में मेगा चिकित्सा शिविर**

आरआरवीयूएनएल द्वारा पीईकेबी कोल ब्लॉक के आसपास के ग्रामों में विशेष चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का उद्देश्य दूर-दराज के समुदायों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच को सुनिश्चित करना है। जिनमें दंत चिकित्सा, बाल चिकित्सा, नेत्र, त्वचा और स्त्री रोग देखभाल आदि शामिल हैं।

**स्कूलों में लगाए सैनेटरी पैड वेंडिंग और इन्सिनरेटर मशीन**

आरआरवीयूएनएल द्वारा किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य और माहवारी सुरक्षा के लिए साल्ही सहित कई गांवों में प्राथमिक और माध्यमिक सरकारी स्कूलों में सैनिटरी पैड वेंडिंग और इन्सिनरेटर मशीनें लगाई गई, जिससे मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन को बढ़ावा मिल रहा है। यह पहल पीईकेबी खदानों के आसपास के ग्रामीण समुदायों के स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की पीईकेबी खदान को कोल मंत्रालय द्वारा विगत पाँच वर्षों से लगातार 5 सितारा सम्मान से नवाजा जा रहा है। यह सम्मान पीईकेबी खदान में पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षात्मक मानकों के साथ साथ आसपास के ग्रामों में सामाजिक सरोकारों के तहत गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका उन्नयन और ढांचागत विकास में उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है।

# एसटी, एससी व ओबीसी ने रैली निकाल 23 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन, विषयवार शिक्षक व शिक्षा स्तर पर भी उठाए सवाल


पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com



जिले के दुगूकोंदल ब्लॉक में एसटी, एससी व ओबीसी समुदाय ने रैली निकाल 23 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, लोक शिक्षण संचालक, कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी के नाम दुगूकोंदल तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। सर्व आदिवासी समाज ब्लाक अध्यक्ष,गोंड़ समाज के उपाध्यक्ष जगतराम दुग्गा ने कहा कि शिक्षा बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता भी जरूरी है। प्राथमिक शाला में 5 कक्षाएँ संचालित होती हैं, माध्यमिक शाला में 3कक्षाएं संचालित होती हैं, कहीं 1तो कहीं 2शिक्षक पदस्थ हैं। 1शिक्षक से 5 कक्षाएँ संचालित नहीं हो सकती है। स्कूल तो खुलती है पर पढ़ाई नहीं होती है। माध्यमिक शाला में 3 कक्षाओं में 18 कालखंड होते हैं। 1या 2 शिक्षक 18 कालखंड में पढ़ाई नहीं करा सकते हैं। माध्यमिक और प्राथमिक शालाओं में विषयवार शिक्षक की भर्ती होनी चाहिए। स्कूलों में बच्चों की औसत संख्या के आधार पर शिक्षकों की पदस्थापना गलत है। 5कक्षाओं के लिए कम से कम 4शिक्षक और मिडिल स्कूल के लिए 5शिक्षक अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। बच्चों की संख्या के आधार पर शिक्षकों की पदस्थापना शिक्षा स्तर को कमजोर करती है। जबसे बच्चों को बिना पढ़ाई कराये उत्तीर्ण करने की नीति सरकार ने लागू किया है। तब से एसटी,एससी और ओबीसी समाज के बच्चों की शिक्षा स्तर दिनों- दिन कमजोर होती जा रही है, बच्चे पढ़ना और लिखना भी नहीं जानते हैं। जब बच्चे लिखना पढ़ना नहीं जानेंगे तो प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण नहीं कर सकेंगे। इस नीति का हम विरोध करते हैं, सरकार को फ्री में उत्तीर्ण करने की व्यवस्था में बदलाव करना चाहिए। शिक्षक की भर्ती करना चाहिए। हमने ज्ञापन में बिंदुवार मांग किया है। सरकार मांग पूरा नहीं करती है तो जन आंदोलन करेंगे। कोसरिया गांड़ा समाज के प्रदेश सचिव आनंद माहवे, पिछड़ा वर्ग समाज के ब्लाक सचिव मुन्ना सिन्हा ने कहा कि शिक्षा की प्रथम सीढ़ी प्राथमिक शिक्षा है। लेकिन बगैर शिक्षक के प्राथमिक शिक्षा का स्तर दिनों दिन कमजोर हो रही है। बच्चे वर्णमाला, बारहखड़ी, गिनती, टेबल और शब्दों को जोड़कर पढ़ना लिखना नहीं जानते हैं। और इधर सभाओं में डाक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएल बनने बात कही जाती है। जब प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की नींव कमजोर होगी तो प्रतियोगी परीक्षाओं में क्वालीफाई करना भी संभव नहीं है। एसटी एससी ओबीसी समुदाय के ग्रामीण अंचलों में रहने वाले बच्चे ढंग से बात नहीं कर पाते हैं। शिक्षा की स्थिति नगण्य हो गई है।

सरकार बच्चों की संख्या के आधार पर शिक्षकों की पदस्थापना की बात करती है। प्राथमिक शाला में 30बच्चों में एक शिक्षक की बात कही जा रही है। लेकिन यहां 5कक्षाएं संचालित होती है। एक शिक्षक कब और कैसे पढ़ायेगा। इस तरह की व्यवस्था चलती रहे तो एसटी एससी ओबीसी समाज गर्त में चली जायेगी। वर्ष 2007से बच्चों की बिना परीक्षा लिए उत्तीर्ण की जा रही है। स्कूल नहीं आने वाले बच्चों को भी उत्तीर्ण कर अगली कक्षाओं में भेजी जा रही है। ये शिक्षा की कैसी नीति है जो स्कूल का मुख तक नहीं देखने वाले बच्चे भी उत्तीर्ण हो रहे हैं, इस तरह की शिक्षा व्यवस्था सरकार को नहीं लानी चाहिए। टेबल में बैठकर गुणवत्ता की डायरी मेंटनेंस करने से हमारे एसटी एससी और ओबीसी समुदाय के बच्चों का भविष्य गर्त में चला जायेगा, हमारी राज्य सरकार से मांग है, प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं विषयवार शिक्षकों की भर्ती कर प्राथमिक और माध्यमिक शाला के बच्चों की शिक्षा की स्तर को मजबूत किया जाये। युक्तियुक्तकरण नियम बंद हो। बिना शिक्षा लिए फ्री में बच्चों को उत्तीर्ण करने की शिक्षा व्यवस्था को पूर्णतः बंद किया जाये। सर्कल अध्यक्ष आयनू ध्रुव, शिवप्रसाद बघेल ने कहा कि प्रदेश के मंत्री विधायक, बड़े अधिकारियों के बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ते हैं, प्राईवेट स्कूलों में विषयवार शिक्षक होते हैं। बच्चों की हर गतिविधि का प्राईवेट स्कूलों में ख्याल रखी जाती है। सरकारी स्कूलों में कहीं 1शिक्षक है, कहीं दो शिक्षक पदस्थ हैं, इन शिक्षकों से हर विषय की पढ़ाई कतई नहीं हो सकती है, इसलिए हमारी मांग है, स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक पदस्थ हो, शिक्षा शिक्षा नीति में बदलाव हो। एसटी एससी ओबीसी समुदाय के बच्चों को पर्याप्त शिक्षक की पदस्थापना कर पढ़ाई करवाई जाये। इस दौरान सर्व आदिवासी ब्लाक सचिव बाबूलाल कोला, युवा प्रभाग अध्यक्ष कुबेर दर्रो, नरसू हिड़को, सन्नूराम कोमरा, धरम नरेटी, प्रेमलाल खरे, नेमालाल कोमरा, तीजूराम दुग्गा, महत्तम दुग्गा, हृदय बघेल, नंदकिशोर खरे, संपत नरेटी, पवन कोमरा, तुलसी मातलाम, श्रीराम नरेटी, चंद्रलाल बघेल, नेलाराम तुलावी, अशोक नरेटी, बृजलाल तोप्पा, अकबर पुड़ो, बिसाहू मरकाम, राजेन्द्र नरेटी, जयलाल ध्रुव, मुकेश गावड़े, असवन दुग्गा, प्यारेलाल कोमरा, नंदकुमार गुरूवर, शिवलाल पुड़ो, गोवर्धन, रामकुमार उयका, जीवन उयके, हरेश रावटे, राजाराम पुड़ो, दीपक कल्लो, गुलाब बघेल सहित बड़ी संख्या में एसटी एससी ओबीसी समुदाय के आम नागरिक, शाला प्रबंधन और शाला विकास समिति के अध्यक्ष उपस्थित थे।

## किरंदुल में मुख्य बाजार के व्यापारियों को व्यवस्थित करने प्रशासनिक अमला तैनात



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

बैलाडीला में मुख्य रूप से बुधवार एवम रविवार को सप्ताहिक बाजार जोकि मेन मार्केट वार्ड क्रमांक 08 में लगाया जाता है जहां पर आस पास क्षेत्र के ग्रामीण पलनार, भांसी, जगदलपुर नकुलनार ओडिशा के व्यापारी साग सब्जी लेकर अपना व्यापार करने आते हैं और मुख्य मार्ग पर बैठ जाते थे जहां पर भारी वाहनों का आवागमन होता हैं जिससे खतरा बना रहता था। जिसे सुधारने हेतु किरंदुल नगर पालिका अमला एवम पुलिस प्रशासन तैनात रहें और सभी व्यापारियों को अंदर बाजार में बैठाया गया और अन्य बाजारों में अंदर बैठने को समझाईश दी गई। इस दौरान डी एस साहू, गौरीशंकर तिवारी, नरेश साहू, सुमंत पटेल, मानसिंह एवम पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

## स्थानीय निकायों के निर्वाचन के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग का होगा सर्वेक्षण

**कांकेर।** उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार नगरीय निकायों में आगामी आम निर्वाचन के दौरान अन्य पिछड़ा आरक्षण के सर्वेक्षण का कार्य किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीलेश महादेव क्षीरसागर ने ओबीसी सर्वेक्षण के लिए प्रपत्र उपलब्ध कराने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने निर्धारित समयावधि में सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कराने के लिए भी सभी एसडीएम और जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया है।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पंजीयन शिविर का होगा आयोजन

**कोंडागांव।** उप संचालक कृषि विभाग द्वारा दिये गये जानकारी अनुसार विधायक एवं केबिनेट मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र के नारायणपुर तहसील मदार्पाल अंतर्गत 29 अगस्त को ग्राम पंचायत हसलनार, 31 अगस्त ग्राम पंचायत मदार्पाल, 3 सितम्बर ग्राम पंचायत राजबेड़ा एवं 4 सितम्बर ग्राम पंचायत मयुरडोंगर में शिवर का आयोजन किया जायेगा। उक्त शिविर स्थलों में पंजीयन से वंचित कृषकों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत पंजीयन कराया जायेगा। सभी शिविरों का समय साड़े 10 बजे होगा।

## किरन्दुल में भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला हुई आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी मंडल किरंदुल में बुधवार को भाजपा का सदस्यता अभियान के संबंध में कार्यशाला रखी गई थी।जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी,मंडल प्रभारी सत्यजीत सिंह चौहान,मंडल अध्यक्ष डी पी मिश्रा,महामंत्री दीनानाथ ठाकुर, संजू दास,आरटीआई संयोजक मनोज छालीवाल अल्पसंख्यक मोर्चा जिला संयोजक नजमुल हक कोऑपरेटिव संयोजक प्रकाश जैन जिला मंत्री भावना सक्सेना मंडल के महामंत्री गण युवा मोर्चा महिला मोर्चा के सदस्य भारी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित रहें।सदस्यता अभियान की शुरुआत 2 सितंबर से होगी इसकी जानकारी दी गई और शक्ति केंद्र प्रभारी सह प्रभारी संयोजक को बूथ स्तर तक कार्य को संपादित करने के संबंध में जानकारी दी गई।इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रविंद्र सोनी नैना बाई साहू आर सी नाहक जे डी माकण सरपंच मीना मंडावी लता मरकाम एवं भारी संख्या में बूथ अध्यक्ष कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम 29 अगस्त व मॉप-अप दिवस 4 सितंबर को

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. सिंह के नेतृत्व में 29 अगस्त 2024 को पूरे जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं 4 सितम्बर को मॉप-अप दिवस का आयोजन किया जाना है। जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा इस दौरान मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा समुदाय स्तर पर गृह भ्रमण करते हुए 1 से 19 वर्षीय बच्चों, किशोर-किशोरियों को कृमि नाशक दवा एल्बेडाजॉल का सेवन कराया जायेगा। माप-अप दिवस के दिन 4 सितम्बर को छूटे हुए बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल का सेवन कराया जायेगा। इसके लिए जिले में 235873 कृमि नाशक दवा खिलाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए जिले को 240300 एल्बेंडाजोल गोली प्राप्त हुआ है। सभी विकास खंडों में एल्बेंडाजोल गोली उपलब्ध करा दी गयी है। इस अभियान हेतु जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रचार प्रचार किया जा रहा है। इसके साथ ही जिले में जिला स्तरीय टास्क फोर्स बैठक 20 अगस्त को कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था। जिसमें शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग एवं अन्य विभाग को उक्त अभियान में समन्वयक कर कार्य करने हेतु निर्देश दिए गए रहें।

## नशीले पदार्थों के अवैध व्यवसायियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत के अध्यक्षता जिला कार्यालय के सभा कक्ष में बैठक आहूत की गयी। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य में स्वापक औषधि एवं मन. प्रभावी व अन्य नशीले पदार्थों के अनधिकृत व्यवसायियों पर व्यापक एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तर पर एनसीओआरडी समिति का गठन किया गया है। इस दौरान औषधि निरीक्षक के द्वारा एनसीओआरडी के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए संबंधित विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी दी गयी। कलेक्टर दुदावत के द्वारा मादक पदार्थ गांजा एवं स्वापक मन प्रभावी पदार्थों के अंतर्गत आने पुले नशीली दवाइयों, इंजेक्शन के दुरुपयोग को पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने हेतु सभी थाना क्षेत्रों, विशेषकर जो अन्य राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र से लगे हुए उसमें नियमित रूप से संदिग्ध वाहनों की जांच एवं अवैध साधारण या परिवहन करते पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। इसके साथ ही जिले में संचालित सभी मेडिकल स्टोर्स के संचालकों को नियमानुसार मेडिकल स्टोर के संचालन हेतु एक्ट के सबंध में ट्रेनिंग देने एवं सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल करवाने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर के द्वारा कोटपा एक्ट के तहत सभी शिक्षण संस्थानों को शीघ्र ही तंबाकू मुक्त संस्थान घोषित किये जाने एवं नशा मुक्ति केन्द्रों में मादक पदार्थों के व्यसन से ग्रसित मरीजों का सुव्यवस्थित काउंसलिंग करते हुए मरीजों के संबंध में समस्त जानकारी संधारण करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर उपपुलिस अधीक्षक कोण्डागांव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण विभाग, उप संचालक कृषि विभाग, औषधि निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## समलवार ग्राम पंचायत में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 85 मरीजों को मिली निःशुल्क दवा और जांच सुविधाएं

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया कम्पनी (एएम/एनएस) द्वारा आज समलवार ग्राम पंचायत में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 85 मरीजों को लाभान्वित किया गया। इस शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाओं के साथ-साथ पैथोलॉजिकल जांच की सुविधाएं भी प्रदान की गईं, जिनमें शुगर, बीपी, और मलेरिया की जांच शामिल हैं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ ही एएम/एनएस इंडिया की सीएसआर टीम एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रहीं।स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे और समय पर आवश्यक उपचार प्राप्त कर सकेंगे।एएम/एनएस इंडिया कम्पनी दंतेवाड़ा के पाइपलाइन गांवों एवं आदिवासी क्षेत्रों में विकास, सामाजिक कल्याण, युवा उत्थान, स्पोर्ट्स, शिक्षा एवं रोजगार के साथ ही ग्रामीणों के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा को प्राथमिकता देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से कम्पनी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने एवं नेत्र स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। जिसके फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों का विकास एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया जा सके।

## कलेक्टर ने मक्का प्रसंस्करण प्लांट का किया निरीक्षण



**कोंडागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा कोंडागांव के कोकोड़ी में स्थित मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण प्लांट का निरिक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए प्लांट में लाईट की उचित व्यवस्था और पीसीसी कंट्रोल की कार्य प्रगति के बारे संलग्न एजेंसियों से चर्चा किया। इसके साथ उन्होंने प्लांट निर्माण के कार्यों को तीव्र गति से कराने हेतु निर्देश किये।

### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विधायक कोण्डागांव ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने विधायक कोण्डागांव एवं सांसद बस्तर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





शिक्षक संघर्ष मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रांतीय आह्वान पर छत्तीसगढ़ के शिक्षक एल बी संवर्ग के शिक्षक संगठनों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण नियम, आनलाइन अवकाश संशोधन एवं पूर्व सेवा की गणना करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में शिक्षक संघर्ष मोर्चा जिला कोण्डागांव जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह, प्रांतीय पदाधिकारी चन्द्रकान्त ठाकुर, नीलम श्रीवास्तव, शेष नारायण पाण्डेय एवं बलराम यादव के नेतृत्व में माननीय बस्तर सांसद महेश कश्यप जी एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं विधायक कोण्डागांव लता उसेंडी को ज्ञापन सौंपा । बस्तर संभाग के जनप्रतिनिधियों का छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के मांगों के संदर्भ में अपार समर्थन मिल रहा है। ज्ञापन सौंपने के उपरांत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव जी ने मुख्यमंत्री को समर्थन पत्र भेजा एवं विधायक कोण्डागांव एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के ज्ञापन को संदर्भित करते हुए 02 अगस्त को जारी युक्तियुक्तकरण नियम, आनलाईन अवकाश नियम में संशोधन करने व शिक्षक एल.बी. संवर्ग के 16 बिन्दुओं सहित ऑनलाईन अवकाश, 04 प्रतिशत लंबित मंहगाई भत्ता एवं शिक्षक एल. बी. संवर्ग का एक सूत्रीय मांगो के संबंध में गंभीरता पूर्वक पुनः विचार करने हेतु अनुशंसा पत्र भेजा गया है। बस्तर सांसद माननीय महेश कश्यप ने भी युक्तियुक्तकरण, आनलाइन अवकाश नियम में संशोधन करने, 2008 के शाला में शिक्षक सेटअप में परिवर्तित किए गए नियम में संशोधन, अधिशेष नियम, शिक्षकों का प्रमोशन एवं क्रमोन्नत, पूर्व सेवा की गणना कर पूर्ण सेवा में पुरानी पेंशन प्रदान करने सहित लम्बित डीए एवं एरियर्स हेतु मुख्यमंत्री को पत्र लिखने एवं मुलाकात कर चर्चा करने का भरोसा दिलाया है। विधायक एवं सांसद को ज्ञापन सौंपते समय जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह, प्रांतीय पदाधिकारी चन्द्रकान्त ठाकुर, नीलम श्रीवास्तव, शेष नारायण पाण्डेय, बलराम यादव, प्रांत महिला प्रकोष्ठ मालती ध्रुव, राखी ठाकुर, भीष्म लता मरकाम, सरोज लकड़ा, गुलेन्द्र पटेल, अरूण दीवान, अशोक साहू, अनील कोर्राम, प्रभाकर सिंह, जगमोहन वर्मा, नरेश ठाकुर, मन्नाराम नेताम, गुरूदीप छाबड़ा, शिशिर दूबे, रामू राम सिन्हा, फूलधर देवांगन, अमलेश बारले, चन्द्रेश चतुवेदी, मोहन लाल बोगा, राजेन्द्र पाण्डेय, राजेश सिंह, दिनेश यादव, संतोष निषाद, अनुप विश्वास, बृजलाल कोर्राम, लिखेश्वर पाण्डेय, अवध किशोर मिश्रा, उपेन्द्र कोमा, द्रोपत भारती, चंदूलाल देशमुख, नरेंद्र मरकाम सहित सैकड़ों शिक्षक - शिक्षिका उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय जेल भरो आंदोलन कार्यक्रम जिला युवा कांग्रेस कांकेर द्वारा किया गया





पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राज्य की भाजपा सरकार के द्वारा बलौदाबाजार प्रकरण को लेकर राजनीतिक द्वेष और दुर्भावनापूर्ण भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र यादव तथा युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे, एनएसयूआई अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा , तथा सतनामी समाज के बेकसूर पदाधिकारी/सदस्यों पर विभिन्न धाराओं पर अपराधिक प्रकरण दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी कर जेल भेजने का काम किया जा रहा है । इस सम्बंध में जेल भरो आंदोलन किया गया, जिसमे युवा कांग्रेस कांकेर एवं NSUI के द्वारा रैली नया बस स्टैंड मिनी स्टेडियम कांकेर से होकर मुख्य सड़क होते हुए राज्य सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुर्दाबाद के नारे लगाते बैरिकेट तोड़ते गिरफ्तारी देते जेल भरो आंदोलन किया गया, राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। जेल भरो आंदोलन में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी श्रीपाल कटारिया, प्रदेश महासचिव तुषार ठाकुर, प्रदेश सचिव नौशाद ख़ान, प्रदेश सचिव पंकज वाधवानी, प्रदेश सचिव राजेंद्र दुबे, युवा कांग्रेस कांकेर अध्यक्ष खोमेन्द्र उइके,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शिवाकित श्रीवास्तव , जिला उपाध्यक्ष शोएब अहमद, जिला उपाध्यक्ष सत्यार्थ करायत, जिला महासचिव सुरेश नाग, चंद्रलोक ठाकुर, शेष गजबिये, अनमोल मण्डवी, महेंद्र नायक, अर्जुन देवांगन, सोम सिन्हा, चमन साहू, प्रशांत सिन्हा, निरंजन भास्कर, आकाश यदु, मृदुला भास्कर, लता मण्डवी, आयुषी मिश्रा, NSUI अध्यक्ष सुमित राय, अमन गायकवाड़, संतोष प्रधान, मुकेश तिवारी, किशन यादव, हनीफ भाई, सूरज सोनकर,नरेश ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, मकबूल खान, यास्मिन, रोशन आरा, मनोज जैन, तरेंद्र भंडारी, रमाशंकर, सरजू शोरी, रोमनाथ जैन, दीपक शोरी, जगदीश ध्रूव, नरेश बिच्छिया, यासीन करानी, शादाब खान, लतीफ मेमन,भुकउ सिन्हा, बृजलाल जैन, विनय ठाकुर,आदि उपस्थित थे।

# लंबे समय से कार्य में अनुपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने की तैयारी, खंगाले जा रहे है रिकॉर्ड

## बल्दाकछार नदी तट पर नर्सरी तैयार करने दिए निर्देश,महिला स्व सहायता समूह करेंगे संचालन : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ≺ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए। जिसमें उन्होनें केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांयोजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है. राज्य शासन के निर्देशानुसार लंबे समय से कार्य में अनुपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने की तैयारी की जा रही है। इस हेतु कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी विभागों से 3 दिवस के भीतर विस्तृत जानकारी मांगी गई है इसके लिए अलग से रिकॉर्ड खंगाले जा रहे है। साथ ही कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन के तहत बल्दाकछार नदी तट पर नर्सरी तैयार करने के निर्देश पंचायत विभाग के संबधित अधिकारियों को दिए है। साथ ही उक्त नर्सरी का संचालन महिला स्व सहायता समूह के द्वारा किया जाएगा। जिसमें महिला समूह में कमार महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही जल्द ही विशेष पिछड़ी जनजाति कमार व्यक्तियों के लिए प्रॉजेक्ट उन्नति के तहत मशरूम प्रशिक्षण एवं विटीपी के तहत बांस कला पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि आरबीसी 6-4 के तहत राहत एवं आपदा से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशील होकर तत्काल निराकृत करें ताकि प्रभावित व्यक्तियों को समय पर सहायता सुलभ हो सके। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। साथ ही आयुष्मान भारत पीएमजेएवाय,पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण),पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना,किसान क्रेडिट कार्ड,पीएम पोषण अभियान, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना, इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्नमूलन वन अधिकार पट्टा व्यक्तिगत एवं सामूहिक, वन धन केंद्र,पीएम स्वनिधि योजना,पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला योजना,पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, पीएम आवास योजना (शहरीय),स्वच्छ भारत अभियान (शहरीय) पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना, उजाला योजना, पीएम सौभाग्य योजना की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में डीएफओ मयंक अग्रवाल,सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर दीप्ती गौते सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार,जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन ने किया एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं हरिशचंद्र वर्मा (सरपंच) के सौजन्य से एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर बुधवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की जिसमें जनरल मेडिसिन डॉ. धनेन्द्र, नेत्र रोग से डा. वेद, हड्डी रोग से डा.संतोष बंजारे, स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रीति क्षत्री अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, वीरेंद्र, सुनील, आकाश एवं विवेकानंद मिश्रा, एवं नर्सिंग स्टाफ डिगेशवरी, राजेशवरी एवं उप सरपंच अनिरुद्ध वर्मा, मितानिन, सरपंच के कर्मचारी एवं ग्राम निवासी उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग का नि:शुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# एम डी वी आत्मानंद इंग्लिश उत्कृष्ठ शाला विकास एवम प्रबंधन समिति की हुई प्रथम बैठक



पायनियर संवाददाता ≺ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

एम डी वी आत्मानंद इंग्लिश उत्कृष्ठ शाला विकास एवम प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक का संस्था में आयोजन हुआ। बैठक में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश केशरवानी, समिति की सचिव तथा संस्था की प्राचार्य ऋतु शुक्ला तथा समिति के सभी सदस्य सतीश पटेल पार्षद, मनोज पुरेना पार्षद, तारा चंद कन्नोजे, निरजन जयसवाल, घनश्याम भारती उपस्थित रहें। बैठक में संस्था प्रांगण के पीछे की जंगल झाड़ियों की साफ सफाई, भौतिकी विषय के अध्यापन हेतु शिक्षक की व्यवस्था तथा समस्त स्टाफ से चर्चा कर संस्था में अनुशासन बनाए रखने और अध्ययन अध्यापन में विशेष ध्यान देने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।इस अवसर पर केसरवानी एवं समस्त सदस्यों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत संस्था प्रांगण के वृक्षारोपण किया गया।

## उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए आवेदन 9 सितम्बर तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेशानुसार नगरनिगम क्षेत्र धमतरी के नयापारा वार्ड क्रमांक 32 में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान का आबंटन किया जाना है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 9 सितम्बर है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए स्थानीय नगरीय निकाय, राज्य शासन द्वारा अधिकृत प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वन सुरक्षा समितियां जो कि दो माह पूर्व पंजीकृत एवं कार्यरत हो, आवेदन के लिए पात्र होंगे। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में स्पष्ट देवनागरी लिपि में पूरी तरह से भरा हुआ एवं सभी प्रमाण पत्र, दस्तावेजों की छायाप्रति तथा संस्था का पदमुद्रा(सील) सहित व हस्ताक्षरित होना अनिवार्य है। अंतिम तिथि के बाद मिले आवेदन विचार योग्य नहीं होंगे।

## लतिका दीप का प्रयास विद्यालय के लिए चयनित



**सरायपाली।** शंकर बाल उन्नयन सेवा समिति द्वारा संचालित गौरव विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत लतिका दीप पिता शिव शंकर दीप का प्रयास विद्यालय के लिए चयनित हुई है । लतिका दीप - गौरव विद्या मंदिर में कक्षा पहली से दाखिला हुई थी और शुरु से ही मेधावी रही जिसका चयन कक्षा में 9 वीं में अध्ययनरत रहते हुए आवासीय विद्यालय रायपुर में चयनित हुई है। इनके चयन से विद्यालय के संचालक तेज कुमार पंडा ने आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की तथा प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी प्रधानाचार्य रामचंद्र बाईल तथा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सरवरी निशा एवं माधुरी पटेल ने दी।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के पुनः जिला सचिव बने डीके साहू

## डीके साहू के जिला सचिव बनने पर समस्त स्टाफ ने अपनी शुभकामानएं दी

पायनियर संवाददाता ≺ धमतरी
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ की समीक्षा बैठक राज्य मुख्य आयुक्त डा सोमनाथ यादव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उनकी उपस्थिति में चेतन हिंदुजा जिला मुख्य आयुक्त द्वारा डीके साहू व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरूद को पुनः भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ धमतरी के जिला सचिव के पद मनोनीत करते हुए दायित्व सौंपा गया। बैठक में उपस्थित सभी स्काउटर . गाइडर ने ताली जाकर समर्थन किया। डीके साहू जिला संघ निर्वाचन के पश्चात नवंबर 2019 से जिला सचिव के दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। टीआर जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी ने कहा कि डीके साहू सरल एवं व्यवहारिक व्यक्तित्व के धनी है। इनके अलावा विश्वनियता के साथ कार्यालयीन दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। लक्ष्मण राव मगर कार्यालय आयुक्त एवं सहायक संचालक शिक्षा ने कहा कि डी के साहू स्काउटिंग में सतत नवाचार के लिए जाने जाते हैं । जब से उनके द्वारा कार्यालय के दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा है तब से लेकर आज पर्यंत तक समस्त कार्यवाहीयों को स्काउटिंग नियमानुसार संपादित किया जा रहा है। भगत राम यादव जिला कोषाध्यक्ष ने बताया कि कार्य दक्षता, स्पस्टवादिता एवं ईमानदार छवि डीके साहू की पहचान है । नेमलाल गंगेले डीओसी स्काउट ने बताया की डीके साहू बच्चों के हितों एवं स्काउटिंग में अनुशासन को सुनिश्चित करने के लिए कठोर एवं कड़े निर्णय लेने के लिए जाने हैं।

# इस संसार रूपी सागर में परमात्मा ही नाविक बनकर हमे भव से पार लगा सकते हैं : विशुद्ध सागर

पायनियर संवाददाता ≺ धमतरी
www.dailypioneer.com




परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा ने अपने आज के प्रवचन में फरमाया कि परमात्मा के माध्यम से स्वयं को देखने का प्रयास करते हुए विचार है की परमात्मा तो करुणा सिंधु है इनकी करुणा का कोई पार नही है। हे परमात्मा आपकी उसी करुणा का एक बूंद भी मुझे मिल जाए तो मैं भव पार हो सकता हू। परमात्मा द्रव्य करुणा दूसरो पर और भाव करुणा स्वयं पर करते है। परमात्मा दीन.दुखियो के तारणहार है। आपने चंडकौशिक, संगमदेव और न जाने कितने पापियों को तार दिया किंतु न जाने मुझसे ऐसा क्या अपराध हुआ है जो मैं अभी तक इस संसार में भटक रहा हू। परमात्मा तो क्षमाशील है। जिस दिन मेरे हृदय में सभी जीवों के प्रति क्षमा का भाव आ जायेगा उस दिन मेरा भी कल्याण निश्चित है। इस संसार रूपी सागर में परमात्मा ही नाविक बनकर हमे भव से पार लगा सकते हैं। हमे जीवन को उपवन की तरह सजाने का प्रयास करना है। उपवन वो अच्छा लगता है जिसमे हर मौसम के फूल खिलते हो। हमे जीवन रूपी उपवन को भी तपए आराधनाए साधनाए मैत्री भावए करुणा भावए प्रमोद भाव रूपी पुष्पों से सजाना है। मोक्ष की अभिलाषा रखने वाला या मोक्ष को प्राप्त करने की योग्यता रखने वाला भव्यात्मा होता है। जैन दर्शन के अनुसार आचार्य स्थूलीभद्र जी को काम विजेता के रूप में आने वाली 84 चौबीसी तक इतिहास में याद किया जाएगा। इसीलिए हमे भी अपने भाव हमेशा अच्छे रखने चाहिए। पता नही कब हमारे भाव के कारण हमारा कर्मबंध ऐसा हो जाए और उसे भोगे बिना हम छूट ही न पाए। जिंदगी की रेस में संसार रूपी मैदान में हमे उस खिलाड़ी के जैसे दौड़ना है जो गोल करने के लिए दौड़ता हैए उस रेफ्री के जैसे नही जो दूसरो की गलती देखने के लिए दौड़ता है। इस संसार के क्षणिक मोह में फंसकर हम आत्मा के शाश्वत सुख को भूल जाते है। हम संसार के मोह में फंसकर अपना हित देखने वाले मोहित रोज बन जाते है। अब संसार के मोह से दूर होते हुए अपनी आत्मा के हित की चिंता करते हुए रोहित बनने का प्रयास करना है। ये पूरा संसार हमे मोहित बनाना चाहता है लेकिन परमात्मा और गुरु ही ऐसे है जो हमे मोहित से रोहित बना सकते है। भूतकाल में हम जो गलती कर चुके है। वर्तमान में उससे अनुभव लेकरए सीखकर अपने भविष्य को सुधारना है। अगर हम अपने अंतर्मन में रहे हुए विषयए कषायों रूपी समस्या को परमात्मा के या गुरु के सामने रख दे तो निश्चित ही उसका समाधान मिल सकता है। हमे अपने जीवन में एक परमात्मा और एक गुरु जरूर बनाना चाहिए। और उनके प्रति पूर्ण समर्पण का भाव होना चाहिए। जब परमात्माए गुरु और स्वयं में हम भेद नहीं करेंगे तो एक दिन ऐसा भी आयेगा जब तीनों की आत्मा भी एक जैसी हो जायेगी। ज्ञानी भगवंत कहते है दूसरो को कुछ भी देने का मन न हो वो कठोरता कहलाता है। दूसरो को देने का मन हो लेकिन दे ना सके वो कृपण होता है। जो देने के लिए हमेशा तैयार रहे और दे दे वो उदार कहलाता है। जो कुछ दिए बिना न रह पाए वो कोमल कहलाता है। आत्मा की दुकान का पर्युषण पर्व रूपी सीजन आने वाला है। इस सीजन का लाभ उठाने के लिए हमे पहले से तैयार हो जाना है। इस सीजन में हमे अपने संस्कारों और गुणों में वृद्धि करके आत्मा के विकास का लाभ कमाना है। अपने जीवन में करुणा भाव को इतना बढ़ाना है जिसके कारण संसार के सभी जीवों के प्रति हमारे मन में दया का भाव आ सके। हम संसार में स्वयं को सुखी करने के लिए दूसरो को बार बार दुखी करने से भी परहेज नहीं करते। इस दशा में हमारी सज्जनता समाप्त हो जाती है। ऐसी दशा में भी हम दूसरो से सज्जनता की अपेक्षा करते रहते है। अब प्रयास करना है स्वयं के सुख के लिए हम कभी दूसरो को दुखी नहीं करेंगे।

# विधायक चातुरी नंद कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव केना में हुई शामिल



पायनियर संवाददाता ≺ सरायपपाली
www.dailypioneer.com

हर साल की भांति इस साल भी अंचल के ग्राम केना में धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद कार्यम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण जी की पूजा अर्चना कर की गई। कार्यम को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि केना का जन्माष्टमी महोत्सव ना केवल सरायपाली क्षेत्र बल्कि पूरे प्रदेश में जाना जाता है। कार्यम के शानदार आयोजन के लिए समिति के सदस्य और ग्रामवासी धन्यवाद के पात्र है। उन्होंने ग्रामवासियों की मांग पर गांव में मंच निर्माण के लिए 2 लाख रूपये की राशि देने की घोषणा की। कार्यम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, रामदयाल पटेल, विधायक प्रतिनिधि मोहन भोई, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव सीता पटेल, दीपा बारीक, पूर्व नपा अध्यक्ष अमृत पटेल, पार्षद सुरेश भोई, विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, इंटक जिलाध्यक्ष संतलाल बारीक, सरपंच नरेश प्रधान, उप सरपंच जयप्रकाश पटेल, प्रभात पटेल, प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान,सुबोध गाडिया,हेमचंद हंसा, निर्मल बढ़ाई, ओम प्रकाश चौहान, जयंत यादव, दुष्यंत साहू, टिक्कू सिंह ठाकुर समेत क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# उमेश साहू ने दर्शनार्थियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर संवाददाता ≺ महासमुंद
www.dailypioneer.com



उमेश साहू भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने जनपद पंचायत धमतरी के सामने धमतरी विकासखंड के ग्रामीण एरिया के 26 तीर्थ यात्री जो अयोध्या में विराजित भगवान प्रभु श्री रामचंद्र जी के दर्शन यात्रा जो वर्तमान छत्तीसगढ़ में विष्णु देव सरकार की योजना के तहत जा रहे हैं उनको सुबह 7 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया साथ ही प्रभु श्री रामचंद्र जी के जयकारे और भारत माता की जयकारे के साथ सभी ने आनंदपूर्वक प्रस्थान किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित जनपद पंचायत धमतरी के कृषि सभापति पिंकू जागेंद्र साहू ने भी हरी झंडी दिखाई साथ ही दोनों ने सभी तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं भी दिए। उक्त कार्यक्रम में अपर कलेक्टर मरकाम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमतरी दीपक ठाकुर के अलावा जनपद पंचायत धमतरी के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# कृष्णा जन्माष्टमी का पर्व में विधायक एवं नपाध्यक्ष पहुंचे योगभवन

## दिव्य जीवन संघ की सराहना

पायनियर संवाददाता ≺ महासमुंद
www.dailypioneer.com



स्वामी शिवानंद योग भवन में कचहरी चौक में कृष्णा जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने पूरे उत्साह से कृष्णा बने। इस दौरान भजन-कीर्तन के साथ ओम नमः भगवते वासुदेव का जाप किया गया। इस दौरान भगवान कृष्ण के दर्शन के लिए दर्शनार्थी सुबह से ही योग भवन पहुंचते रहे। रात्रि 12 बजे तक चलता रहा। विधायक राजू सिन्हा भी योग भवन पहुंचकर कर कहा कि और भगवान कृष्ण के जन्म लीला के बारे में भक्तों को बताया गया। संध्या आरती के बाद भगवान के विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग भी योग भवन पहुंचकर आयोजनकर्त्ता को बधाई दी और कहा कि ऐसे धर्म के आयोजन से लोगो मे धर्म के प्रति लगाव बढ़ता हैं। इस अवसर पर दिव्य जीवन संघ के दौलत चंद्राकर, तारेंद्र चन्द्राकर, परमानंद दाऊलाल चन्द्राकर राम निवास चंद्राकर, लक्ष्मीनाथ चंद्राकर, देवेंद्र चन्द्राकर, नुकेश चंद्राकर, अमित चंद्राकर, डॉ रामकुमार चंद्राकर,प्रदीप चंद्राकर,मोनू नामदेव, शिवनाथ बोस, गौतम सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

# विहिप ने जन्माष्टमी पर मनाया स्थापना दिवस का 60 वां वर्ष

पायनियर संवाददाता ≺ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यकारिणी ने जिला मुख्यालय समेत भाटापारा सिमगा पलारी कसडोल समेत सभी प्रखंड एवं खंडों में संगठन की स्थापना का 60 वां वर्ष बड़ी धूमधाम से मनाया। विहिप जिलाध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने बताया की विश्व हिन्दू परिषद हिंदुओं के हित में कार्य करने वाला विश्व मे सबसे बड़ा हिंदूवादी संगठन है जिसकी स्थापना पूज्य स्वामी चिन्मयानंद जी के मुम्बई स्थित सांदीपनि आश्रम में 29 अगस्त 1964 को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हुई थी। तभी से संगठन के कार्यकर्ता प्रत्येक जन्माष्टमी पर स्थापना दिवस मानते हैं तथा इस दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है । इस वर्ष संगठन की स्थापना का 60 वर्ष पूर्ण होने पर विश्व भर में संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा इसे षष्ठिपूर्ति वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है जिसके निमित्त बलौदाबाजार नगर समेत जिलेभर मे कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य समाज को संगठन के कार्यो से अवगत कराना भी है संगठन का मुख्य उद्देश्य धर्मान्तरण को रोकना, धर्मान्तरित परिवारों की घरवापसी कराना, गौतस्करी गौहत्या पर नियंत्रण कर गौरक्षा करना, सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर इसके धार्मिक सामाजिक एवं वैज्ञानिक महत्व से मानव जाति को अवगत कराना, पिछड़े इलाकों में शिक्षा चिकित्सा के क्षेत्रों में सेवा कार्य करना इत्यादि शामिल हैं।अपने 60 वर्ष में विश्व हिंदू परिषद के लाखों लाख कार्यकर्ताओं ने तन मन धन समर्पित कर हिन्दू समाज के लिए कार्य किया है जिसके अंतर्गत धार्मिक यात्राएं संत समागम संत सम्मेलन विद्यालय चिकित्सालय का संचालन गौ संरक्षण संवर्धन के लिए गौशाला का संचालन, किन्ही कारणों या कुरीतियों के चलते समाज से दूर किये गए या दूर हुए हिंदुओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम संगठन के द्वारा बड़े स्तर पर किया गया विश्व हिंदू परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता चाहे वो श्री राम मंदिर से जुड़ा आंदोलन हो भूकम्प बाढ़ से पीड़ितों का सहयोग हो या कहीं भी किसी भी स्तर पर हिंदुओं के शोषण का मुद्दा हो हर परिस्थिति में राष्ट्र धर्म एवम समाज के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर और कई अन्य मामलों में प्रमुखता से आगे भी खड़ा रहा है और सदैव हिंदुओं के हितों के लिए संघर्ष करता रहेगा।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व प्रेम व सदभावना का प्रतीक : राहुल चंद्राकर

## चंद्रोदय पब्लिक स्कूल में धूमधाम से जन्माष्टमी पर्व का आयोजन



पायनियर संवाददाता ≺ महासमुंद
www.dailypioneer.com

स्थानीय चंद्रोदय पब्लिक स्कूल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण की पूजा एवं महाआरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंद्रनाहु शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, शिक्षण समिति के सचिव कमलेश चंद्राकर, प्राचार्य नवीन कुमार चंद्राकर एवं शिक्षकों द्वारा की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि चंद्रनाहु शिक्षण समिति अध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी प्रेम व सद्भावना का प्रतीक है। गोकुल में गोपिकाएं स्वयं चाहती थी कि भगवान उनके घर आएं और माखन खाए। प्रभु श्रीकृष्ण ने अपने बाल रूप में अपने भक्तों की सभी ईच्छाएं पूरी की। इस दौरान छोटे बच्चे राधा कृष्ण के मनमोहक रूप में सजकर स्कूल पहुंचे थे। साथ ही छात्र-छात्राओं ने सामूहिक नृत्य एवं भजन कर दही हांडी का कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें स्कूली बच्चों ने हांडी फोड़ी। पश्चात सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पूरा स्कूल गोकुल धाम की तरह लग रहा था। कार्यक्रम में समस्त शिक्षा स्टाफ छात्र-छात्राएं, कर्मचारी गण व शिक्षण समिति के पदाधिकारी व सदस्यों की उपस्थिति रही।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ ने दिया आवेदन

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर और कार्यक्रम अधिकारी को आवेदन दिए हैं जिसमे अपनी पीड़ा को व्यक्त करते हुए लिखे हैं कि भारतीय मजदूर संघ संबद्ध आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ जिला द्वारा सविनम्र निवेदन किया जाता है कि जिले में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उपरोक्त संदर्भित निर्देश पत्रों के माध्यम से विभागीय कार्य के अलावा अनेकों प्रकार की अतिरिक्त कार्य कराई जाती है, चूंकि वर्तमान में विभागीय सभी कार्य ऑनलाइन कराई जा रही इस परिस्थिति में और चुनाव की अतिरिक्त कार्य संदर्भित पत्र में बीएलओ ड्यूटी में सभी कार्यकर्ता बीएलओ को होम टू होम सर्वे का कार्य दिया गया है, जो की कार्यकर्ताओं के लिए कर पाना असम्भव सा है, नाम जोड़ने काटने सुधारने के अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग का सर्वे का कार्य भी दिया गया है सभी ऑनलाइन सर्वे का कार्य भी कार्यकर्ताओं को दिया आ रहा, रविवार को सभी के लिए शासकीय अवकाश होती है, कार्यकर्ताओं के लिए रविवार के दिन भी कार्य कराए जाते हैं 6 घंटे की जगह 12 घंटे कार्य कराया जाता है, विभागीय कार्य के साथ चुनाव का कार्य कार्यकर्ताओं के लिए सीमा से अधिक कार्य हो रहा है, जहां एक तरफ विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि का लिस्ट महतारी वंदन से लाभान्वित हितग्राहियों का लिस्ट बनाने का कार्य दिया जाता है तुरंत अतिरिक्त कार्य में ड्यूटी लगा दी जाती, चूंकि आंगनबाड़ी का समय 9:30 से 3: 30 होता जहां 3:30 के बाद बीएलओ का अतिरिक्त कार्य कर पाना संभव नहीं है, जिसके लिए विभागीय कार्यावधि कम की जाए या अतरिक्त कार्य से मुक्त किया जाए साथ ही केंद्र में कार्यकर्ता की कार्यों का उचित व्यवस्था करते हुए पत्र लिखित में निर्देश जारी किया जाए और अवकाश के दिन कोई भी विभागीय पा अतिरिक्त कार्य न कराई जाए, अतिरिक्त कार्य करते समय कार्यकर्ता की अनुपस्थिति में केंद्र में कोई अव्यवस्थता होती है उसके लिए कार्यकर्ता को जिम्मेदार न ठहराया जाए, साथ ही नेट चार्ज, बीएलओ ट्रेनिंग के लिए पात्रा भत्ता उपलब्ध कराई जाए या अतिरिक्त कार्य के लिए पंचायत विभाग से चयनित कर कराई जाए, इस तरह से कार्यकर्ताओं के अधिकारों का हनन, उनका शोषण किया जा रहा है ओ बंद किया जाए, यदि संघ के अनुरोध पर विचार नहीं किया गया तो आने वाले समय में इस विषय को लेकर संघ प्रदेश स्तरीय आंदोलन के लिए बाध्य होगा इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। संघ आपसे अपेक्षा करता है की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से विभागीय कार्यों के अलावा और अतिरिक्त कार्य न कराई जाए, अगर कराई जाती है उस स्थिति में कार्यकर्ता की विभागीय कार्यावधी कम की जाए ताकि आंगनबाड़ी सुचारू रूप से संचालित हो सके, हमारी इन सभी समस्यों पर तत्काल विचार किया जाए। संगठन भी राष्ट्र हित, उद्योग हित एवम कर्मचारी हितों से संबंधित समस्त मुद्दों पर यथासंभव प्रबंधन को सहयोग करते रहेगा।

# आयुक्त ने एसएलआरएम सेंटर का किया निरीक्षण कचरों के निष्पादन प्रक्रिया में तेजी लाने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा शहर में विशेष सफाई अभियान तेज कर दिया गया है।बुधवार सुबह आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बटालियन के करीब के जीरो वेस्ट सेंटर में साफ सफाई एवं डोर टू डोर कलेक्शन की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अमले के साथ पीआई यू कुणाल मौजूद थे। एसएलआरएम सेंटर में एकत्रित कर कचरों का पृथकीकरण के बाद सूखे कचरे से प्राप्त पॉलीथीन को बेलिंग मशीन से बंडल बनाकर निष्पादन हेतु भेजा जा रहा है।

इसी तरह गीले कचरो का पृथकीकरण के बाद एसएलआरएम सेंटर में सोनहा खाद बनाया जा रहा है। इसे खाद के रूप में प्रयोग किया जा रहा है।बता दे कि इस कार्य में तेजी आने के बाद अब निगम क्षेत्र में पॉलीथीन के कचरों का ढेर भी अब नजर नहीं आता। गौरतलब है कि निगम प्रशासन द्वारा संचालित एसएलआरएम सेंटर में संपूर्ण निगम क्षेत्र से भारी मात्रा में निकलने वाले कचरे को वहां एकत्रित करने के बाद सभी तरह के गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग किया जाता है। गीले कचरों को पृथक करने के बाद जैविक खाद बनाया जाता है, इसी प्रकार लोहा, टीना, प्लास्टिक, कांच,लकड़ी, व कपड़े के सूखे कचरे का पृथक किए जाने के बाद रिसायकल की प्रक्रिया के लिए भेजा जा रहा है। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान एसएलआरएम सेंटर में महिलाए कचरा छांटने का कार्य कर रही थी।आयुक्त ने कचरा सेग्रीकेशन कार्य की पूरी जानकारी,कर्मचारियों की संख्या और उनकी उपस्थिति तथा कार्य का निरीक्षण किया। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने सार्वजनिक स्थलों वार्ड की साफ -सफाई की व्यवस्था को देखा. लोगो से फीडबैक लिया कहा झाडू और नाली सफाई हो रही है और वार्डो के नालियों की साफ सफाई के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्रो में बेहतर सफाई के लिए संबंधित वार्ड के स्वच्छता निरीक्षक एवं सफाई दरोगा एवं वार्ड सुपरवाईजर को वार्डों एवं सड़कों में साफ सफाई को और बेहतर किया जा सके। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्थाओ को और भी बेहतर करें साथ ही डस्टबिन लगाते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक का भी प्रयोग किसी को नही करने दे।आयुक्त ने दुकानदारों को समझाइस देते हुए कहा कि नागरिको एवं दुकान के बाहर सफाई व्यवस्था बनाए रखें।

# एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुनकर शीघ्र निराकरण करने दिये निर्देश

- पेंडिंग अपराध व शिकायतों तथा वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों की समय सीमा में निराकरण करने दिये गये निर्देश

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) थाना अजाक पहुच कर निरीक्षण किया। एसपी महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान सभी स्टॉफ को निर्धारित एवं साफसुथरी यूनिफार्म धारण करने, हमेशा अनुशासन में रहने के संबंध में निर्देशित किया गया। साथ ही थाने में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुनकर शीघ्र निराकरण करने, महिलाओं व बुजुर्गो से अच्छा व्यवहार करने, थाना भवन व परिसर को साफ सुथरा रखने, पेंडिंग अपराध व शिकायतों तथा वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों की समय सीमा में निराकरण करने निर्देशित किया गया। तथा थाना की जरायम, शिकायत रजिस्टर, डियुटी रजिस्टर, राहत राशि रजिस्टर, रेल्वे वारंट, बस वारंट, आवक - जावक रजिस्टर थाना की अन्य रजिस्टर चेक किये। राहत राशि प्रकरण शीघ्र भेजने तथा यौन उत्पीडन/अन्य अपराधों से पीडित महिलाओं/उत्तरजीवियों के लिए क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत आने वाले अपराधों धारा के कारित होने पर राज्य/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रकरण प्रस्तुत कर पीडिता को न्याय और पीडित को पीडित क्षतिपूर्ति योजना का लाभ मिल सके। थाना में रिपोर्ट करने आये महिला आगंतुक / रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने करने निर्देश दिये गये। इस दौरान डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, निरीक्षक संतोषी ग्रेस, प्रधान आरक्षक सुशील वैष्णव, अनिल तिवारी, आरक्षक कमलेश ध्रुव, पाचीलाल साहू, कमलेश नवरत्न एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहें।

# शराब दुकान खुलने के विरोध मे गांव वाले हुवे आक्रोषित, गांव में निर्णय लेकर शिकायत करने पहुंचे कलेक्टर व सांसद के पास

पायनियर संवाददाता < पाटन
www.dailypioneer.com



ग्राम खर्रा के ग्रामीणों ने आज गांव के पास शराब दुकान खुलने की बात कि जैसे ही भनक लगी गांव के लोग इस पर रोक लगाने गांव मे बैठक कर सड़क कि लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया। बैठक पश्चात कलेक्टर, सासंद व सहायक आयुक्त, आबकारी विभाग, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन, तहसीलदार पाटन को ग्रामीणों ने मिलकर शिकायत की व अपनी मांग को रखते हुए आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से कहा कि यह शराब दुकान हमारे गांव के आसपास नहीं खुलना चाहिये। इस दौरान ग्राम अध्यक्ष रेखराम साहू, सचिव जनक वर्मा, सरपंच सुखित ठाकुर, उपसरपंच प्रभु धीवर, कुलदीप धर दीवाना, नीलकंठ साहू, ललित साहू, भजन लाल साहु, शोभा यादव, तीरथ साहू, अर्जुन साहू, पवन यादव, सत्तू यादव, सहित ग्रामीणों का कहना हैं कि खर्रा नाला के पास शराब कि दुकान खोलने कि तैयारी हैं जो कि यह ग्राम खर्रा से एक किलोमीटर दूर भी नहीं हैं अधिकारीयों के इस निर्णय से हमारे गांव के लोगो को काफी नुकसान हैं, गांव के छोटे छोटे बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है साथ ही गांव का माहौल खराब होगा। क्षेत्र मे दुर्घटना होने कि सम्भवना बढ़ जाएगी। वही बच्चों का स्कूल आने जाने का यह मुख्य मार्ग होने से बच्चों को स्कूल जाने आने मे काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ेगा। मांग पूरी नहीं हुई तो सड़क मे उतरेंगे ग्रामीण-ग्रामीणों का कहना हैं कि सरकार एक ओर नशे से दूर रहने कि बाते करता हैं और गांव मे शराब का नया दुकान खोलने की तैयारी कर रही हैं. इस गंदगी को हमारे गांव के आसपास आने नहीं देंगे। इसको हटाने के लिए सभी ग्रामीण सड़क कि लड़ाई भी लड़ने को तैयार हैं।

# पीएम जनमन योजना अंतर्गत तोरण लाल कमार पीएम आवास, मनरेगा कार्ड, वन पट्टा से हुए लाभान्वित

- शासन की सुविधाओं का मिल रहा लाभ, 29 अगस्त को 21 गांवों में लगेगी शिविर

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम- जनमन) के अंतर्गत जिले में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जिले के 199 विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों में किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से पीवीटीजी कमार सदस्यों को मूलभूत सुविधाओं राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम आवास, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वन अधकार पट्टा एवं पीएम किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। ग्राम कांटीदादर के रहने वाले तोरण लाल कमार पीएम जनमन योजना के तहत विभिन्न शासकीय सुविधाओं से लाभान्वित हुए है। उन्होंने बताया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत पिछड़ी जनजाति सदस्यों को मूलभूत सुविधओं का लाभ मिल रहा है। इसी के तहत उनका आाधार कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम जनमन आवास, किसान सम्मान निधि एवं वन अधिकार पट्टा बन चुका है। साथ ही उनके परिवार के विवाहित महिला सदस्यों को महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है। शासन की सुविधाओं से लाभान्वित होने पर कमार सदस्य तोरण लाल ने खुशी जताते हुए शासन-प्रशासन का आभार जताया।

# स्वच्छता मापदण्डो के विपरित कार्य करने वाले व्यापारियो पर 23050 रूपये की गई चालानी कार्यवाही




पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र के दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें जोन क्षेत्र के 16 दुकानो पर खादय पदार्थ, स्ट्रीट फूड, गुमस्ता लाईसेंस एवं सिंगल युज प्लास्टिक की जॉच की गई। दुकानदारो के पास जॉच के दौरान सिंगल युज प्लास्टिक मिलने पर उनके खिलाफजुर्माने की कार्यवाही भी की गई। इन प्रमुख बाजारो में कार्यवाही की गई जवाहर मार्केट, सकुर्लर मार्केट, फल मार्केट, सब्जी मार्केट, मटन मछली मार्केट, लिंक रोड पर सिंगलयुज प्लासिटक एवं चालानी कार्यवाही करते हुए 600 रूपये जुर्माना लगाया गया। गंदगी फैलाने वालो पर 20700 जुर्माना लगाया गया। खाद पदार्थ गुणवत्ता की जॉच 6 दुकानो से 750 रूपये का अर्थदण्ड। वायु प्रदुषण फैलाने वाले घरेलू उद्योगो पर 1000 रूपये अर्थदण्ड कुल 23050 रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। कुल 117 व्यापारियो पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह, जोन के स्वच्छता निरीक्षक विरेन्द्र बंजारे, पर्यवेक्षक सुरेश पटेल, बिरबल भारती, जयंत मेश्राम, एस पपईया, रंगबादुर सोनी, एस. विनोद, हेमकुमार, यशकुमार आदि उपस्थित रहे।

# सफाई नहीं तो हर निरीक्षण में एक हजार फाईन स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए जुटा रिसाली निगम

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com



सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों का रख रखाव और सफाई ठीक नहीं होने पर एजेंसी पर 1000 फाईन लगेगा। यह राशि एजेंसी को तब-तब देनी होगी जब-जब निरीक्षण होगा। इसी तरह डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा मिलने पर सफाई कार्य करने वाली एजेंसी के देयक राशि में नियमानुसार कटौती की जाएगी। स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्देश दिए है। इसी परिपेक्ष्य में नगर पालिक निगम रिसाली के मुख्य कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे ने सफाई दरोगा, प्लेसमेंट सुपर वाइजर, स्वच्छता श्रृंगार के तहत कार्य करने वाली एजेंसी और सफाई ठेकेदारों की बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वच्छता श्रृंगार के तहत सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय संचालित करने वाले एजेंसी की जिम्मेदारी बढ़ गई है। एजेंसी को शौचालय के रख रखाव से लेकर सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना होगा। अधिकारी निगम क्षेत्र के 27 शौचालयों को लगातार निरीक्षण करेंगे। अगर निरीक्षण में खामी मिली तो प्रत्येक निरीक्षण के हिसाब से 1000 कटौती की जाएगी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार समेत पी.आई.यू. आकाश मिश्रा व विजय कश्यप विशेष रूप से उपस्थित थे।

**सफाई ठेकेदारों पर भी नजर-** कार्यपालन अभियंता ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर रिसाली नगर पालिक निगम गंभीर है। सफाई ठेकेदार अपने कर्मचारियों से ईमानदारी पूर्वक कार्य ले। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन गीला-सूखा कचरा अलग लेकर एस.एल. आर.एम. में डंप करे। सार्वजनिक जगह में कचरा डंप न करने दे। अन्यथा अनुबंध में उल्लेख नियमों के तहत देयक राशि में कटौती की जाएगी। साथ ही एजेंसी को व्यवसायिक क्षेत्र की लचर सफाई व्यवस्था को सुधारने कहा है।

**रेड और यलो प्वाइंट पर होगी कार्रवाई-** जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी रेड और यलो प्वाइंट पर विशेष निगरानी रखेंगे। सार्वजनिक जगहों पर थूकते पाए जाने या फिर सार्वजनिक जगह पर खुले में पेशाब करते पाए जाने पर जुर्माना वसूल की कार्रवाई करेंगे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर समीक्षा बैठक




पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में तीसरा फेस स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर समीक्षा बैठक बुलाई गई। भिलाई के सभी वार्डो में साफ-सफाई को विशेष ध्यान में रखते हुए कार्य कराया जाना है। इसके लिए वार्ड अनुसार नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। प्रत्येक जोन में स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु जोन स्तर पर भी नोडल अधिकारी नियुक्त किये है। प्रत्येक जोन के जोन स्वास्थ्य अधिकारी, जोन के सुपरवाइजर, स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए दिये गये मापदण्डो के अनुरूप कार्य करवायेगें। स्वास्थ्य अधिकारी सभी को मॉनिटरिंग करेगें, प्रत्येक गतिविधियो की रिपोर्ट आयुक्त को देगें। भिलाई को नम्बर 1 बनाने के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण में विभिन्न प्रकार के स्वच्छता गतिविधियो से ही नम्बर 1 बनाया जा सकता है। प्रत्येक गतिविधि के लिए अलग-अलग मार्किंग शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। सिटीजन फिट बैक में 600 का मार्क है, ब्राण्ड एमबेसडर में 30 का मार्क है। शहर में पुरूष एवं महिलाओ द्वारा स्वच्छता क्षेत्र में किये गये अच्छे कार्यो के लिए स्वच्छता चैम्पियन में 25 मार्क, हाउसिंग एवं अर्बन एफियर्स में चलाये गये कैपेन में 100 मार्क, सिंगलयुज प्लास्टिक अभियान में 50 मार्क। ऑन साइड वेट वेस्ट प्रोसेसिंग होम कम्पोस्टिग में 70 मार्क। शिकायतो का निराकरण स्वच्छता एप एवं लोकल एप में 100 मार्क । प्रति माह सफाई के पैमाने पर वार्डो की रैकिंग स्वच्छ वार्ड रैकिंग 320 मार्क। इस प्रकार सफाई के विभिन्न गतिविधियों पर स्वच्छ सर्वेक्षण में मार्किग होगा। स्वच्छ सर्वेक्षण के अतिरिकत विभिन्न शिकायतो का निराकरण, राजस्व वसूली, अवैध कब्जा रिक्त, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, निर्माण, मौसमी बिमारियो से बचाव हेतु किये जा रहे उपायो आदि के बारे में समीक्षा की गई। आयुक्त ने सभी अधिकारी कर्मचारियो से समन्वय बनाकर मिलकर कार्य करने को कहा। प्रत्येक कार्य के लिए जनप्रतिनिधियो, वार्ड पार्षदगण, वरिष्ठ नागरिक, स्व सहायता समूह के सदस्यो, मितानीनो, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चेम्बर के पदाधिकारियो, गणमान्य नागरिको आदि सभी से सहयोग लेना है।

**बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में अफसर शाही का मामला**

# भाजपा के बड़े नेता कांग्रेस शासन काल के अफसरों का स्वीकार रहे अभिवादन

- अंततः 8 माह बाद भाजपा सामरी विधायक उडेश्वरी पैकरा का फूटा गुस्सा

पृथ्वीलाल केशरी < बलरामपुर
www.dailypioneer.com




बलरामपुर जिले में अफसरशाही को लेकर भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता से लेकर छोटे नेता तक कांग्रेस शासन काल में मीडिया के माध्यम से उन्हें बेहतर कार्य करने के लिए नसीहत देते रहे और उनको अपने शासनकाल आने के बाद देख लेने की भी बात कही थी। लेकिन वहीं उन्ही अफसर को अपना बेहतर से बेहतर सहयोगी मानकर मुस्कुराते हुए उनसे गुलदस्ता लेकर उनका अभिवादन स्वीकार कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि जिन अवसरों पर कांग्रेस शासन काल में भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता केंद्रीय राशि का दुरुपयोग करने का आरोप लगा रहे थे, आज वही अफसर उनके लिए बेहतर कैसे हो गए? छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिलों में आम जनता के बेहतर सुविधा के लिए पूरे सिस्टम को बदल दिया गया, लेकिन बलरामपुर जिले मे आज भी कांग्रेस शासन काल के अफसर जमे हुए हैं और अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद भी बलरामपुर जिले में आज भी कांग्रेस शासन काल का बू आ रहा है? जिले की जनता परिवर्तन के लिए अपना मत देकर मोदी की गारंटी पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक को चुना था लेकिन उन्हें क्या मालूम था कि पहले से भी व्यवस्था बद से बत्तर हो जएगी। शायद यही वजह है कि भारतीय जनता पार्टी के समरी विधायक उडेश्वरी पैकरा का आठ माह बाद गुस्सा फूट पड़ा और सार्वजनिक मंच से उन्होंने अपनी अंदर की भड़ास निकालने के लिए मजबूर हो गई। बलरामपुर जिले में अफसरशाही को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन काल में जो होता था वह अब नहीं चलेगा। इसके बाद से राजनीति गलियारों में चर्चाओं की जंग छिड़ी हुई है और लोग कई तरह की बातें कर रहे हैं।

**जिले में अफसरशाही का क्या है पूरा मामला-** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। शांत और सौम्य छवि की विधायक उद्धेश्वरी पैकरा को पहली बार अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए देखा और सुना जा सकता है। प्रसारित वीडियो में करोड़ों के विकास और निर्माण कार्यों के भूमिपूजन तथा लोकार्पण कार्यक्रम में विभागीय तौर पर आमंत्रण नहीं मिलने से विधायक नाराजगी जता रही हैं। प्रसारित वीडियो में मंच पर सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज भी नजर आ रहे हैं। चिंतामणि महाराज पहले सामरी क्षेत्र से ही कांग्रेस के विधायक हुआ करते थे। वीडियो में विधायक यह कहती हैं कि पहले की सरकार में जैसा चलता था अब वैसा नहीं चलेगा। जिले के कुसमी विकासखंड में चार करोड़ से अधिक के विकास और निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिले में सबसे शांत स्वभाव के हंसमुख चेहरा वाली नेता एवं विधायक उडेश्वरी पैकरा का पहली बार इतना कड़ा तेवर के साथ अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए देखा गया। इसका मतलब है कि बलरामपुर जिले में कांग्रेस शासन काल के अफसर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद भी अफसरशाही आज भी हावी है।

**दो विभाग करा रहे थे भूमिपूजन और लोकार्पण-** स्वास्थ्य विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के विकास और निर्माण कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण का कार्यक्रम था लेकिन इन दोनों विभागों के अधिकारियों ने विधायक को कार्यक्रम आयोजन की किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं दी थी। एसडीएम कुसमी की ओर से मिली सूचना के बाद विधायक इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थी। उद्बोधन के दौरान नाराज विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि विभागीय अधिकारियों ने इतने बड़े कार्यक्रम की सूचना तक उन्हें नहीं दी। सामरी विधानसभा में प्रोटोकाल के हिसाब से विधायक को सूचना मिलनी चाहिए थी। एसडीएम कुसमी ने जरूर उन्हें कार्यक्रम की सूचना देकर आमंत्रित किया लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं देने पर विधायक विफर पड़ी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पहले की सरकार में जैसा चलता था अब वैसा नहीं चलेगा। उन्होंने अधिकारियों को अपने कार्य व्यवहार में सुधार लाने की नसीहत दी। जब विधायक अपना संबोधन दे रही थी, उस दौरान सांसद चिंतामणि महाराज के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी भी मंच पर ही उपस्थित थे।

**ग्रामीणों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुने अफसर** विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को भी जनता के हितों का ख्याल रखने की नसीहत दी। उन्होंने एसडीएम कुसमी तथा पुलिस अधिकारियों से कहा की दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना जाना चाहिए। ग्रामीणों को बार-बार किसी मांग अथवा समस्या को लेकर मुख्यालय कुसमी तक आना ना पड़े इसका ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने पुलिस और राजस्व विभाग के एसडीएम को ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण में प्राथमिकता से निर्णय लेने का निर्देश दिया।

**अपने लोगों ने ही नेताम का जलाया था पुतला-** बलरामपुर में हुए दोहरे हत्याकांड को लेकर भारतीय जनता पार्टी के अभिन्न अंग कहे जाने वाले बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के लोग अपने कार्रवाई के मांग को लेकर विगत कई दिनों से हमलावर थे। जिन्हें जिले के अफसर इस मामले में आंदोलनकारी को संतुष्ट नहीं कर सके और ना हीं कोई ठोस पहल की।

वहीं रामानुजगंज विधानसभा के कोई नेता या पदाधिकारी ने भीं कोई पहल नहीं की और जब राम विचार नेताम का उक्त संगठनों ने पुतला दहन कर दिया तो वही नेता और पदाधिकारी अपनी डुग्गी ड्रामा शुरू कर 50 तरह के बयान बाजी करवाने लगे और उस बयान की काफी सोशल मीडिया में डालने लगे जिले की जनता इस बात पर विचार कर रही थी कि यदि किसी नेता या पदाधिकारी ने पहले पहल की होती तो शायद राम विचार नेताम का पुतला दहन नहीं होता और ना ही पूरे प्रदेश में जो साख बट्टा लगा शायद नहीं लगता?

## संपादकीय

### काहिरा वार्ता शांति की आशा

**काहिरा वार्ता** से युद्धरत गाजा में शांति की आशा पैदा हुई है। गाजा में लगातार जारी युद्ध के दौरान वार्ताकार इस सप्ताहान्त गाजा में एकत्र हुए। उनका उद्देश्य युद्धविराम सुनिश्चित करने के लिए वार्ता करना था। यह वार्ता महत्वपूर्ण समय पर हो रही है क्योंकि हमास और इस्राइल के बीच टकराव दसवें महीने में प्रवेश कर गया है। वर्तमान समय में जारी युद्ध के बावजूद उम्मीद है कि निकट भविष्य में शांति स्थापना संभव है, हालांकि अनेक बाधायें बनी हुई हैं। युद्ध के कारण गाजा खंडहरों में बदल गया है और असाधारण मानवीय संकट पैदा हुआ है। इस टकराव के कारण गाजा की पूरी जनसंख्या कम से कम एक बार विस्थापित हुई है और स्थाई शांति लाने के लिए अब तक युद्धविराम प्रयास विफल हुए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, मिस्र और कतर के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय समुदाय अंततः वार्ता कराने में सफल हुआ है ताकि वर्तमान समय में जारी हिंसा समाप्त हो सके। हिंसा की छाया में हो रही काहिरा वार्ता टकराव समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है। लेकिन वार्ता इस तथ्य से जटिल हो जाती है कि हमास ने एक प्रतिनिधिमंडल काहिरा भेजने के बावजूद कहा है कि वह सीधे वार्ता में भाग नहीं लेगा। इसके बजाय उम्मीद है कि हमास प्रतिनिधिमंडल मिस्र के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलेगा और वार्ता की प्रगति पर जानकारी प्राप्त करेगा। हमास लगातार गाजा से इस्राइली सैनिकों की पूर्ण वापसी की मांग कर रहा है जिसमें गाजा-मिस्र सीमा पर स्थित 'फिलाडेल्फी कारीडोर' भी शामिल है। यह चर्चा में विवाद का प्रमुख विषय है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू का अपना दृष्टिकोण है और वे सीमाओं से सैनिकों की वापसी के पक्ष में नहीं हैं।



वर्तमान वार्ता का आधार अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा 31 मार्च को पेश एक योजना है जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने स्वीकार किया है। इस योजना में तीन-चरणों वाली प्रक्रिया शामिल है जिसकी शुरुआत पूर्ण युद्धविराम से होगी। इसके दौरान इस्राइली जेलों में बंद फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में इस्राइली बंधकों की वापसी होगी। योजना पर हमास नेतृत्व की शुरुआती सहमति के बाद, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू ने कुछ आपत्तियां प्रकट की हैं। वे गाजा-मिस्र सीमा पर इस्राइली सैनिकों की उपस्थिति बनाए रखना चाहते हैं। उनका तर्क है कि यह हमास को पुनः हथियारबंद होने से रोकने के लिए जरूरी है। अमेरिका, इस्राइल और हमास के बीच खाई पाटने के लिए नए प्रस्ताव तलाश रहा है। वार्ता की सफलता इस बात पर निर्भर है कि अमेरिका समझौता स्वीकार करने के लिए नेतनयाहू पर दबाव डालने में सफल होता है या नहीं। इस बीच गाजा में युद्ध जारी है। इस्राइली हवाई हमलों तथा तोपखाने की गोलाबारी में पूरा क्षेत्र तबाह हो गया है और हाल में दर्जनों सिविलियनों के हताहत होने की खबरें आई हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने इस्राइली सैनिक कार्रवाई तेज होने के बाद डेर-अल-बालेह व खान यूनिस जैसे क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर पलायन की खबरें दी हैं। गाजा में मानवीय संकट गंभीर बना हुआ है तथा रोज सुरक्षा की तलाश में दर्जनों परिवार पलायन कर रहे हैं। इस्राइल व गाजा के निवासी रक्तपात समाप्त करने के पक्ष में हैं। इस्राइल में जारी विरोध प्रदर्शनों में हजारों लोग बाकी बंधकों की रिहाई के लिए समझौता करने का आह्वान कर रहे हैं। इस्राइल और हमास के बीच गाजा में शांति का रास्ता चुनौतियों से भरा है। आने वाले दिन यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण होंगे कि इस क्षेत्र में स्थाई रूप से युद्धविराम लागू हो।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति

**पांच ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भारत को उच्च वृद्धि दर बनाए रखनी होगी। लेकिन जटिल सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य के कारण चुनौतियां बनी हुई हैं।**



**बी. के. झा**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



अर्थशास्त्रियों के बीच चर्चा में आमतौर से कहा जाता है, 'जब छः अर्थशास्त्री किसी विषय पर चर्चा के लिए एकत्र होते हैं तो उनके बीच सात दृष्टिकोण सामने आते हैं।' यह कहावत अक्सर आर्थिक विमर्श में आने वाले विचारों की विविधता को अभिव्यक्त करती है। हालांकि, अर्थशास्त्री आमतौर से जीडीपी, मुद्रास्फीति व अवमूल्यन दरों की बात करते हैं, पर उनके अनुमान अक्सर असली दुनिया की राजनीतिक जटिलताओं तथा सामाजिक परिवर्तनों का अति-सरलीकरण कर देते हैं। वास्तव में अधिकतम तार्किक आर्थिक पूर्वानुमान भी राजनीतिक यथार्थ की अभूतपूर्व परिवर्तनशील प्रकृति और व्यापक सामाजिक-आर्थिक संदर्भों के कारण गलत हो सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष, अन्य बड़े वित्तीय संस्थानों के अर्थशास्त्रियों तथा यहां तक कि सरकार की सेवा करने वाले प्रमुख विशेषज्ञ भारत की 'प्रगति गाथा' के बारे में अलग-अलग नतीजे निकालते हैं।

नवीनतम दो अनुमानों में नरेन्द्र मोदी सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति वेंकट सुब्रमणियन और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ के भारत के वर्तमान कार्यकारी निदेशक का कहना है कि भारत वर्ष 2047 तक 55 ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त कर लेगा। अर्नेस्ट एंड यंग ने अनुमान लगाया है कि भारत 2047 तक 26 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनेगा, इसे देखते हुए सुब्रमणियन का 55 ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का अनुमान ज्यादा आशावादी लगता है। भारतीय अर्थव्यवस्था की परिवर्तनशील प्रकृति को देखते हुए यह कहना कठिन है कि कौन सा अनुमान यथार्थवादी है क्योंकि यहां अनेक सामाजिक-आर्थिक कारण तथा राजनीतिक शक्तियां एकसाथ काम कर सकती हैं। सुब्रमणियन ने अपनी नई पुस्तक 'इंडिया 100: इन्विजनिंग टूमारोज़ इकोनोमिक पावरहाउस' में एक आशावादी अनुमान लगाया है। हाल ही में केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में आयोजित 'एसोचैम' के आयोजन में इसे जारी किया। पुस्तक में अनुमान लगाया गया है कि भारत 2047 तक 55 ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य प्राप्त कर लेगा। महत्वाकांक्षी होने के बावजूद सुब्रमणियन का तर्क भारतीय अर्थव्यव्था के मार्ग तथा उच्च वृद्धि दर बनाए रखने वाली नीतियों के समग्र विश्लेषण पर आधारित है।

भारत में ऐतिहासिक मुद्रास्फीति दरों, मुद्रा के अवमूल्यन तथा हालिया आर्थिक नीतियों को देखते हुए इस महत्वाकांक्षी अनुमान के पीछे छिपे तर्क तलाशना कठिन नहीं है। उन्होंने उचित ही जोर दिया है कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत को 8 प्रतिशत की वृद्धि दर तथा लगभग 5 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर बनाए रखनी होगी।

ऐतिहासिक रूप से डालर की तुलना में भारतीय रुपये की अवमूल्यन दर 3 से 3.5 प्रतिशत के बीच बनी हुई है जिसका कारण भारत की उच्च मुद्रास्फीति दर है। सुब्रमणियन का अनुमान है कि 2016 का मुद्रास्फीति लक्ष्य बनाए रखते हुए भारत की मुद्रास्फीति औसतन 7 प्रतिशत रहेगी जिससे अवमूल्यन दर अधिक होगी। लेकिन मुद्रास्फीति और आर्थिक स्थायित्व को देखते हुए भारत की मुद्रास्फीति दर घट कर लगभग 5 प्रतिशत पर आ गई है, जबकि कोविड-19 और यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया को आर्थिक झटके लगे हैं। हालांकि, निवेश दूना होने के 'नियम 72' के अनुसार भारत की आर्थिक प्रगति के समक्ष कुछ सीमायें हैं। सुब्रमणियन के अनुसार, यदि भारत की वास्तविक वृद्धि दर 7 प्रतिशत और मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत पर बनी रहे तो रुपये में यह वृद्धि दर लगभग 12 प्रतिशत होगी। 3 प्रतिशत के ऐतिहासिक अवमूल्यन दर को देखते हुए डालर के अनुसार वृद्धि दर लगभग 9 प्रतिशत होगी और इससे अर्थव्यवस्था का आकार हर आठ साल में दूना हो जाएगा। इससे 2047 तक भारत की जीडीपी 26 ट्रिलियन डालर होगी।

लेकिन सुब्रमणियन का तर्क है कि बेहतर मुद्रास्फीति लक्ष्य को देखते हुए मुद्रास्फीति तथा अवमूल्यन दरों में कमी आएगी और इससे भारतवर्ष रुपये में 13 प्रतिशत तथा डालर में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर प्राप्त कर सकेगा। इससे अर्थव्यवस्था हर 6 साल में दूनी होगी और वह 2047 तक 55 ट्रिलियन डालर की हो जाएगी। अनेक अर्थशास्त्रियों व विशेषज्ञों के अनुसार ये अनुमान यथार्थ से परे लगते हैं क्योंकि राजनीतिक यथार्थ को देखते हुए अगले बीस साल के मैक्रोइकोनोमिक परिदृश्य का अनुमान लगाना बहुत कठिन है। इसमें राजनीतिक स्थायित्व महत्वपूर्ण संचालक शक्ति की भूमिका अदा करेगा, लेकिन यदि भारत की वर्तमान स्थिर गठबंधन सरकार अपनी शक्ति खो देती है तो पूरी आर्थिक यात्रा का मार्ग कठिन हो जाएगा। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इससे असहमत हो सकते हैं क्योंकि उन्होंने पुस्तक प्रस्तुतीकरण आयोजन में इस तथ्य पर जोर दिया कि भारत में वर्तमान स्थिर राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए यह लक्ष्य यथार्थवादी लगता है। उन्होंने जोर दिया कि गठबंधन राजनीति में भी साहसी निर्णय लेना आर्थिक सुधार जारी रखने का प्रमुख तत्व है। गोयल ने राजनीतिक स्थायित्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी-भाजपा की प्रभुत्वकारी स्थिति बनी हुई है और इससे दीर्घकालीन आर्थिक नियोजन का परिवेश बनता है।

उन्होंने संकेत किया कि पिछले आम चुनाव में भाजपा की जिन सीटों पर पराजय हुई, वह 30,000 वोट से कम थी। इससे स्पष्ट होता है कि उसका मजबूत जनाधार बना हुआ है। गोयल के अनुसार यह राजनीतिक परिदृश्य अगले दो दशकों और उसके बाद तक साहसी आर्थिक सुधार बनाए रखने के लिए जरूरी है। यह स्वीकार किया जाता है कि ये महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मजबूत आर्थिक नीतियां जरूरी हैं। इनमें खासकर औपचारीकरण, खोज व उद्यमिता को प्रोत्साहित करने वाली नीतियां महत्वपूर्ण हैं। भारत का अनौपचारिक क्षेत्र अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा है, पर वह औपचारिक क्षेत्र की तुलना में कम उत्पादक है। डिजिटल ढांचे के माध्यम और नियामक सुधारों द्वारा औपचारीकरण को बढ़ावा देना उत्पादकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।

इसके साथ ही उद्यमिता एवं खोज का बहुत महत्व है। 2014 के बाद से भारत में नई फर्मों के गठन में तेजी आई है। इससे देश वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी उद्यमी परिस्थितिकी तंत्र वाला देश बन गया है। उद्यमिता से न केवल नई फर्मों में उत्पादकता बढ़ती है, बल्कि इससे नई फर्मों को खोज का प्रोत्साहन मिलता है। इससे समग्र आर्थिक प्रगति को बढ़ावा मिलता है। सुब्रमणियन के दृष्टिकोण का एक प्रमुख स्तंभ 'नैतिक संपदा सृजन' है। उनके विचार से यह बड़े और समृद्ध मध्य वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभवों का वर्णन तथा व्यापक अर्थव्यवस्था का विष्लेषण करते हुए इस अवधारणा का खंडन किया है कि संपदा सृजन और रोजगार परस्पर विरोधी शक्तियां हैं। उनका तर्क है कि संपदा सृजन से काफी रोजगार सृजन होता है, उच्च वेतन देने की संभावना बनती है तथा समग्र आर्थिक कल्याण में योगदान मिलता है। नैतिक संपदा सृजन अतीत में 'क्रोनी कैपिटलिज्म' की प्रतिक्रिया से पैदा हुआ है जो आर्थिक वृद्धि रोकने तथा व्यवस्थागत अक्षमता को जन्म देने का काम करता था। एक पारदर्शी और न्यायोचित बिजनेस परिवेश प्रोत्साहित कर भारत यह सुनिश्चित कर सकता है कि संपदा सृजन का लाभ व्यापक समाज तक पहुंचे।

इससे सामाजिक व आर्थिक समावेशन को बढ़ावा मिलेगा। कुछ अर्थशास्त्री 55 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को जटिल वैश्विक व घरेलू आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए काल्पनिक मान सकते हैं। लेकिन भारत की अंतर्निहित आर्थिक शक्ति तथा दृढ़ता को देखते हुए स्वतंत्रता के 100 वर्ष बाद भारत की आर्थिक प्रगति का लक्ष्य यथार्थ लगता है। घरेलू निवेश एवं निर्यात को प्रोत्साहन जैसी उचित नीतियों को आगे बढ़ाने से भारत अनेक चुनौतियों का मुकाबला कर आगे बढ़ सकता है। वर्तमान समय में भारत नए आर्थिक युग के प्रवेश द्वार पर है। ऐसे में भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ दुनिया की प्रमुख आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में भारत को आगे बढ़ा रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ में सुशासन के 8 माह - विष्णु के सुशासन से संवर रहा है छत्तीसगढ़

**छगन लोन्हारे**
उप संचालक, रायपुर

छत्तीसगढ़ में नई सरकार की कमान संभालते ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य के अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही वंनाचलों में विकास की रोशनी पहुंचाने, प्रशासन में पारदर्शिता और सुशासन लाने के लिए पहल शुरू की है। बस्तर अंचल के अंदरूनी क्षेत्रों में नए कैम्पों का विस्तार किया जा रहा है। 'नियद नेल्लानार' योजना शुरू की गई है। इस शब्द का आशय 'आपका अच्छा गांव'। विशेष पिछड़ी जनजातियों के हितग्राहियों के लिए आरंभ की गई। 'पीएम जनमन योजना' की तरह इस योजना से कैम्पों के निकट पांच किलोमीटर की परिधि के गांवों में 17 विभागों की 53 हितग्राही मूलक योजनाएं एवं 28 सामुदायिक सुविधाओं का लाभ वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को दिया जा रहा है।

इस पहल का ही परिणाम है कि राज्य की जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दी गारंटी का तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है। मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य की बागडोर संभालते ही राज्य में फिर से विकास के लिए नया वातावरण बना है। साय का मानना है कि लोकतंत्र का मूलमंत्र सुशासन है। सुशासन के बिना सच्चे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती।

प्रदेश सरकार ने भूमिहीन किसानों को दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत 10 हजार रूपए वार्षिक सहायता राशि देने का निर्णय लिया है। अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डधारी 68 लाख परिवारों को अगले 05 सालों तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण का निर्णय प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया है। प्रदेश सरकार ने अपने वायदों को पूरा करते हुए किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ की मान से धान खरीदी की। प्रदेश में रिकार्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई। प्रदेश में कृषि हितैषी नीतियों की वजह से खेती-किसानी में रौनक लौट आई है और किसानों के चेहरों पर मुस्कान नजर आ रही है।

सौम्य सरल व्यक्तित्व के धनी मुख्यमंत्री साय ने राज्य की बागडोर संभालते ही उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दी गई गारंटी पर काम करना शुरू किया और मात्र 8 माह में ही अधिकांश गारंटियों को पूरा कर दिखाया। इतने कम समय में जनता को दी गई गारंटी को पूरा करने के लिए यह उनकी प्रशासनिक कुशलता और सफल नेतृत्व का द्योतक है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 8 माह की अल्पावधि में कई जन हितकारी फैसलों को समाज के हर वर्ग की तरक्की और खुशहाली अनेक कदम उठाए गए हैं। सरकार की लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास ध्येय वाक्य को लेकर जनता की दिन-रात सेवा कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार ने एक और गारंटी को पूरा करने के लिए महतारी वंदन योजना की शुरूआत की। छत्तीसगढ़ को गढ़ने और संवारने में मातृशक्ति की अहम भूमिका है। महतारी वंदन योजना से प्रदेश की लगभग 70 लाख महिलाओं को लाभ मिल रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी के जन्म दिवस सुशासन दिवस 25 दिसम्बर को राज्य के लगभग 13 लाख किसानों के बैंक खातें में 2 साल के धान का बकाया बोनस 3 हजार 716 करोड़ रूपए की अंतर राशि अंतरित की गई।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। मुख्यमंत्री ने मोदी की इस गारंटी पर त्वरित अमल करते हुए पिछले सरकार के कार्यकाल में राज्य सिविल सेवा परीक्षा (पीएससी) 2021 में हुई गडबड़ी और अनियमितता की जांच का काम सीबीआई को सौंप दिया है। राज्य सरकार ने जनहित को देखते हुए महादेव सट्टा एप केस भी सीबीआई को सौंपा। इसके अलावा बेमेतरा जिले के बिरनपुर प्रकरण की भी सीबीआई जांच कराने का भी निर्णय लिया है। विष्णु देव सरकार ने मोदी की गारंटी के अनुरूप रामलला दर्शन योजना शुरूआत की है। भारत में अपने आप में यह एक अनूठी और अनुकरणीय योजना है। इस योजना में श्रद्धालुओं को सरकारी खर्च में अयोध्या धाम का दर्शन कराया जा रहा है। प्रभु राम का ननिहाल छत्तीसगढ़ माना गया है। इस कारण वे हमारे लिए और अधिक पूजनीय है। अपने भांचा राम के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ का हर नागरिक उत्सुक है। मुख्यमंत्री साय ने शपथ के कुछ ही घंटो के भीतर 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के आवास दिए जाने का निर्णय लिया। सबको आवास के साथ ही सबको शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने प्रधानमंत्री मोदी ने जल जीवन मिशन प्रारंभ किया है। प्रदेश में इसके क्रियान्वयन के लिए 4 हजार 500 करोड़ रूपए का बजट रखा है। छत्तीसगढ़ में 50 लाख ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया था। इसमें से 39 लाख 31 हजार परिवारों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। प्रदेश में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ ही शहीद वीरनारायण सिंह स्वास्थ्य योजना लागु करने का निर्णय लिया गया है। इन दोनों योजनाओं से छत्तीसगढ़ के 77 लाख 20 हजार परिवारों को 5 लाख रूपए तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। प्रदेश सरकार ने राज्य में तेंदूपत्ता संग्राहकों की पारिश्रमिक दर को 4000 रूपए प्रतिमानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रूपए कर दिया है। इस साल 13 लाख 5 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों को 855 करोड़ 80 लाख रूपए का भुगतान किया गया है।

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग द्वारा नई दिल्ली में संचालित यूथ हॉस्टल में यूपीएससी की तैयारी के लिए अभ्यर्थियों को लिए सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 185 कर दी गइ है। राजधानी रायपुर के नालंदा परिसर की तरह प्रदेश के 13 और नगरीय निकायों में सर्व सुविधा युक्त लाईब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने मेडिकल शिक्षा का लगातार विस्तार किया जा रहा है। संभाग स्तर पर एम्स की तर्ज पर छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (सीआईएमएस) आरंभ करने का निर्णय लिया गया है। युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार प्रदान करने और अर्थव्यवस्था को तेज रफ्तार देने प्रदेश की नई औद्योगिक नीति 1 नवंबर 2024 को लागू की जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा नवा रायपुर को आईटी हब तथा इनोवेशन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। नेशनल केपिटल रीजन (एनसीआर) की तरह राज्य सरकार भी स्टेट केपिटल रीजन विकसित करने जा रही हैं। उद्यमी युवाओं को छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना के माध्यम से 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया है, जिससे युवाओं को अधिक से अधिक अवसर मिल सकेगा।

## आप की बात

### टिकट की मारामारी

**सत्ता** में बार-बार अने वाली राजनीतिक पार्टी में टिकट की मारा-मारी आरम्भ हो जाती है। ऐसा ही सदैव कांग्रेस में रहा है। जब से देश में कांग्रेस कमजोर हुई है तब से कांग्रेस में टिकट की मारा-मारी कम हो गई है। भाजपा में भी टिकट की उठापटक 2024 के चुनाव में देखी ही गई, वर्तमान विधानसभा चुनावों में भी सामने आ रही है। आरोप है कि जिन जमीनी कार्यकर्ताओं ने जिंदगी का बहुमूल्य समय पार्टी की सेवा में लगाया, उनके टिकट काट दिए गए और दलबदलुओं को टिकट मिल गए। जम्मू-कश्मीर में भी कुछ ऐसा ही चल रहा है। विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से ही टिकट बंटवारे की हलचल तेज हो गई है। दूसरे दलों से पार्टी में आने वालों को टिकट देने का विरोध भाजपा कार्यकर्ता कर रहे हैं। हालांकि, प्रदेश में भाजपा नेता विनोद रैना कार्यकर्ताओं को मनाने का प्रयास करते हुए कह रहे हैं कि उनकी राय पूरी तरह सुनी जाएगी, लेकिन इसके बावजूद असंतोष जारी है। भाजपा पहली बार जम्मू कश्मीर में अपनी पूरी ताकत झोंक रही है और उसने अनेक मुस्लिमों को भी टिकट दिए हैं। ऐसे में भाजपा को लोकसभा चुनाव परिणाम से भी उचित सबक लेना चाहिए जहां दलबदलुओं को टिकट देने से उसे कई सीटों पर नुकसान उठाना पड़ा था।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### अमेरिका में चुनाव

**जब तक** जो बाइडेन चुनवी मैदान से नहीं हटे थे तब तक रिपब्लिकन ट्रम्प का ग्राफ ऊपर के ओर अग्रसर था, मगर जैसे ही कमला हैरिस का नाम सामने आया तबसे ट्रम्प न सिर्फ पीछे चल रहे हैं बल्कि कई रिपब्लिकन शासित राज्यों में भी कमला हैरिस बराबरी की टक्कर देने में कामयाब हुई हैं। शायद इसी वजह से ट्रम्प के इन दिनों पसीने छूट रहे हैं। भले ही अपने द्वारा नियुक्त न्यायाधीशों की मेहरबानी पर अपराध के मामलों से उन्हें अदालती छूट मिल गयी है मगर जनता की अदालत से उनका बचना फ्लिहाल नामुमकिन लग रहा है। संभवतः कमला हैरिस से डर के कारण ट्रम्प ने 10 सितम्बर को आयोजित होने वाली टीवी बहस में भाग नहीं लेने की घोषणा की है। हालांकि, डोनाल्ड ट्रम्प ने नेटवर्क को पक्षपाती बता कर इस बहस से पल्ला झाड़ा है। यही ट्रंप जो बाइडेन को बार-बार बहस की चुनौती दे रहे थे क्योंकि पहली बहस में बाइडेन का प्रदर्शन बहुत खराब था। लेकिन बाइडेन के स्थान पर कमला हैरिस के उम्मीदवार बनने से ट्रंप की सारी रणनीति विफल हो गई है। कमला हैरिस ने देश के मध्य वर्ग को अपनी ओर आकर्षित करने के साथ ही अमीर वर्ग को भी आकर्षित करते हुए रिकार्डतोड़ फड एकत्र किया है।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### जम्मू कश्मीर चुनाव

**जम्मू कश्मीर** के चुनाव पर पूरे भारत ही नहीं समूचे विश्व की निगाहें लगी हुई है। अनुच्छेद 370 हटाने पर देश भर में खून की नदियां बहने की धमकी देने वाले अलगाववादी कश्मीरी नेता भी इस चुनाव में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। अपने घोषणा पत्र में अनुच्छेद 370 फिर से बहाल करने का आश्वासन देने वाले नेताओं के साथ कांग्रेस ने गठबंधन करके अपनी असलियत दिखा दी है। पता नहीं क्यों इन दलों को ऐसा लगता है कि अनुच्छेद 370 बहाल करने का वायदा मतदाताओं को लुभाने वाला सिद्ध होगा। अनुच्छेद 370 हटाने के बाद कश्मीर में जो अमन चैन कायम हुआ है उसे देखते हुए लगता है कि धारा 370 बहाल करने की बात करना मतदाताओं को अपने विरुद्ध करना सिद्ध होगा। वास्तव में अब्दुल्ला की नेशनल कान्फ्रेंस को कश्मीर पर अपनी खोई हुकूमत की पीड़ा सता रही है और यही कष्ट महबूबा मुफ्ती की पीडीपी को भी है। विडंबना है कि कांग्रेस अनुच्छेद 370, कश्मीर का अलग झंडा व अलग संविधान बहाल करने वाली परिवारवादी पार्टियों के साथ मिल गई है। आशा है कि कश्मीर की जनता अपने प्रदेश को फिर अंधेरे युग में ले जाने का प्रयास करने वाली इन शक्तियों को पूरी तरह खारिज कर देगी।

**सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### योगी आदित्यनाथ का संदेश

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी** के दिन जोधपुर के नरेश महाराजा जसवंत सिंह के सेनापति राष्ट्रवीर दुर्गादास की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अत्यंत महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नही हो सकता। यह तब होगा जब हम एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे। यदि हम बटेंगे तो कटेंगे। उन्होंने बांग्लादेश में हो रही घटनाओं से सबक लेने का आवाहन करते हुए कहा कि ऐसी गलती हमारे देश मे नही होनी चाहिए। अपने देश के वीरों पर गर्व करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा जिस देश मे वीर दुर्गादास जैसे योद्धा पैदा होते है, उस देश का कोई बाल बांका नही कर सकता। लोगों में वीरवर दुर्गादास के प्रति जो सम्मान और श्रद्धा का भाव है, यही हमारी असली ताकत है। योगी के संदेश को गलत ढंग से देखने वाले विपक्षी नेताओं की जितनी निन्दा की जाए वह कम होगी। योगी और मोदी अपने हिंदुत्व को छिपाते नहीं हैं, इसलिए दुनिया में हिंदुओं पर कहीं भी हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ उनका मुखर होना प्रेरणादायक है।

**कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, उन्नाव

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# एथलेटिक्स में सुदर्शन को वीर हनुमान सिंह और किरण को फुटबॉल में शहीद पंकज विक्रम सम्मान से आज किया जाएगा सम्मानित





पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले से अच्छी और और सुखद खबर निकल कर सामने आई है। जिले के दो प्रतिभावान खिलाड़ियों को आज सम्मान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में राज्य अलंकरण समारोह की घोषणा के बाद जिले के दो खिलाड़ी सुदर्शन सिंह और किरण पिस्दा को आज सूबे के मुखिया विष्णुदेव साय राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित करेंगे। रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में यह खेल सम्मान कार्यक्रम का आयोजन होगा। एथलेटिक्स में सुदर्शन कुमार सिंह को वीर हनुमान सिंह पुरुष्कार और किरण पिस्दा को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जहां आज गुरुवार को इस सम्मान को लेने के लिए जिला खेल नोडल अधिकारी प्राची ठाकुर भी शामिल रहेंगी। यह इस बालोद जिले के लिए बहुत ही बड़ा गर्व का विषय है, जहां आज बालोद जिले के दो प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेल सम्मान देकर सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित दिया जाएगा और यह स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उन्हें अपने हाथों से सम्मानित करेंगे। दरअसल किरण पिस्दा एक फुटबॉल की प्लेयर है, वर्तमान में ये सऊदी अरब के जॉर्डन में चल रहे फीफा लीग मैच में भारत का प्रतिनिधित्व कर खेलने गई हैं। किरण भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उड़ीसा के फुटबाल क्लब से खेल रही है। किरण बीते 10 वर्ष से फुटबॉल खेल रही हैं। कई नेशनल अवार्ड किरण ने अपने नाम किये है। वही सुदर्शन सिंह की माने तो वे 1990 में एनआईएस कर के दल्लीराजहरा में आये है। तब से ये यही है। वैसे इनका जन्म जम्मू कश्मीर का हैं और दल्लीराजहरा क्षेत्र की एथलेटिक्स के टैलेंट को निखार कर आगे ले रहे है। इनकी माने तो छत्तीसगढ़ में एक भी एथलेटिक्स की एकेडमी नही है। इनके क्लब से 3 एनआईएस कोच तैयार हुए है।

### भारत के कई क्षेत्रों में किया प्रदर्शन

किरण पिस्दा पिता महेश राम पिस्दा ने पायनियर को जॉर्डन से गूगल मीट के माध्यम से जुड़कर बताया कि वे इस सम्मान से बेहद खुश हैं। वे 2014-15 से अब तक लगातार कटक, गोवा, पंजाब, अरुणाचल प्रदेश, केरल, छत्तीसगढ़, मणिपुर, असम, अंडमान निकोबार, अंबाला, गुंटूर, चेन्नई में जूनियर नेशनल, स्कूल नेशनल और सीनियर नेशनल खेल में भाग ले चुकी है, और जीत हासिल कर चुकी है। कई अवार्ड व सम्मान इस खेल प्रदर्शन के दौरान इनको मिले हैं। इसके साथ ही 2022 में नेपाल में आयोजित सीनियर वुमेन्स एसएएफफ फुटबॉल चैंपियनशिप में भी भाग ले चुकी है। इसके अलावा मदुरई और बस्तर में हीरो इंडियन वूमेन लीग, उड़ीसा के भुनेश्वर और संबलपुर में यूनिवर्सिटी गेम में भी अपना प्रतिनिधित्व कर चुकी है। आपको बता दे कि किरण के पिता महेश राम पिस्दा बालोद जिला संयुक्त कार्यालय के निर्वाचन शाखा में पदस्थ हैं। और माँ गृहणी है। अपनी बेटी की इस उपलब्धि ये माता-पिता फूले नही समा रहे हैं।

जिले के लिए बहुत गर्व की बात है, कि दो प्रतिभावान खिलाड़ियों को आज यह सम्मान मिलने जा रहा है। जिला प्रशासन की तरफसे उन्हें बहुत-बहुत बधाई। आगे भी बालोद जिले में ऐसी प्रतिभा जहां भी छुपी होगी और ऐसे जहां भी प्रतिभावान खिलाड़ी होंगे, उसे जिला प्रशासन आगे लाकर उनके सपनों को पूरा करने में बिल्कुल मदद करेगा। सपने वो देखेंगे और उसे पूरा बालोद जिला प्रशासन करेगा।

**इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल,**
**कलेक्टर, बालोद**

### बीएसपी में है कार्यरत

सुदर्शन कुमार सिंह पिता स्व. गोविंद सिंह ने बताया कि उनका जन्म जम्मू कश्मीर में हुआ था। वे 1990 में एनआईएस कर के दल्लीराजहरा में आये थे। तब से वे यही है। और आज ये एथलेटिक्स के कोच हैं। तबसे दल्लीराजहरा क्षेत्र की एथलेटिक्स के टैलेंट को निखार कर आगे ले रहे है। इनकी माने तो छत्तीसगढ़ में एक भी एथलेटिक्स की एकेडमी नही है। इनके क्लब से 3 एनआईएस कोच तैयार हुए है। वे बताते हैं कि जिला एथलेटिक्स की तरफसे इनकी अनुशंसा की गई थी। 10 वर्षो में जो राष्ट्रीय स्तर पर जो पदकों की जो संख्या होती हैं, उसके आधार पर ही यह सम्मान छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा प्रदान किया जाता हैं। आपको बता दे कि सुदर्शन शुरुआत से ही बीएसपी-राजहरा माइंस में कार्यरत हैं।

# 8 सितंबर तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा




पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 अगस्त से 08 सितंबर 2024 तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा पूरे बेमेतरा जिले के समस्त विकासखण्ड में मनाया जा रहा है। इस संबंध में 28 अगस्त 2024 को जिले के समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों का कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रशिक्षण कक्ष में समीक्षा बैठक रखा गया। उक्त बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बसोड द्वारा बताया कि हमारी आंखें हमारे मरने के बाद भी किसी के काम आ सकती है। मनुष्य की मृत्यु के बाद उसके शरीर के एक ही अंग काम आ सकता है, वो है नेत्र। नेत्रदान मृत्यु के बाद ही किया जाता है। नेत्रदान के लिए यह जरूरी नहीं है कि वह अपने जीते जी घोषणा पत्र भरा हो। नेत्रदान कोई भी व्यक्ति कर सकता है, किन्तु रेबीज, एड्स, टिटनेस, हेपेटाइटिस, सर्पदंश, लेप्रोसी, जहर, सिफलिस, डूबकर या जलकर, आँख का कैंसर, फॉसी लगाकर, ब्लड कैंसर, सेप्टीसीमिया, तपेदिक एवं संक्रामक बीमारी व्यक्ति नेत्रदान के लिए उपयुक्त नहीं रहती। यदि किसी की आंख के कॉर्निया की सफेदी कॉर्नियल ओपेसिटी के कारण दृष्टिहीनता है तो उसकी कॉर्निया बदलने से वह व्यक्ति अंधेपन से छुटकारा पा सकता है और नेत्रदान करने वाला व्यक्ति मरने के बाद भी इस व्यक्ति की आंख से दुनिया देख सकता है।

# बच्चों ने तोता पक्षियों को आजाद कराने के लिए वार्डों में जा-जाकर कर निवेदन



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दल्लीराजहरा निवासी ग्रीन कमांडो विरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में दल्लीराजहरा के वार्ड नं 14 व 15 में छोटे छोटे बच्चों ने तोता पक्षी का वेशभूषा धारण कर सड़कों पर घूम घूमकर लोगों को तोता पक्षियों को आजाद करने के लिए वार्डों में जाकर कर निवेदन किया गया। ज्ञात रहे कि भारत में 1972 के वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कुछ तोते की प्रजातियाँ शामिल हैं, जिसका मतलब है कि उन्हें पालतू पक्षी के रूप में रखना गैरकानूनी है। यह अधिनियम विभिन्न वन्यजीव प्रजातियों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है और उनके शोषण को रोकता है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत, सभी भारतीय तोते की प्रजातियाँ जैसे कि भारतीय रिंग-नेक तोता (गुलाब-तोता), एलेक्जेंड्राइन तोता, और लाल-ब्रेस्टेड तोता संरक्षित हैं। इन प्रजातियों को रखना या बेचना निषिद्ध है, और ऐसा करने वालों को जुर्माना और कारावास जैसी सजा का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, गैर-देशी तोते की प्रजातियाँ (जैसे कि बजरीगर, कॉकटेल, और कुछ अन्य विदेशी प्रजातियाँ) इस अधिनियम के अंतर्गत नहीं आतीं और इन्हें पालतू जानवर के रूप में रखा जा सकता है, बशर्ते उन्हें कानूनी रूप से प्राप्त किया गया हो और तस्करी न की गई हो। कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए हमेशा स्थानीय वन्यजीव अधिकारियों से पुष्टि करें। इस अभियान में मुख्य रूप से चेतन सिन्हा, यशवंत कुमार टंडन, कल्पना बमबोडे, प्रकृति सिंह,शिवांश सिंह,युगल,पिन्टू,आयुष,कमल,भूरी, रागिनी, साहिल व अन्य लोग मौजूद थे।

# कुम्हारी में हुआ वृद्ध जन स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



वृद्धजनों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जन जागरुकता शिविर का प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ नगरपालिका परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने किया उनके साथ पार्षद महेश सोनकर एवं आलोक दुबे भी उपस्थित रहे । इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. रवि सिदार ने बताया कि संचाल नालय आयुष विभाग छ.ग. शासन की योजना पर जिला आयुर्वेद अधिकारी दुर्ग (छ.ग.) के मार्गदर्शन में वार्ड क्र.-10 कच्छ गुजराती भवन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुर्वेद औषधालय कुम्हारी द्वारा वृद्धजनों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जन जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में सभी प्रकार के नये-पुराने साध्य- आसाध्य रोग जिनमें मुख्यतः वात रोग, गठिया वात, आम वात, लकवा, मधुमेह, चर्म रोग उच्च रक्त चाप, श्वास रोग, उदर रोग, मानसिक रोग, बवासीर (अर्श रोग) भगंदर आदि रोगों का निदान उपचार, परामर्श एवं औषधि निःशुल्क प्रदाय की गई । शिविर में विशेषतः वरिष्ठ चिकि. शैलेन्द्र सिंह ठाकुर मेडिसिन विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय दुर्ग एवं महिला चिकित्सक अलका रागास (एम एस) शासकीय औषधालय गोढ़ी ने अपनी सेवाएं प्रदान की । शिविर में निःशुल्क बी.पी., शुगर, हीमो ग्लोबीन एवं नेत्र परीक्षण किया गया । शिविर में सभी प्रकार के नये-पुराने साध्य, आसाध्य रोग निदान उपचार, परामर्श एवं निःशुल्क औषधि आधार नंबर एवं मोबाईल नंबर साथ में लेकर आए हुए वृद्ध जनों को प्रदान किया गया है । इस शिविर में कुल 65 पुरुष और 35 महिला वृद्ध जनों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा औषधि एवं परामर्श प्राप्त किया । क्रमशः वात रोग 35, त्वचा विकार 12 उदार विकार 04, रक्तचाप 14, मधुमेह 16, नेत्र रोग 16 कुल 97 द्य इस शिविर में लुकेश्वर साहू योग प्रशिक्षक ने 30 मिनट तक एक योगाभ्यास सत्र कर प्रशिक्षित किया । शिविर में फार्मेसिस्ट गणेश्वरी ठाकुर, देव कुमार देवांगन शासकीय औषधालय गोढ़ी, योगिता वर्मा शासकीय औषधालय झींट, हेमा देवांगन, जय सिंह कोठारी शासकीय औषधालय भिलाई तीन, नेत्र परीक्षक राजेश शर्मा, रक्त परीक्षक स्वास्थ्य केन्द्र कुम्हारी ने अपना सराहनीय योगदान दिया ।

# पूर्व सरपंच ने मुक्ति धाम में पेड़ लगाकर मनाया जन्मदिन



**बेमेतरा।** पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के ग्राम कठिया के अश्विनी दास मानिकपुरी पूर्व उपसरपंच के द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर मुक्ति धाम में पीपल बरगद नीम पेड़ लगाकर अपना जन्मदिन मनाया गया इस अवसर पर मानिकपुर ने बताया कि हम सभी व्यक्ति को अपनी जन्मदिन एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहे इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के अध्यक्ष श्री कृष्णा कुमार साहू सचिन गणेश कुमार सदस्यगण चम्मन निषाद, पुनीत साहू, साहू, रामकृष्ण सेन,अक्षय साहू, परदेशी साहू, किशन साहू,दिलेश्वर गायकवाड,तुषार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# विधायक दीपेश साहू कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जन्माष्टमी के सुअवसर पर विधानसभा क्षेत्र के बेरला नगर में एक भव्य कृष्ण जन्मआष्ट्मी एवं दही लूट कार्यक्रम का आयोजन यादव समाज बेरला द्वारा किया गया द्यद्य जहाँ आस पास के स्थानीय नागरिकों बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया द्य इस कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए द्य साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्ष पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल ने किया द्यद्य इस आयोजन में कृष्ण लीला के प्रसंगों का जीवंत प्रदर्शन किया गया, जिससे वहाँ उपस्थित हजारों श्रद्धालु भक्त भाव-विभोर हो गए। विधायक ने इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के छायाचित्र की विधिवत पूजा की और आम जनता की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही उपस्थित जनों को श्री कृष्ण जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनायें दी द्यइस दौरान विधायक दीपेश साहू कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए घर में पूजा स्थान पर लड्डू गोपाल रखकर नित्य पूजन करने के लिए प्रेरित किया द्य उन्होंने कहा की प्रथम कथा वाचक श्री कृष्ण है जिन्होंने गीता के माध्यम से पुरे जगत ज्ञान की बाते एवं जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियो में लड़ना और जितना सिखाया द्य श्री कृष्ण जगत के पालनहार है द्य भगवान भाव के भूखे होते है द्य अधर्म पर धर्म जी विजय और प्रेम, भक्ति, और ज्ञान का सन्देश श्री कृष्ण जी ने ही दिया है । इस अवसर पर साहू ने यादव समाज के साथ साथ सर्व समाजनों को आश्वास्त करते हुए कहा की विकाश कार्यों के लिए चिंता करने की जरूरत नहीं है । आप सभी क्षेत्रवासी जैसे चाहेंगे उसी के अनुरूप क्षेत्र का विकाश होगा द्य छत्तीसगढ़ में विष्णु की सुशासन वाली सरकार सभी वर्गों के विकाश के लिए प्रतिबद्ध है । इस अवसर पर यादव समाज अध्यक्ष बलराम यादव ,संरक्षक अमलेश यादव ,लोकेश गौसेवक, गणेश गौसेवक, बलराम यादव ,लक्षी यादव , आनंद यादव, पुरुषोत्तम यादव, कन्हैया सेन, जगदीश सोनी, लता वर्मा ,अमृत महेशवरी, आशीष सोनी ,प्रणव शर्मा , समस्त यादव समाज के पदाधिकारी नगर वाशी मौजूद रहे ।

# श्री कृष्ण ने अपने जीवन काल में बेहतर बेटे का उदाहरण पेश किया : योगेश तिवारी

## सिंगरौली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम शिवगौरी धाम सिंघौरी में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यादव समाज की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व सनातन हिंदू संगठन योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर श्री कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डालते हुए योगेश तिवारी ने कहा कि श्री कृष्ण के आदर्शों को स्मरण दिन है। श्री कृष्ण ने अपने जीवन काल में बेहतर बेटे का उदाहरण पेश किया। श्री कृष्ण केवल तन से ही देवता नहीं थे, उनके मन में भी देवत्व था। श्री कृष्ण के मूर्ति के देखते ही नयन शीतल हो जाते हैं। मूर्ति के चरणों पर जल डालकर लोग चरणमृत पीते हैं और उसके ही अपने को धन्य मानते हैं। इसलिए हम सभी को श्री कृष्ण के बताएं मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।



### कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग रहे उपस्थित

सरपंच गौतरहीन बलदाऊ साहू, अध्यक्ष चुम्मन यादव, सचिव ब्यास यादव, हरी यादव, सालिक यादव, बाहल यादव, अशोक पुरी गोस्वामी, सुशील पुरी, शिबू पुरी,संतोष पुरी, रुपे पुरी, प्रकाश पुरी,गौकरण यादव, बाईरु यादव, देवीलाल यादव, मिलऊ यादव, भागवत यादव, भीखम यादव, रामायण यादव, श्रीराम यादव, निलेश यादव, पप्पू यादव, लक्ष्मण यादव, होली देशी यादव, विदेशी यादव, बल्लू यादव, रामाधार यादव, कृष्ण यादव, सखन यादव, तुका यादव, भागीरती यादव, रमेश यादव, राकेश यादव,कीर्तन साहू, उमेद साहू, केशलाल साहू, चितरेन साहू, धन्नू साहू, गंगू साहू, गोरेलाल साहू, बल्लू साहू, हेमशिंग साहू, शोभा साहू, सीताबाई साहू, राजकुमार साहू, भक्तु साहू, संजय यदु, पुनीत साहू, चोवासाहू, नेतराम साहू, चैतु साहू, तोरण साहू, दादू साहू, गोविंद साहू, चंदराम साहू,लालू साहू, उत्तम कोटवार , प्रेमलाल साहू, मेहत्तर साहू, गैंदराम साहू, रनिया साहू पंच, ईश्वर पटेल, दशरथ पटेल समिति समाज के लोग उपस्थित थे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में हो वृक्षारोपण की अनिवार्यता हो :डॉ सौरभ निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राज्य में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय चुनावो की तैयारी में चुनाव आयोग लग गया है,गांव गांव,शहर शहर और वार्ड वार्ड कार्यकर्ताओ ने अपनी संभावनाओं को टटोलते हुए जन सम्पर्क में लग गए हैं,अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने राज्य चुनाव आयोग को पत्र लिख कर मांग की है कि ,राज्य में होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव लड़ने केइच्छुक उम्मीदवारों की शैक्षणिक अर्हता की कोई अनिवार्यता तो नही होती,राज्य चुनाव आयुक्त काम से कम श्रेणीवार पंचों को पांच,सरपंचों को दस, जनपद सदस्यों और पार्षदों को पंद्रह,नगर पालिका अध्यक्षों और जनपद अध्यक्षों को 25,महापौर और जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने के अभ्यर्थियों को 50 वृक्षारोपण का अनिर्वायता न्यूनतम अर्हता के तौर पर निर्धारित करे,डॉ निर्वाणी ने कहा मेरा मानना है प्रदेश को हरित प्रदेश बनाने यह एक ांतिकारी कदम होगा,साल में बारिश के मौसम में चलाए जाने वाले वृक्षारोपण अभियान में जहां कई सौ करोड़ खर्च करने के बाद भी स्थित ऊंट के मुँह में जीरे के समान है वहीं ऐसे नीतियों से विभागीय भ्र्ष्टाचार के भेंट चढ़ने वाले जनता के टैक्स के कई सौ करोड़ रुपये का उपयोग शिक्षा ,स्वास्थ्य और सड़कों के बेहतरी के लिए किया जा सकेगा, अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा ने इसके लिए सोसल मीडिया में भी सुझाव मांगे हैं जिस पर प्रदेश भर के युवाओं का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है.। डॉ निर्वाणी ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य इसे पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर ि यान्वित करे देश के अन्य राज्यो के लिए रोल मॉडल होगा हमारे राज्य का यह अनोखा अभियान...महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रितेश शर्मा,युवा इकाई के जिला अध्यक्ष वांकेश्वर साहू,जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी,जनपद सभापति लाला भारती, सरपंच संजय जोशी,सरपंच केशव साहू,पार्षद नीतू कोठारी, नीलू राजपूत पूर्व जनपद अध्यक्ष कुमारी बाई जयसवाल,जनार्दन जायसवाल,पूर्व जनपद अध्यक्ष रेवती हीरेन्द्र साहू सहित जनप्रतिनिधियों ने वृक्षारोपण अनिवार्यता , अर्हता के तौर पर की मांग का समर्थन किया है।

# लौह नगरी दल्ली राजहरा में सभी समाज के सहयोग से अब होगा उजड़े राजहरा को बचाने निर्णायक आंदोलन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

लौह नगरी दल्ली राजहरा में सभी समाज , मजदूर संगठन , धार्मिक संगठन , के अलावा ग्रामीणों ने भी अपना समर्थन दिया। अब होगा उजड़े राजहरा को बचाने निर्णायक आंदोलन । उजड़ते हुए राजहरा को बचाने के लिए अब आंदोलन के रूपरेखा तय हो गई है 3 दिन का यह आंदोलन है । पहले दिन शांतिपूर्ण मांग जुलूस होगा , दूसरे दिन मशाल जुलूस निकालेंगे , तीसरे दिन मोदी जी के कोरोना काल के समय जागरूकता लाने के लिए जो बिजली बंद की कार्यक्रम रखी गई थी हम भी तीसरे दिन 15 से 20 मिनट के लिए बिजली बंद करेंगे और चौथे दिन हम क्या करेंगे यह प्रशासन की रवैया तय करेगा अब सहने की क्षमता खत्म हो चुकी है बस प्रशासन इतना जान ले । व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने कहा कि कलेक्टर से मिलने पर वह कहते हैं कि मैं मुख्यमंत्री का प्रतिनिधि हूं आप हड़ताल मत करो मैं आपकी मांग पूर करूंगा लेकिन जब तक वह राजहरा को समझने लायक होता है उनका ट्रांसफर हो जाता है कितने एसडीएम चले गए कितने कलेक्टर चले गए लेकिन राजहरा वैसा का वैसा बना हुआ है शासन प्रशासन के हम विरोधी नहीं है । हम सब की सब्र की समय सीमा अब समाप्त हो गई है मेरा जन प्रतिनिधि , सांसद महोदय , विधायक , सबसे आग्रह है मैं राजहरा वासियो की ओर से आपसे मांग करता हूं कि हमारे इस आंदोलन में हमारा साथ दे उजड़ते हुए राजहरा को बचाने के लिए की जा रही आंदोलन के प्रमुख राजहरा व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने कहा कि उजड़ते हुए दल्ली राजहरा को बचाने राजहरा व्यापारी संघ के नेतृत्व में दल्ली राजहरा के निवासी , विभिन्न मजदूर संगठन के सदस्य ,व्यापारी गण , सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों के सदस्यों के अलावा आसपास के ग्रामीण भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए बड़ी संख्या में आए थे सभी के द्वारा एक विशाल बाइक रैली तिरंगे झंडे के साथ निकाली गई बाइक रैली के माध्यम से लोगों में जागृति लाने भारत माता की जय , छत्तीसगढ़ महतारी की जय , दल्ली राजहरा की जयकारे के साथ लोगों को एक होकर दल्ली राजहरा को बचाने के लिए लड़ने की बात कही गई थी । रैली के बाद गुप्ता चौक में आमसभा हुआ जिसमें लौह नगरी दल्ली राजहरा के लौह पुरूषों ने गरजते हुए अपना उद्बोधन दिया जिसमें सात सूत्री मांगों को दोहराया गया उजड़ते हुए दल्ली राजहरा को बचाने के लिए रोजगार के साधन के साथ केंद्रीय विालय , 100 बिस्तर अस्पताल , राजहरा के ट्रांसपोर्टरों को काम , लघु उेग हेतु 20 एकड़ जमीन , जमीन रजिस्ट्री को सरलीकरण , बाईपास सड़क निर्माण , प्रभावित क्षेत्र में आने वाले नगर पालिका को 5 करोड़ नगर पंचायत को 3 करोड़ तथा ग्राम पंचायत को 50 लाख सुनिश्चित किया जाए ।




श्रमिक संगठन हिंदुस्तान स्टील इंप्लाइज यूनियन सीटू के कार्यकारिणी अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब हम आंदोलन कर रहे हैं जब भी आंदोलन की शुरूआत किया सांसद और प्रशासन की ओर से हमें गुमराह कर आंदोलन समाप्त कर दिया गया क्षेत्र के विकास तभी होगा जब लोगों के पास रोजगार होगा रोजगार होगा उनके पास पैसा आएगा पैसा आएगा तो उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी क्रय शक्ति बढ़ेगी तो व्यापार फलेगा फूलेगा हमें यहां दो मोर्चा में लड़ाई लड़ना होगा पहले मोर्चा है शासन से शासन से हक और अपना अधिकार जो मांगे रखी गई है उसके लिए लड़ना होगा दूसरी लड़ाई है हमारा स्थानी बीएसपी प्रशासन से हमारी मांग है कि स्थानीय लोगों को काम दे ताकि यहां के लोग पलायन न करें सके डॉक्टर जाना ने कहा कि शंकर गुहा नियोगी का सपना था कि दल्ली राजहरा एक बेहतर , शिक्षित और सुंदर शहर बने इसके लिए उन्होंने बहुत प्रयास किये शहर को उजड़ने ना दिया जाए इसके लिए रोजगार की अति आवश्यक है रोजगार रहेगा तब शहर बचेगा व्यापार बचेगा रॉयल्टी का हिस्सा दल्ली राजहरा विकास के लिए शुरू से दिया होता तो आज यह बात नहीं आती ना आंदोलन होता ना राजहरा के लोग अपने भविष्य के लिए चिंतित होते हैं । नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने कहा कि आज दल्ली राजहरा के व्यापार कम होने का कारण क्या है ..? इस संबंध में आरोप प्रत्यारोप करने से कोई फायदा नहीं हैं आप भी जानते हैं कि यहां के जन प्रतिनिधियों चाहे सांसद हो या विधायक हो अपनी जिम्मेदारी सही ढंग से नहीं निभाया इस कारण राजहरा की यहां दुर्दशा हुई है कम से कम अब हमें एक होकर एक मुट्ठी बांधकर काम करना होगा तभी राजहरा का विकास होगा हम लड़ेंगे और जीतेंगे । जनपद सदस्य कुसुमकसा संजय बैस ने कहा कि कुसुम कसा, दल्ली राजहरा के बिना अधूरा है जब भी हमारा परिचय पूछते हैं तो हम बताते हैं कि हमारा कुसुमकसा दल्ली राजहरा के पास है राजहरा के संघर्ष की भूमि है हमारा उद्देश्य है कि डी एम एफ फंड की 60त्न की राशि प्रभावित क्षेत्र में खर्च करें इस क्षेत्र में कोई ढंग का सरकारी अस्पताल नहीं है स्थिति कितनी खराब है वह ग्रामीण अंचलों में भी आकर आप देख सकते हैं स्कूलों में पानी टपकता है हॉस्टल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए ढंग का सोने के लिए गद्दा तक नहीं है । कृष्णा सिंह ने कहा की इस क्षेत्र में सबसे बड़ा रोजगार बीएसपी से माइनिंग की निकलती है सारे लोग धनबाद से आते हैं अंबिकापुर, बिलासपुर में जब माइनिंग कॉलेज खुल सकता है तो वह राजहरा में क्यों नहीं खुल सकता राजहरा ।

बौद्ध समाज से हेमंत कांडे ने कहा कि राजहरा के विकास के लिए राजनीति को भूल जाएं चाहे वह आंदोलनकारी हो या आंदोलन के समर्थन कर्ता हो यदि राजनीति से दूर होकर राजहरा के विकास की लड़ाई लड़ी जाए तो सफल होने में इसे कोई नहीं रोक सकता रमेश मित्तल ने कहा सरकार ने हमें अपने रवैया से कीड़े मकोड़े की तरह जीवित रहने के लिए मजबूर कर रहा है । राजहरा परिवहन संघ की ओर से कहा गया कि आगामी 15 जनवरी के पहले प्लांट का उद्घाटन होने जा रहा है परिवहन का कार्य राजहरा परिवहन संघ को दिया जाए हम बस इतना ही मांग रखते हैं राजहरा परिवहन संघ राजहरा बचाओ की मांग को लेकर कंधे से कंधा मिलाकर मदद करने को तैयार है ।

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन का काम समय-सीमा में पूर्ण करने किए जा रहे सभी उपाय

## जल जीवन मिशन के कार्यों को समय पर पूर्ण करने एवं उस क्षेत्र में पहले से ही मिशन का काम कर रहे अधिकारियों को सौंपा गया प्रभार

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रदेश में जल जीवन मिशन का काम समय-सीमा में पूर्ण करने सभी उपाय किए जा रहे हैं। मिशन के कार्यों में गति लाने लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही प्रगतिरत कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। कार्य के प्रति उदासीन और गलत रिपोर्टिंग करने वाले छह जिलों के कार्यपालन अभियंताओं के विरूद्ध निलंबन और चार जिलों के कार्यपालन अभियंताओं के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने की कार्रवाई पिछले महीने की गई है। जल जीवन मिशन के कार्यों को समय पर पूर्ण करने निलंबित अधिकारियों के बदले उस क्षेत्र में पहले से ही मिशन का काम कर रहे अधिकारियों को प्रभार सौंपा गया है। जल जीवन मिशन के कार्यों में कसावट और तेजी लाने निलंबित कार्यपालन अभियंताओं के स्थान पर नवीन कार्यपालन अभियंताओं की पदस्थापना की गई है। चार जिलों में सहायक अभियंताओं को प्रभारी कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ किया गया है। इन चारों सहायक अभियंताओं के पहले से ही उन क्षेत्रों में कार्यरत रहने से उन्हें मिशन के कार्यों और क्षेत्र की बेहतर जानकारी है। इन सहायक अभियंताओं की पदस्थापना से बेहतर कार्य प्रगति की संभावनाओं को देखते हुए ही इनका चयन किया गया है। इसमें किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार या प्रभारवाद को प्रश्रय नहीं दिया गया है, वरन् कार्य की गंभीरता, महत्व और कार्य-पूर्णता की समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए प्रभार सौंपे गए हैं। किसी अन्य क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी को पदस्थ करने पर उसे क्षेत्र को जानने एवं कार्य पूर्ण कराने के लिए वातावरण को समझने में समय लग सकता था। चूँकि मिशन का कार्यक्रम समयबद्ध है, इसलिए वरिष्ठता के स्थान पर स्थानीय स्तर पर प्रभावी व्यवस्था और कार्य-पूर्णता के लक्ष्य को प्राथमिकता देते हुए शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है। केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के तहत छत्तीसगढ़ की 11 हजार 658 ग्राम पंचायतों के 19 हजार 657 गांवों में हर घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। राज्य के सभी गांवों के प्रत्येक घर में नल के माध्यम से शुद्ध जल प्रदान करना एक अति विस्तारित कार्य है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में कोरोना महामारी की वजह से और उसके बाद विभागीय निविदा प्रक्रिया असफल होने के कारण छत्तीसगढ़ में इस मिशन की शुरूआत वर्ष 2019 के स्थान पर 2021 में हुई। मिशन के लिए पांच वर्षों के स्थान पर छत्तीसगढ़ को तीन वर्ष का ही समय उपलब्ध हो पा रहा है। इसके कार्यों को सीमित समय में पूर्ण किया जाना है। मिशन के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को दिसम्बर-2024 तक पूर्ण किया जाना है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन को समय पर पूर्ण करने सभी उपाय किए जा रहे हैं। विभाग में अभियंताओं की कमी के बावजूद सभी जिलों में तेजी से कार्य पूर्ण किए जा रहे हैं। उप अभियंताओं के कुल स्वीकृत पदों के विरूद्ध अभी केवल 25 प्रतिशत ही कार्यरत हैं। चूँकि कार्यावधि कम है और कार्यों की संख्या ज्यादा है, इसलिए विभाग द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्यों के साथ वांछित प्रगति को प्राथमिकता में रखकर सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य में अब तक जल जीवन मिशन का 79 प्रतिशत काम पूर्ण हो चुका है। प्रदेश में 50 लाख पांच हजार 111 घरों में नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 39 लाख 35 हजार 597 घरों में पाइपलाइन के जरिए पेयजल पहुंच रहा है। राज्य के 16 जिलों में मिशन का 80 प्रतिशत से अधिक काम पूर्ण कर लिया गया है। वहीं 3600 गांवों के हर घर में नल से जल की आपूर्ति हो रही है।

# जमीन विवाद के चलते भाइयो ने मिलकर की दो सगे भाइयो की हत्या

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




जमीन विवाद के चलते भाइयो ने मिलकर की अपने ही दो सगे भाइयो की हत्या कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामले का संक्षित विवरण इस प्रकार है कि ग्राम बुधवारा निवासी तोरण पाटले के बेटो के बीच जमीन बटवारे को लेकर पूर्व से ही आपसी रंजीश एवं वाद विवाद था। तोरण पाटले के 07 लडके थे। भागबली, वकील, केजू, माखन, रामबली, कौशल और नरेन्द्र। जमीन बटवारे के विवाद को लेकर सभी भाई आपस में दो गुट में बटे हुये थे। इनका पिता तोरण पाटले अपने बेटा केजू पाटले, माखन पाटले, रामबली पाटले के तरफ था। बीते 25 अगस्त को थाना फास्टरपुर अन्तर्गत आने वाले ग्राम गीगतरा में छटन की तरफ जाने वाले मार्ग के पास भागबली पाटले, वकील पाटले, अपने खेत में काम कर रहे थे। पूर्व रंजीश के कारण भागबली पाटले, वकील पाटले, कौशल पाटले के हत्या करने के उददेश्य से पूर्व से ही खेत से लगे माखन पाटले के घर में आरोपी केजू पाटले, माखन पाटले, रामबली पाटले, इनका पिता तोरण पाटले, माखन की पत्नी मिनाक्षी एवं रामबली की पत्नी रजनी, माखन का बेटा, माखन का ससुराल पक्ष का रिस्तेदार चित्रलेखा (केजू की पत्नी) लाठी डण्डा लेकर छुपे हुये थे। जैसे ही भांगबली पाटले, वकील पाटले, कौशल पाटल एवं वकील की पत्नी संतोषी खेत से निकल कर रोड में पहुंचे केजू पाटले, माखन पाटले, रामबली पाटले, माखन की पत्नी मिनाक्षी एवं रामबली की पत्नी रजनी, माखन का बेटा, इनका पिता तोरण पाटले, माखन का ससुराल पक्ष का रिस्तेदार लल्ला. चित्रलेखा (केजू की पत्नी) हत्या करने की नियत से लाठी डण्डा से मारना चालू कर दिये इसी बीच केजू अपने ट्रेक्टर से भागबली, एवं वकील के उपर चढा दिया। जिससे भागबली की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना प्राप्त होते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरजा शंकर जायसवाल को घटना के संबध में अवगत कराते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी एस.आर. घृतलहरे, एवं थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तेजनाथ सिंह एवं फास्टपुर थाना प्रभारी निरीक्षक कार्तिकेश्वर जांगडे अपने टीम के साथ तत्काल घटना स्थल पहुंचे। गांव में दोनो तरफ घेराबंदी एवं नाके बंदी कर आरोपी केजूराम, चित्ररेखा, रजनी, मिनाक्षी, माखन का बेटा को हिरासत में ले लिया गया। साथ ही गंभीर रूप से घायल वकील पाटले एवं कौशल एवं संतोषी को तत्काल थाने के गाडी से पुलिस स्टाफ के साथ अस्पताल रवाना किया गया। अस्पताल पहुंचने पर वकील पाटले को भी मृत घोषित कर दिया गया।

# मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा के द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तरीय नारी प्रतिभा सम्मान से नवाजी गई शीखा व पूनम अग्रवाल

■ डॉ. चरणदास महंत, नेता प्रतिपक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ के हाथों हुईं सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com




कोसा कांसा और कंचन की नगरी चांपा सिवनी मोड़ में स्थित डी. बी. तनिष्क कॉलोनी में छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन और छत्तीसगढ़ प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय नारी प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रदेश भर से अलग अलग 36 विधाओं में पारंगत 101 नारी शक्तियों को उनके फील्ड में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया। जांजगीर नैला नगर की मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा की वर्तमान अध्यक्ष शिखा अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष पूनम अग्रवाल को शाखा के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए उनके प्रतिभा का सम्मान करते हुए राज्य स्तरीय नारी प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 में मुख्य अतिथि डॉ. चरणदास महंत, नेता प्रतिपक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ के हाथों सम्मानित किया गया। उनके द्वारा शाखा के माध्यम से वर्ष भर लगातार कई प्रकार के कार्यक्रम कराए गए जिसके चलते उन्हें यह सम्मान दिया गया मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने यूनियन के पदाधिकारी को धन्यवाद व्यापित करते हुए कहा कि आप लोगों के कार्यक्रम के द्वारा हमें सम्मान प्राप्त हुआ है जिसके लिए हम आपको धन्यवाद ज्ञापित करते हैं उनको मिले इस सम्मान से मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा के सदस्य एवं पदाधिकारी में हर्ष व्याप्त है।

# साहब जरा इधर भी ध्यान दें, शहर में खेलो के लिए इकलौते बचे कॉलेज मैदान में भी भरा बारिश का पानी

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



शहर में स्थानीय प्रशासन एवं जिला प्रशासन की उदासीनता तथा बिना किसी प्लानिंग के निर्माण कार्यों को गति देने के चलते शहर वासियों के लिए खेलो एवं अन्य सार्वजनिक कार्यों के लिए बचे एकमात्र कॉलेज मैदान में भी बारिश का पानी लबालब भर गया है, जिसके चलते तड़के सुबह से लेकर देर शाम तक शहर सहित अंचल के खिलाड़ियों को मिलने वाले इस मैदान का लाभ नहीं मिल पा रहा है, तथा इस खेल मैदान में जहां छोटे-छोटे बच्चों से लेकर युवा वर्ग तक विभिन्न खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभाओं को निखारने का काम करते हैं, किंतु दुर्भाग्य है की शक्ति जिला बनने के बाद भी आज यह कॉलेज का मैदान प्रतिवर्ष बारिश के मौसम में पानी से लबालब भर जाता है, किंतु स्थानीय प्रशासन को इतना भी समय नहीं है कि इस कॉलेज मैदान के किनारे प्लानिंग कर बड़ी नालियां या की नाले का निर्माण करें,जिससे मैदान में पानी न भर सके तथा अंचल के फुटबॉल खिलाड़ियों ने भी प्रशासन से मांग की है कि इस मैदान की दुर्दशा को देख तत्काल सुधार कार्य किया जाए एवं इसे उपयोगी बनाया जाए. ज्ञात हो की कॉलेज मैदान की इस दुर्दशा को देखकर लोगों को बड़ी पीड़ा होती है कि शहर के हृदय स्थल में स्थित यह एकमात्र खेल मैदान भी अनुपयोगी हो चला है, तथा इस खेल मैदान से लगकर ही नगर पालिका प्रशासन द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम बनाया गया है, किंतु इस इनडोर स्टेडियम में विगत वर्षों नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय भी लगाया जाता था किंतु मैदान में पानी भरने के कारण इस कन्या महाविद्यालय को भी अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है।

# उत्कृष्ट कंप्यूटर प्रशिक्षक के रूप में राज्य स्तरीय नारी प्रतिभा सम्मान से नवाजी गईं ज्वाला यादव

■ डॉ. चरणदास महंत नेता प्रतिपक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ के हाथों हुईं सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com




कोसा कांसा और कंचन की नगरी चांपा सिवनी मोड़ में स्थित डी. बी. तनिष्क कॉलोनी में छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन और छत्तीसगढ़ प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय नारी प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रदेश भर से अलग अलग 36 विधाओं में पारंगत 101 नारी शक्तियों को उनके फील्ड में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया। चांपा नगर में स्कूली शिक्षा और कॉलेज में भी मेघावी रहे ज्वाला यादव को कंप्यूटर प्रशिक्षक के रूप में उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए उनके प्रतिभा का सम्मान करते हुए राज्य स्तरीय नारी प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 में मुख्य अतिथि डॉ. चरणदास महंत, नेता प्रतिपक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ के हाथों सम्मानित किया गया। वे विगत कई वर्षों से आईसेक्ट कंप्यूटर कॉलेज चांपा में कम्प्यूटर प्रशिक्षण का काम करती हैं, और उनसे कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बहुत सारे विद्यार्थियों को कंप्यूटर संबंधित रोजगार मुहैया कराने में भी वे सफल रही हैं। ऐसी बेहतरीन प्रतिभा के धनी ज्वाला यादव ने अपने इस सम्मान के लिए अपने गुरुजनों और माता पिता का आशीर्वाद तथा उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर पढ़ाई में लगातार मेहनत को इस सफलता का मूलमंत्र माना है।

# एकदिवसीय वेडिंग फोटोग्राफी फिल्म एंड बिजनेस वर्कशॉप का आयोजन






पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com

संगठन द्वारा वेडिंग फिल्म बिजनेस का वर्कशॉप अयोजन 25 अगस्त को होटल रंग महल रिसोर्ट चांपा में रखा गया था जिसमें संगठन के सभी पदाधिकारी इस कार्यक्रम पर भरपूर उत्साह के साथ फोटोग्राफर के बीच में इस वर्कशॉप की बात को रखने में सफल हुए कार्यक्रम की उपस्थित से संगठन एवं पूरे छत्तीसगढ़ में इस बात की चर्चा है की यह आयोजन बहुत ही सफल अच्छे से हुआ इस कार्यक्रम के मैटर थे मनीष राठौर रायपुर से एवं कोरबा से मॉडल के रूप में ज्योतिका चौहान एवं मेकओवर वैदेही शक्ति से आए हुए थे इन तीनों की सहयोग से कार्यक्रम और भी सुनहरा हो गया और फोटोग्राफरों को यह कार्यक्रम बहुत ही पसंद आया संगठन द्वारा जो भी इस कार्यक्रम को लेकर उपहार की घोषणा किए थे वह सभी उन्हें प्रदान किया गया संगठन के द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला का मार्कशीट भी प्रत्येक फोटोग्राफरों को वितरण मैटर मनीष राठौर एवं संगठन के अध्यक्ष संजय दुबे द्वारा सम्मान पूर्वक किया गया कार्यक्रम पर कैमरा के तकनीकी जानकारी फोटोग्राफी एवं सिनेमैटिक फिल्म, फोटोग्राफी बिजनेस की जानकारी के साथ-साथ बहुत सारे नए अनुभवों का फोटोग्राफरों को लाभ हुआ, जिला जांजगीर, चांपा, शक्ति संगठन द्वारा ऐसे और कार्यक्रम करने का अभी लगातार प्रयास जारी रहेगा जिसमें जिले एवं प्रदेश के फोटोग्राफरों को भरपूर लाभ हो सके।

# संभाग स्तरीय शतरंज प्रतिस्पर्धा में सर्वोदय पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया अपना परचम

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बन चुके सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर चंद्रपुर में विद्यार्थियों के चहुँमुखी विकास एवं प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जाता है यही कारण है कि यहां के विद्यार्थी गण विभिन्न क्षेत्रों में अपना स्थान निर्धारित कर विद्यालय के साथ-साथ पूरे अंचल को गौरान्वित करते रहते हैं। इसी तारतम्य में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित शतरंज प्रतियोगिता (शह एवं मात का खेल) जिसे सदा ही बुद्धिजीवियों का खेल माना जाता है। विद्यालय के कक्षा नवमी में अध्ययनरत छात्रा कु. अपेक्षा पटेल 17 वर्षीय, कक्षा ग्यारहवीं के छात्र नोबेल पटेल 19 वर्षीय कक्षा बारहवीं के छात्र समीर पटेल 19 वर्षीय ने विकास खंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में विजयी होकर जिले के लिए चयनित हुए जिला स्तर पर भी अपनी प्रतिभा व मेहनत के बतौर संभाग स्तर के लिए विद्यार्थियों का चयन हुआ संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता दिनांक 24 अगस्त 2024 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल मुंगेली बिलासपुर में संपन्न हुआ यह प्रतियोगिता में 6 अलग-अलग जिलों से चयन होकर आए हुए प्रतिभागियों के मध्य आयोजित हुआ जिसमें सक्ती जिले के सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर चंद्रपुर के तीनों विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए अन्य प्रतिभागियों को शिकस्त देकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान निर्धारित किये,एक ही विद्यालय के तीनों विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय शतरंज खेल के लिए चयन होना निश्चित रूप से विद्यालय के साथ-साथ पूरे अंचल के लिए गौरवान्वित पल है। इस अवसर पर विजयी होकर विद्यालय लौटने पर विद्यालय के प्राचार्य रामकृष्ण पण्डा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की व शिक्षकों को शुभकामना ज्ञापित करते हुए कहा कि निश्चत रुप से यह हमारे शिक्षको के उचित मार्गदर्शन व विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम का परिणाम है, इस अवसर पर विद्यालय के संचालक मनोज अग्रवाल, किशोर अग्रवाल व वंशिता अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों व शिक्षकों को शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि आपका खेल के लिए शतरंज खेल का चुनाव करना ही यह दर्शाता है कि, आपकी बुद्धि कितनी प्रखर है। जिसकी बुद्धि जितनी तेज होगी और जो जितना आगे की सोच कर चाल चलेगा शतरंज खेल पर उसकी पकड़ उतनी ही मजबूत होगी।

# पत्नि के हत्यारे को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




पत्नि के हत्यारे को थाना सिटी कोतवाली मुंगेली पुलिस ने किया गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 अगस्त को सकुंतला साहू पति स्व. संजय साहू उम्र 40 वर्ष निवासी हीरालाल वार्ड मुंगेली ने लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसकी लड़की मनीषा साहू की शादी सामाजिक रीति रिवाज से ब्रम्हा साहू निवासी तिलक वार्ड मुंगेली से हुयी थी, शादी के बाद से आये शराब पीकर मारपीट तंग तुफान कर करता था, 20 अगस्त को शाम 07.30 बजे इसकी पुत्री मनीषा फोन कर बतायी कि ब्रम्हा साहू गंदी गंदी गाली गलौज कर रहा है, मारपीट कर रहा है और जान से मार दूंगा कहकर धमकी दे रहा सूचना पर उसके घर जाकर देखे घर में कोई नहीं था, आसपास के लोगों से पता चला कि मनीषा को जिला अस्पताल ले गये है जिला अस्पताल मुंगेली जाने पर मनीषा को सिम्स अस्पताल बिलासपुर रिफर कर दिये है कि रिपोर्ट पर अप.क. 332/24 धारा 296,351 (2),115 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आहिता मनीषा साहू पति ब्रम्हा साहू उम्र 19 वर्ष की ईलाज के दौरान सिम्स अस्पताल बिलासपुर में मृत्यु हो गयी। सिम्स अस्पताल बिलासपुर से बिना नंबरी मर्ग डायरी प्राप्त होने पर नंबरी मर्ग क. 41/2024 धारा 194 बीएनएसस कायम कर मर्ग डायरी मूल अपराध में संलग्न किया गया है। मर्ग जांच, प्रार्थीया गवाहो के कथन मुताबिक अपराध धारा 103 (1) बीएनएस जोड़ी गयी है। विवेचना के दौरान उ.म.नि./ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरीजा शंकर जायसवाल एंव अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी एस0 आर0 घृतलहरे के निर्देश पर अविलम्ब कार्यवाही करते हुए आरोपी के घर में दबिश देकर आरोपी को बरामद किया गया, आरोपी मेमोरेण्डम कथन में घटना 20 अगस्त को मृतिका से मारपीट करना एवं दुपट्टा से गला घोटना बताया जिससे मृतिका की ईलाज के दौरान सिम्स अस्पताल बिलासपुर में 23-24/08/2024 के रात्रि 12 बजे मृत्यु होना बताने एवं आरोपी के पेश करने घटना में प्रयुक्त दुपट्टा, बेल्ट को जप्त किया गया है एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है।

## 'कार्य में लापरवाही बरतने पर कई अधिकारियों को नोटिस जारी'

# कलेक्टर ने ली विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों के प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों के प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है। घर-घर जाकर सर्वे कर पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाएं। इस कार्य में उन्होंने मितानिनों का सहयोग लेने की बात कही। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में दवा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सप्लाई चैन में गैप को दूर करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर देव ने जिला शिक्षा अधिकारी को कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम का विश्लेषण करने तथा कम प्रगति वाले स्कूलों में बच्चों के लिए एक्स्ट्रा क्लास लगाने के लिए कहा ताकि शैक्षिक प्रगति में बच्चे पीछे ना रहे। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर जायसवाल, वन मंडलाधिकारी संजय यादव मौजूद रहे।

**'खराब सड़कों का प्राथमिकता से मरम्मत करने के दिए निर्देश'** - कलेक्टर राहुल देव ने जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत खराब सड़कों के मरम्मत कार्य के संबंध में भी जानकारी ली तथा धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने टीम बनाकर मरम्मत योग्य सड़कों का निरीक्षण करने तथा खराब सड़कों का प्राथमिकता से मरम्मत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस दौरान उन्होंने समग्र शिक्षा अंतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल में भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए कहा।

**'कार्य में लापरवाही बरतने पर कई अधिकारियों को नोटिस जारी'**-कलेक्टर राहुल देव ने समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा के दौरान धीमी प्रगति एवं कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को फटकार लगाते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनदर्शन एवं महत्वपूर्ण प्रकरणों के निराकरण में लेटलतीफी करने पर जिला शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस थमाया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना की धीमी प्रगति पर लोरमी एवं पथरिया जनपद पंचायत सीईओ और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की धीमी प्रगति पर कौशल विकास योजना के प्रभारी सहायक संचालक को नोटिस जारी किया। उन्होंने आत्मानन्द स्कूल में निर्माण कार्य की धीमी प्रगति तथा उचित जानकारी नहीं देने पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के ई. ई. पडवार को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

**'शतप्रतिशत हितग्राहियों को महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने दिए निर्देश'**-कलेक्टर देव ने महतारी वंदन योजना के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की तथा पूरी तत्परता से कार्य करते हुए सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग से पेंशन योजना के संबंध में जानकारी ली तथा लंबित पेंशन प्रकरणों के समय पर निराकरण करते हुए पात्र लाभार्थियों को इसका शतप्रतिशत लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने पीएम जन धन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, आवास एवं फसल बीमा योजना सहित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए समय-सीमा में आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

**कोचिंग सेंटर का संचालन करने पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी निलंबित'**
**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा कृषि इंस्टीट्यूट कोचिंग सेंटर का संचालन के मामले में गंभीरता से लिया है। उन्होंने कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड लोरमी में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गुलाब सिंह राजपूत को निलंबित किया है।


**कार्यालय, नगर पालिका परिषद बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

क्र./410/न.पा.प./लो.नि. वि./2024-25 बेमेतरा, दिनांक 28.08.2024

**// मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग सड़क/भवन एसओआर. 01.01.2015 पर कम/सामान/अधिक दर पर 15 वें वित्त मद अंतर्गत सी.सी. सड़क निर्माण कार्य- 04 स्वीकृत लागत राशि 46.44 लाख रुपए हेतु दिनांक 19.09.2024 को कार्यालयीन समय अवधि 3.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति पर सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | - | 12.09.2024 को शाम 5.00 बजे तक |
| 2 | कोरा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | - | 13.09.2024 को शाम 5.00 बजे तक |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | | 19.09.2024 को शाम 3.00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | - | 20.09.2024 को सुबह 10.30 बजे से |

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि एवं समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा वेबसाइड www.uad.cg.gov.in पर देखी /प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बेमेतरा**

# बालको ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर वितरित किये स्पोर्ट्स किट

पायनियर संवाददाता ‹ बालकोनगर
www.dailypioneer.com





वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर समुदाय के युवाओं को स्पोर्ट्स किट वितरित किये। कंपनी ने इस पहल से खेल को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पहल का उद्देश्य युवाओं में खेल क्षमता का विस्तार और खेल भावना की संस्कृति को बढ़ावा देना है। कंपनी निरंतर समुदाय के युवाओं की प्रतिभाओं में बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है।

स्पोर्ट्स किट में बैडमिंटन, हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल और वॉलीबॉल जैसे विभिन्न खेलों के समान शामिल थे। वित्तवर्ष 2025 में कंपनी ने 5 समुदाय स्पोर्ट्स किट वितरित किए गए हैं। किट वितरण के साथ ही निकट भविष्य में खेलों को बढ़ावा देने तथा अधिक क्षेत्रों में विस्तारित करने की योजना है। कंपनी के इस पहल से अभी तक 3,700 से अधिक लाभान्वित हुए हैं। पहल की मदद से उन्हें अपने खेल कौशल को विकसित करने के लिए आवश्यक उपकरण और अवसर प्राप्त हुए हैं। कंपनी का उद्देश्य है कि इस पहल का लाभ ऐसे क्षेत्रों के युवाओं को मिले जहाँ ऐसे संसाधनों तक पहुँच सीमित है। इससे उन्हें नियमित खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों। अगली पीढ़ी के एथलीटों में खेल भावना और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस प्रोत्साहन से मौजूदा खेल समितियों को पुनर्जीवित और मजबूत किया है। स्थानीय स्टेकहोल्डर के समर्थन से नई समितियों के गठन को भी बढ़ावा दिया है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि ओलंपिक में भारतीय एथलीटों के उल्लेखनीय प्रदर्शन ने एक बार फिर हमारे युवाओं की अपार क्षमता को उजागर किया है। हम विभिन्न अवसर, संसाधन और प्रशिक्षण क्षमताओं को बढ़ाकर जमीनी स्तर पर खेलों को प्रोत्साहित करने में विश्वास करते हैं। उचित खेल संसाधन तक पहुँच सुनिश्चित करने तथा नियमित खेल अवसरों से हम भविष्य के चैंपियन के लिए नींव रख रहे हैं। ऐसे पहल एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के साथ युवाओं को खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। खेल में प्रतिभाशाली युवाओं के प्रोत्साहन और सशक्तिकरण से वैश्विक मंच पर हमारे देश को स्पोर्ट्स क्षेत्र में मजबूती मिलेगी।

पहल की सराहना करते हुए सोनपुरी की सरपंच मीना बाई कंवर ने कहा कि बालको हमेशा स्थानीय समुदाय की जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित रहा है। कंपनी अपने विकास परियोजनाओं स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि समुदाय में खेल उपकरण वितरित करने का कार्य सराहनीय है क्योंकि यह शारीरिक गतिविधि और खेलों को प्रोत्साहित करेगा जिससे स्वस्थ समुदाय का निर्माण होगा।

बालको ने हमेशा समुदाय के युवाओं में खेल और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बालको बालकोनगर में डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्टेडियम का प्रबंधन करता है जो स्थानीय युवाओं और बच्चों को अपने खेल कौशल को विकसित करने और निखारने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करता है। स्टेडियम खेलने की सुविधा प्रदान करने के साथ युवाओं और बच्चों का प्रिय स्थान है। स्टेडियम में हर महीने लगभग 9,000 खेलप्रेमी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। खिलाड़ी क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी और तायक्वोंडो आदि खेलों के लिए इसका उपयोग करते हैं। बालको महत्वाकांक्षी एथलीटों को अपने संबंधित खेलों में आगे बढ़ने के लिए मदद कर रहा है। उन्हें सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए सशक्त बना रहा है। शारीरिक गतिविधि एवं खेल प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ स्टेडियम युवाओं के एथलेटिक क्षमता को विकसित करने के लिए बेहतर मंच प्रदान करता है।

## आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 3 लाख करोड़ रुपए के पार

ICICI PRUDENTIAL LIFE INSURANCE

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के तहत 3 लाख करोड़ रुपए का आँकड़ा पार कर लिया है। 31 जुलाई, 2024 तक कंपनी का एयूएम 3.14 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया गया। अनूप बागची, एमडी और सीईओ, आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, ने कहा, एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के तहत 3 लाख करोड़ रुपए की उपलब्धि हासिल करना हमारे लिए गर्व का विषय है। यह हमारे उत्पादों के प्रति ग्राहकों की पसंद को दर्शाता है। साथ ही, उनके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता के रूप में हम पर उनके भरोसे को भी उजागर करता है। हमने अपने उत्पादों और प्रक्रियाओं को सरल बनाकर हमारे एसेट्स अंडर मैनेजमेंट में वृद्धि की है। उन्होंने आगे कहा, ग्राहक अपनी बचत को सुरक्षित रखने और अपने परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए हम पर भरोसा करते हैं। हम सख्त निवेश और जोखिम प्रबंधन प्रथाओं का पालन करते हुए, उनकी बचत का ध्यान रखते हैं। इस दृष्टिकोण ने हमें कंपनी की शुरुआत से लेकर विभिन्न बाजार स्थितियों के दौरान किसी भी गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स) से बचने में मदद की है। बागची ने आगे कहा, हम मानते हैं कि जीवन बीमा न सिर्फ व्यक्ति या समाज को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि धन सृजन और सेवानिवृत्ति आय की प्राथमिक जरूरतों को भी पूरा करता है। ऐसे में, हमारे उत्पाद और प्रक्रियाएँ इन सभी जरूरतों को कुशलता से पूरा करने के लिए तत्पर हैं। जीवन बीमा को सरल बनाने और नवीन उत्पाद विकसित करने में प्रौद्योगिकी समाधान मददगार साबित हुए हैं। वे हमें ग्राहक अनुभव को बढ़ाने वाले सही चैनल के माध्यम से सही कीमत पर सही ग्राहक को सही उत्पाद पेश करने में भी सक्षम बनाते हैं। वादों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता वित्त वर्ष 2024 के लिए हमारे 99.17त्न के दावा निपटान अनुपात में परिलक्षित होती है। यह सिर्फ 1.27 दिनों के टर्नअराउंड समय के साथ उद्योग में सर्वश्रेष्ठ में से एक है।

# समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

## जर्जर स्कूल भवनों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों को बेहतर बनाने हेतु नियमित रूप से निरीक्षण करने के दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जिले के जर्जर स्कूल भवनों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के स्थिति में सुधार हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिला स्तरीय तकनीकी टीम के अधिकारियों को नियमित रूप से स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अधिकारियों को स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण कर जर्जर भवनों को आवश्यकतानुसार डिस्मेंटल एवं मरम्मत कर इन भवनों को बेहतर बनाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरी है। उन्होंने किसी भी स्थिति में जर्जर भवनों में कक्षा संचालित नही करने तथा स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र भवन जर्जर होने पर उपयुक्त भवनों में कक्षा संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर डीआर ठाकुर एवं पूजा बंसल सहित जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### 22 चिकित्सा अधिकारियों को जिला अस्पताल में दिया जा रहा प्रशिक्षण

बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से राज्य सरकार के द्वारा अभी हाल में ही पदस्थ किए गए ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने के लिए दो वर्षों के अनुबंध वाले कुल 22 चिकित्सा अधिकारियों में से अब तक कार्यभार ग्रहण करने वाले चिकित्सा अधिकारियों के संबंध में जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सूर्यवंशी ने बताया कि जिले में अब तक 19 नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इन सभी नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों को जिला अस्पताल बालोद में 15 दिन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके उपरांत इन्हें इनके पदस्थापना स्थल में कार्य करने भेजा जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चंद्रवंशी ने बताया कि इन सभी चिकित्सा अधिकारियों को एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत 02 वर्षों के अनुबंध के आधार पर इनकी नियुक्ति ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए की गई है। उन्होंने बताया कि इनकी नियुक्ति से काफी हद तक जिले में चिकित्सकों की कमी की समस्या दूर होगी।

### हुच्चेटोला के ग्रामीणों की आय करें वृद्धि

बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के सुदूर वनांचल के आदिवासी बाहुल्य ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों के वार्षिक आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने विभिन्न विभागों के द्वारा अपने-अपने विभागीय योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित कर ग्रामीणों के आय में वृद्धि हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अंतर विभागीय समन्वय के प्रकरणों की भी समीक्षा की।

# श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता चैट जीपीटी किस प्रकार औषधि खोज में क्रांति ला रही है विषय पर कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट आफ फार्मेसी कुम्हारी में करियर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत फार्मेसी थर्ड इयर और फोर्थ इयर के छात्रों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता चैट जीपीटी किस प्रकार औषधि खोज में क्रांति ला रही है विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस वर्कशॉप में बताया गया कि कैसे नई दवाओ की खोज करते वक्त क्लिनिकल डाटा का विशलेषण करते वक्त आर्टिफीसियल इंटेलिजेंसी, चैट जीपीटी टूल का इस्तेमाल किया जा सकता है । चैट जीपीटी वर्तमान समय की बढ़ती मांग और निरंतर बदलाव की ओर एक उन्नत एआई मॉडल है जो प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण पर आधारित है। जिसे ओपन एआई ने विकसित किया है और यह मानव-समय के संवाद की तरह ही बातचीत कर सकता है। पिछले कुछ महीनों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल चैट जीपीटी चर्चा में है। कोई कविता लिखनी हो या किसी कंप्यूटर प्रोग्राम के कोट्स लिखने हों चैट जीपीटी इन कार्यो को चंद मिनटों में ही कर के आसान बना देता है। विशेषज्ञों के अनुसार एकेडमिक्स और करिअर दोनों में लगातार अपनी स्किल्स को अपग्रेड करना जरूरी है। वर्कशॉप में छात्रों को 2-4 के समूहों में बुलाकर चैटजीपीटी कप प्रैक्टिकल के माध्यम से समझाया गया। कि यह ओपनएआई का एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चैटबॉट है। टेक्नोलॉजी की दुनिया में यह एक बड़ा बदलाव है। जो प्री गूगल और पोस्ट गूगल की तरह ही आने वाले समय को अब प्री जीपीटी और पोस्ट जीपीटी में समझाया जाएगा। चैटजीपीटी के पास हर उस सवाल का जवाब है जो इंटरनेट पर मौजूद है, लेकिन यह उसी सवाल का जवाब दे सकता है जो पहले इंटरनेट पर पूछा गया हो। यह एक सॉफ्टवेयर है जो इंटरनेट पर मौजूद जानकारी को पढ़कर जवाब देता है। इस टूल का उपयोग करके छात्रों के बीच उत्साह नजर आया।

### स्टूडेंट्स को बताये गये चैट जीपीटी का सही उपयोग के तरीके

देश में ज्यादातर इंजीनियरिंग और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट फील्ड में इसका इस्तेमाल हो रहा है। कोडिंग में कोई दिक्क त होने पर इंजीनियर्स चैटजीपीटी से 2 मिनट में समाधान पा सकते हैं। इससे प्रोफेशनल्स की प्रोडक्टिविटी बढ़ती है लेकिन स्टूडेंट्स को इसका इस्तेमाल सावधानी से करना चाहिए। इसके इस्तेमाल के लिए लर्निंग एक्सपीरियंस होना बहुत जरूरी है क्योंकि तब ही आप यह जान पाएंगे कि चैटजीपीटी का जवाब सही है या नहीं। इस वर्कशॉप के माध्यम से बताया गया कि कैसे जवाब सीधे कॉपी-पेस्ट न करें बल्कि उन्हें समझें। याद रखें यह गूगल का विकल्प नहीं है। किसी भी सब्जेक्ट पर विस्तार से जानकारी के लिए गूगल बेहतर है। लेकिन तुरंत नोट्स तैयार करने हैं तो इस स्थिति में चैटजीपीटी गूगल से बेहतर है। यह वर्कशॉप ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डिप्टी डायरेक्टर ओमप्रकाश त्रिपाठी के द्वारा दिया गया। साथ ही सुधीर साहू व राकेश यादव का भी सफल योगदान रहा। इस सफल आयोजन के लिए श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के उपाध्यक्ष डॉ. जे के उपाध्याय व कैंपस डायरेक्टर डॉ. प्रीति गुरनानी ने शुभकामनाएं दिए ।

## विंडसर में मिलेगा अपने सेगमेंट का सबसे बड़ा 15.6 इंच का ग्रैंडव्यू टच डिस्प्ले

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

जेएसडब्ल्यु एमजी मोटर इंडिया ने जल्द लॉन्च होने वाले भारत के पहले इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल एमजी विंडसर का एक नया टीज़र जारी किया है। इस नए वीडियो में विंडसर के 15.6 इंच के शानदार 'ग्रैंडव्यू टच डिस्प्ले' को दिखाया गया है। एमजी विंडसर का यह विशाल डिस्प्ले इस सेगमेंट में एक अलग बेंचमार्क स्थापित करता है। इस विशाल स्क्रीन साइज़ की मदद से यात्री आसानी से नेविगेट कर सकते हैं, एंटरटेनमेंट का मजा उठा सकते हैं, साथ ही आसानी से वाहन की सेटिंग को एडजस्ट कर सकते हैं। एमजी विंडसर की 15.6 इंच की टचस्क्रीन को आपके कार चलाने के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह कार खड़ी हो, तब यह टचस्क्रीन आपके कार में बैठने के अनुभव को और भी बेहतरीन बनाते हुए, इस कार को एक एंटरटेनमेंट, गेमिंग और लर्निंग हब में बदल देता है। 15.6 इंच का यह 'ग्रैंडव्यू टच डिस्प्ले' केबिन को और भी खूबसूरत बनाते हुए कार को लग्जरी लुक प्रदान करता है, जिससे इसके साथ आपका हर सफर और भी मजेदार बन जाता है। कार की यह टचस्क्रीन विंडसर के खूबसूरत डिजाइन से पूरी तरह से मेल खाता है। कार का यह लुक भारतीय ग्राहकों को प्रीमियमनेस, स्टाइल और कंफर्ट का बेजोड़ संगम प्रदान करता है।

# मैट्स यूनिवर्सिटी में 7-दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम की शुरुआत

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



मैट्स यूनिवर्सिटी, रायपुर के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी ने डिप्लोमा, बी.टेक और पीजी पाठ्यक्रमों (2024 बैच) के नए छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम - दीक्षारंभ-2024 की शुरुआत विश्वविद्यालय के सभागार में की। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ कुलाधिपति गजराज पगारिया और अतिथि प्रोफेसर पी.के. निमोणकर ने दीप प्रज्वलन और देवी सरस्वती को पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. के.पी. यादव, रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा, इंजीनियरिंग विभाग की निदेशक डॉ. आशा अंबइकर, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। डॉ. अंबइकर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से कॉलेज की पृष्ठभूमि, बुनियादी ढांचे, और उपलब्धियों को साझा किया और छात्रों को ईमानदारी से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति डॉ. यादव ने छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समय का सदुपयोग करने और पुस्तकालय संस्कृति को अपनाने पर जोर दिया। इस 7-दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कॉलेज के वातावरण से परिचित कराना और शिक्षा के तकनीकी व सामाजिक पहलुओं से अवगत कराना है। आयोजन का सफल समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसे समाज और राष्ट्र के प्रति सम्मान का प्रतीक माना गया। मैट्स यूनिवर्सिटी के महानिदेशक प्रियेश पगारिया ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को बधाई दी।

## आईटीआई असैट मैनेजमेंट कंपनी ने लांच किया लार्ज एंड मिड कैप फंड

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईटीआई असैट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (आईटीआई एएमसी) ने 21 अगस्त 2024 को आईटीआई लार्ज एंड मिड कैप फंड लांच कर दिया है। यह एक ओपन-ऐंडेड स्कीम है जो इक्विटी, इक्विटी संबंधित सिक्युरिटीज़, मुख्यतः शीर्ष 250 भारतीय कंपनियों में निवेश करेगी; ये ऐसी कंपनियां होंगी जिन पर देश की प्रगति का दारोमदार है। यह न्यू फंड ऑफर 4 सितंबर 2024 को बंद होगा। इस स्कीम का लक्ष्य है इस गतिशील क्षेत्र में सक्रियता से शामिल कंपनियों में निवेश करके दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि प्रस्तुत करना, निवेशकों को विविधीकरण और पूंजी वृद्धि का मार्ग प्रदान करना। इस फंड का प्रबंधन विशाल जाजू और रोहन कोरडे करेंगे, दोनों ही आईटीआई म्यूचुअल फंड से जुड़े इक्विटी फंड मैनेजर हैं। इन्हें 13 वर्षों से अधिक का अनुभव है और बाजार की गहन जानकारी रखते हैं। यह फंड निवेशकों को भारत की वृद्धि संभावनाओं में निवेश करने का मौका देगा, जो की संरचनात्मक, सांस्कृतिक व डिजिटल कारकों के बल पर आगे बढ़ेगी। इस वृद्धि में संगठित बाजारों की ओर हो रहा बदलाव अग्रणी भूमिका निभाएगा जिसे शहरीकरण एवं बढ़ते आय स्तर का बल मिल रहा है। एकल व आकांक्षी परिवारों की बढ़ती तादाद के चलते लोगों का खर्च बढ़ेगा, इससे एक सांस्कृतिक प्रभाव कायम होगा जिससे खपत और ज्यादा होगी।

## सुयश हॉस्पिटल ने किया एक पेड़ माँ के नाम मुहीम में वृक्षारोपण का आयोजन किया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर स्थित सुयश हॉस्पिटल ने एक पेड़ माँ के नाम मुहीम में अपना योगदान देते हुए वृक्षारोपण का आयोजन किया। सुयश हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. नितिन गोयल एवं डॉ.विवेक केशरवानी द्वारा वृक्षारोपण कर मुहीम प्रारम्भ किया, जिसके पश्चात सुयश हॉस्पिटल के सीईओ शिजु सेबेस्टियन, हॉस्पिटल स्टाफ अरविन्द बागड़े, नंदराम यादव, सुनीता सिस्टर, ममता सिस्टर अन्य एवं हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के परिजनों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।


### शपथ पत्र

मैं DINESH KUMAR SAGAR, पिता HARAKH RAM SAGAR, उम्र 50 वर्ष, निवासी BADEBACHELI, DIST. DANTEWADA (C.G.) में निवासरत हूं।

एतद् द्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूँ और घोषणा करता हूँ कि-

1. यह कि अभिसाक्षी उपरोक्त पते का स्थायी निवासी है।
2. यह कि अभिसाक्षी का नाम DINESH KUMAR SAGAR, हैं जहां पासपोर्ट में DINESH KUMR SAGAR लिखा गया हैं जिसमें सुधार की आवश्यकता हैं।
3. यह कि अभिसाक्षी का नाम आधारकार्ड में भी DINESH KUMAR SAGAR हैं।
4. यह कि अभिसाक्षी का नाम यानि DINESH KUMAR SAGAR अभिसाक्षी द्वारा भविष्य में सरकारी, अर्ध-सरकारी, गैर-सरकारी और किसी भी अन्य क्षेत्र में सभी उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाएगा।

शपथकर्ता

// सत्यापन //

मैं DINESH KUMAR SAGAR, पिता HARAKH RAM SAGAR, उम्र 50 वर्ष, निवासी BADEBACHELI, DIST. DANTEWADA (C.G.) सत्यनिष्ठापूर्वक यह घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 क्रं कथन मेरे निजी ज्ञान में सही एवं सत्य है। यह सत्यापन मैंने आज दिनांक 27/08/2024 को कोण्डागांव नगर में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हैं।

मुहर — सत्यापनकर्ता

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं दिनेश कुमार अग्रवाल पिता छगन लाल अग्रवाल निवासी ग्राम दामाखेडा जिला बलौदा बाजार पिन-493101 (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम दिनेश अग्रवाल पिता छगन लाल अग्रवाल रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम दिनेश अग्रवाल पिता छगन लाल अग्रवाल से ही जाना पहचाना जावे।

मुहर
दिनेश अग्रवाल
ग्राम दामाखेडा
जिला बलौदा बाजार
पिन-493101 (छ.ग.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, DINESH KUMAR AGRAWAL S/O CHHAGAN LAL AGRAWAL resident of VILLAGE DAMAKHEDA DISTRICT BALODA BAZAR PIN-493101 (C.G) have changed my old name DINESH KUMAR AGRAWAL S/0 CHHAGAN LAL AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is DINESH AGRAWAL S/O CHHAGAN LAL AGRAWAL in all Government and other documents.

मुहर
DINESH AGRAWAL
VILLAGE DAMAKHEDA DISTRICT-BALODA BAZAR
PIN-493101 (C.G)

### कार्यालय कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा, (छ.ग.)
### (आदिवासी विकास शाखा)

Phone No. 07856-252441, Fax No. 07856-252441, Email :- actd.dantewada@nic.in

// संक्षिप्त निविदा //

क्रमांक/1206/आ.वि./निर्माण/2024-25 — दन्तेवाड़ा, दिनांक 27.08.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों के लिए प्रपत्र ''अ'' प्रतिशत दर पर शासकीय निर्माण विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यों में प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा जारी एस.ओ.आर. दिनांक 01.11.2021 से प्रचलित निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित लागू होगा। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर नियत तिथि एवं समय में प्राप्त किया जा सकता है। धरोहर राशि सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास दन्तेवाड़ा के नाम से होगा।

1. निविदा प्रपत्र मूल्य जमा कर कोरे निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि :- 11/09/2024 सायं 5:00 बजे तक)
2. भरे हुए निविदा प्रपत्रों की मुहरबंद लिफाफे कार्यालय :- 13/09/2024 सायं 5:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि :- 13/09/2024 सायं 5.00 बजे।

| क्र. | कार्य/स्थान का नाम | विकास खण्ड | लागत (लाखों में) | अमानत राशि (लाखों में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बालक आश्रम तेलम में भवन उन्नयन कार्य | कटेकल्याण | 9.00 | 0.07 | प्रति कार्य की निविदा प्रपत्र का मूल्य 750/- रु. होगी। उक्त कार्य हेतु "D" श्रेणी या अधिक के ठेकेदार भाग ले सकते हैं, तथा कार्य 02 माह के भीतर पूर्ण करना होगा। |
| 2 | बालक आश्रम मुस्तलनार में भवन उन्नयन कार्य | गीदम | 4.40 | 0.03 | |
| 3 | बालक आश्रम छिंदनार में भवन उन्नयन कार्य | गीदम | 7.50 | 0.06 | |
| 4 | कन्या आश्रम मड़कामीराज में भवन उन्नयन कार्य | कुआकोण्डा | 8.00 | 0.06 | |
| 5 | बालक छात्रावास बालुद में भवन उन्नयन कार्य | दंतेवाड़ा | 9.10 | 0.07 | |

नोट :- निविदा संबंधी अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है।

जी- 242502038/3

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास दंतेवाड़ा

# आत्मानंद स्कूल में अनुशासनहीनता व लापरवाही की पराकाष्ठ भृत्य कराती है प्रार्थना, प्रिंसिपल अध्यापक रहते हैं नदारत

## शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष के औचक निरीक्षण में पकड़ी गई बड़ी लापरवाही

पायनियर संवाददाता < मानपुर
www.dailypioneer.com

जिले के नक्सल प्रभावित मानपुर ब्लॉक मुख्यालय स्थित शिक्षा के मंदिर में अनुशासन हीनता व लापरवाही की पराकाष्ठा सामने आई है। दरअसल यहां तकरीबन हर रोज प्रार्थना एक भृत्य कराती हैं। वहीं अध्यापकगण प्रार्थना के बाद शाला पहुंचते हैं। प्राचार्य भी इस दरमियान अमूमन नदारद ही रहती हैं। इसकी कलई उस वक्त खुल कर सामने आ गई जब स्वामी आत्मानंद स्कूल के ही शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजहंस मंडावी ने स्कूल खुलने के समय औचक निरीक्षण किया तो उन्होंने देखा वाकई स्कूल में एक भृत्य प्रार्थना करा रही हैं तथा प्रिंसिपल समेत यहां पदस्थ तमाम अध्यापक गायब हैं। दरअसल 27 अगस्त की सुबह साढ़े सात बजे उक्त स्कूल के शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजहंस मंडावी ने प्रार्थना के समय शाला का औचक निरीक्षण किया। इस दरमियान शाला में पदस्थ एक महिला भृत्य प्रार्थना में मुख्य रूप से मौजूद थी। वहीं शाला के प्रिंसिपल समेत कोई भी अध्यापक इस दौरान न तो स्कूल में बल्कि स्कूल के इर्द गिर्द भी मौजूद नही थे। अध्यक्ष राजहंस मंडावी स्वयं इस दरमियान उक्त भृत्य के साथ प्रार्थना में सहभागी बने। इस तमाम परिस्थिति से वाकिफ होने के बाद अध्यक्ष राजहंस मंडावी ने मौजूद मीडिया को बताया कि उन्होंने इस दौरान स्कूली बच्चो से चर्चा कि । बच्चों ने बताया कि रोजाना यहां भृत्य ही प्रार्थना कराती है। अध्यापक प्रिंसिपल उपस्थित नहीं रहते।



### शौचालय का बुरा हाल, सुधरवाने की जहमत नहीं उठाई

विद्यालय की चौखट में ही शाला का शौचालय है जिसके दरवाजे टूटे हुए हैं। गंदगी का आलम है। कोई इसका उपयोग करे भी तो कैसे? शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने औचक निरीक्षण के दौरान उक्त शौचालय की भी दशा देखी तथा इस पर उन्होंने दुख भी जताया। अब सवाल ये उठता है कि शौचालय की दुर्दशा और उसे सुधरवा कर स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाने की जहमत न उठाने वाले स्कूल के प्रशासनिक मुखिया प्रिंसिपल पर कोई कार्यवाही होती है या फिर कार्यवाही करवाने में सक्षम जिम्मेदार भाजपा नेता प्रधानमंत्री की मंशा को तार तार करने वाले जिम्मेदार को बचाने में दिलचस्पी दिखाते हैं। शाला समिति अध्यक्ष ने इस दौरान परिसर में घूमकर व्यवस्था को भी खंगाला तथा बच्चो से मिलकर व्यवस्था की उन्होंने जानकारी ली।

### 1964 से संचालित शाला की कमान लापरवाह हाथों में, इसीलिए हो रहा बेड़ागर्क?

ये स्कूल इलाके का सबसे पुराना, बड़ा स्कूल है। 1964 में स्थापित इस स्कूल में पढ़कर निकलने वाले आज कई बड़े अफसर व जन प्रतिनिधि शुमार हैं। अब तो ये स्कूल स्वामी आत्मानंद स्कूल का तमगा पाकर और भी बड़ा हो गया है। ऐसे में इस स्कूल को एक ऐसे प्रशासक की आवश्यकता थी जो अनुभवी हो और जिम्मेदार हो लेकिन विडंबना ही कहें कि अन्य ब्लॉक के एक स्कूल में पदस्थ महिला व्याख्याता को प्रतिनियुक्ति पर यहां का प्रिंसिपल बना दिया गया है। जबकि उक्त महिला व्याख्याता से कहीं ज्यादा सीनियर व अनुभवी व्याख्याता व प्रिंसिपल जिले में छोटे छोटे स्कूलों में पदस्थ होकर रह जाने को मजबूर हैं। वरिष्ठों के रहते अंग्रेजी व्याख्याता महज अंग्रेजी माध्यम के फे र में एक कनिष्ठ व्याख्याता को इस बड़े और इलाके के मुख्य स्कूल का मुखिया बना देना कहीं न कही स्कूल में व्याप्त बदइंतजामी का बड़ा कारण प्रतीत हो रहा है। ऐसा लगता है मानो इस महत्वपूर्ण स्कूल की कमान शासन ने लापरवाह हाथो में सौंप रखी है जिसके चलते अंग्रेजी व हिंदी दोनो माध्यम वाले अहम स्कूल में व्यवस्था का बेड़ागर्क हो रखा है।

### विवादों से घिरा रहा है आत्मानंद स्कूल, जिम्मेदार पर कार्यवाही नहीं

स्थापना काल के बाद से विभिन्न समयों में ये आत्मानंद स्कूल विवादो में घिरा रहा है। बीते सत्र में तो ऐसा वाकया सामने आया था जब कथित तौर पर यहां बच्चो को बेवजह टॉर्चर किए जाने की घटना सामने आई थी। बच्चों के पालकों की शिकायत पर तब एसडीएम ने मामले की जांच पड़ताल की थी। उस दौरान जिम्मेदार अफसरों से मिली जानकारी के मुताबिक उक्त मामला लगभग सत्य भी पाया गया था। यही नहीं हाल के सत्र में शाला में बच्चों के प्रवेश के लिए किए जाने वाले लॉटरी पद्धति में भी अनियमितता की खबर आते रही है। इस तरह से उक्त विद्यालय में बीते कुछ समय के दौरान विभिन्न विवादास्पद दौर आते रहे हैं। जिससे विद्यालय के प्रबंधन व मुखिया के कार्य प्रणाली पर सवाल उठना लाजमी है।

### वरिष्ठ के होते भी भी कनिष्ठ को सौंप दी जिम्मेदारी

स्कूल में यदि प्रिंसिपल जिम्मेदारी से काम करे तो बाकी के स्टॉफ का न केवल मनोबल बढ़ता है बल्कि स्टॉफ भी जिम्मेदारी से काम करता है। अब प्रार्थना जैसे अनिवार्य तथा राष्ट्र के सम्मान से जुड़े गतिविधि में प्राचार्य ही नदारद रहे तो बाकी के स्टॉफ से कैसे जिम्मेदारी की उम्मीद करें। जिले में कई वरिष्ठ व अनुभवी व्याख्याताओं तथा प्रिंसिपल के रहते ऐसे प्रिंसिपल की यहां नियुक्ति करना समझ से परे है जो राष्ट्र के सम्मान के लिए गाए जाने वाले राष्ट्र गान में शामिल न हो सके।

मामला मेरे संज्ञान में आ रहा है। इसकी जांच करवाऊंगा। दोष पाया गया तो कार्यवाही जरूर करूंगा।

**- फत्ते राम कोसरिया**
डीईओ मोहला-मानपुर

## रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 30 को

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 30 अगस्त 2024 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक रोजगार एसव्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से फॉयर एण्ड सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट राम नगर सुपेला भिलाई द्वारा केवल पुरूष अभ्यर्थियों के लिए सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50, फॉयर मेन के 20, सिक्यूरिटी गार्ड के 150, हैवी लायसेंस ड्राईवर के 10 एवं महिला व पुरूष अभ्यर्थियों के लिए होम केयर टेकर सर्विसेस के 100 तथा एसआईएस इंडिया प्रायवेट लिमिटेड सिंगरौली मध्यप्रदेश द्वारा केवल पुरूष अभ्यर्थियों के लिए सिक्यूरिटी गार्ड के 360 व सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 140 पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य हैं।

## अपर कलेक्टर ने राजस्व शिविर किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम नागतराई में आयोजित राजस्व शिविर एवं ग्राम सभा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अछोली में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया।

## जिम्मेदारियां निभाने में नाकाम महापौर ने पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई : किशनु यदु

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बयान जारी कर कहा है कि, महापौर अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में नाकाम ही रहीं हैं... इसके अलावा उन्होंने अपने पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। ऐसे में बेहतर होगा कि अब वें इस्तीफा दे दें। महापौर हेमा देशमुख और पार्षद राजेश गुप्ता चंपू के बीच उपजे विवाद को नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने महापौर के प्रति एमआईसी सदस्यों में रोष की परिणति बताया है। उन्होंने कहा, महापौर के निर्णयों में एमआईसी के सदस्य ही उनके साथ नहीं है। नेता



प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि, निगम में सफाई ठेके को लेकर भी महापौर परिषद में विवाद उभरा था और स्वास्थ्य विभाग के चेयरमेन सहित एक अन्य ने इसकी खिलाफत की थी। इसके बाद से ही ये दोनों एमआईसी चेयरमेन परिषद के फै सलों से खुद को अलग रख रहे हैं। वे नस्तियों में न ही दस्तखत कर रहे हैं और न ही महापौर की कार्यशैली से संतुष्ट हैं। इसके बाद अब चंपू गुप्ता ने उनकी कार्यशैली को लेकर गंभीर आरोप लगाएं हैं। स्पष्ट है कि मेयर अपना स्वार्थ शहर पर थोप रहीं हैं। जिसके चलते उन्होंने एमआईसी का विश्वास गंवा दिया है। यदु ने कहा कि, विधानसभा चुनाव और फिर लोकसभा चुनाव में जनता ने जिस तरह कांग्रेस को नकारा है उससे साबित होता है कि महापौर हेमा देशमुख अपनी और कांग्रेस की साख गिरा चुकी हैं। दूसरी ओर उनके ही साथी जिस तरह दूर हो रहे हैं और जो अंदरुनी बातें उभरकर सामने आ रहीं हैं उससे ये भी स्पष्ट हो गया है कि, वे निष्पक्ष जिम्मेदारियों के निर्वहन में चूक चुकी हैं। वार्डों के विकास की उपेक्षा का आरोप तो और भी गंभीर है जो कि चंपू गुप्ता ने उनपर लगाया है।

## सहारा इंडिया में निवेशकों की राशि वापसी के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** सहारा इंडिया में आम नागरिकों द्वारा निवेश की गई राशि वापसी हेतु ऑनलाईन आवेदन के संबंध में जिले के लोक सेवा केन्द्र एवं सामान्य सेवा केन्द्र संचालकों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में ई-जिला प्रबंधक श्री सौरभ मिश्रा द्वारा सहारा इंडिया के तहत जमाकर्ता द्वारा राशि वापसी के लिए ऑनलाईन वेबसाईट https://mocrefund.crcs.gov.in/depositor/#/home के माध्यम से आवेदन के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सहारा इंडिया में निवेश करने वाले आम नागरिकों को राशि वापसी के लिए ऑनलाईन आवेदन करते समय आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाईल नंबर, ई-मेल आईडी, बैंक विवरण के साथ निवेश की गई राशि का बांड पेपर दस्तावेजों की आवश्यकता होगी।

## विघटनकारी व अलगाववादी तत्वों से कड़ाई से निपटा जायेगा : संतोष पाण्डेय



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर हुई व्यापक बैठक को संबोधित करते हुये क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि हमारे पड़ोसी मुल्क बंग्लादेश में हुई घटना के बाद देश के भीतर अलगाववादी व विघटनकारी तत्व फिर से सिर उठाने की कोशिश कर रहे है। उन्हें यह नहीं भूलना चाहिये कि भारत की बहुमत जनता न्यायप्रिय, शांतिप्रिय व लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करती है, फिर देश में एनडीए व भाजपा के नेतृत्व में लोकतांत्रिक सरकार कार्यरत है जिससे उनके मनसूबे पूरे होने वाले नहीं है। पांडे ने सदस्यता अभियान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुये कहा कि एक दशक बाद पार्टी नये सिरे से सदस्यता अभियान आगामी 02 सितम्बर से प्रारंभ करने जा रही है, इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई-दिल्ली में एक समारोह के साथ सदस्यता अभियान की शुरुआत करेंगे इसके बाद सभी के सदस्य बनने का मार्ग प्रशस्त हो जायेगा।

## छग-एमएच की पुलिस ने मिलकर गौ तस्कर को दबोचा

- देर रात अलग-अलग टीमों ने की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गौ-तस्करों पर राजनांदगांव और गोंदिया पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने छत्तीसगढ़ सीमा से 25 किमी अंदर चिचगढ़ महाराष्ट्र में कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 21 नग गाय-बैल कीमती एक लाख 5 हजार एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन कीमती 9 लाख रुपए को बरामद किया। वहीं एक फरार आरोपी की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

26 अगस्त की रात मुखबिर ने सूचना दी कि भिलाई की ओर से एक ट्रक में मवेशियों को महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा है। तत्काल टीम गठित की सभी को



महाराष्ट्र की ओर जाने वाले संभावित स्थानों पर लगाया गया। महाराष्ट्र के सरहदी थानों को भी सूचना से अवगत कराया गया। रास्तों में पुलिस की चौकसी देख आरोपियों द्वारा वाहन महाराष्ट्र की ओर ले गया, जहां चिचगढ़ प्रभारी को सूचना से अवगत कराया गया एवं नाकेबंदी के लिए सहयोग प्राप्त किया गया। सभी दिशाओं से घिरने पर आरोपियों द्वारा वाहन को कच्चे रास्ते में जंगल में डालकर छोडक़र भागने का प्रयास कर रहे थे। एक आरोपी फरार हो गया। सहयोगी आरोपी को दौड़ाकर पकड़ा गया।

पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम देवेंद्र राव बताया। उसके कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त वाहन ट्रक एवं 21 गाय-बैल जब्त किया गया। राजनांदगांव एवं गोंदिया पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते आरोपियों के विरूद्ध चौकी चिचगढ़ थाना देवरी जिला गोंदिया में महाराष्ट्र पशु संरक्षण अधिनियम व महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत अजमानतीय धाराओं में अपराध कायम किया गया। फरार आरोपियों एवं सहयोगी आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा है।

## रिक्त सीटों पर भर्ती के लिए 5 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव। एकलव्य आवासीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव के कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं में रिक्त सीटों पर भर्ती के लिए 5 सितम्बर 2024 तक आवेदन आमंत्रित की गई है। विभिन्न कक्षाओं में भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी निर्धारित तिथि व विद्यालयीन समयावधि तक कार्यालय प्राचार्य एकलव्य विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव में निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। संस्था में कक्षा 7वीं में बालक के 3 व कन्या के 6, कक्षा 8वीं में बालक के 1, कक्षा 9वीं में बालक के 2 व कन्या के 3, कक्षा 10वीं में बालक के 7, कक्षा 11वीं में बालक के 4, कक्षा 12वीं में बालक के 10 व कन्या के 5 सीट रिक्त है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राचार्य एकलव्य विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

## अंजोरा जलाशय की लीज के लिए आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले अंजोरा सिंचाई जलाशय को 10 वर्षीय लीज पट्टा पर प्रदान करने के लिए 18 सितम्बर 2024 तक आवेदन आमंत्रित की गई है। अंजोरा सिंचाई जलाशय को लीज पट्टा में प्राप्त करने के लिए इच्छुक समिति या समूह कार्यालय जनपद पंचायत राजनांदगांव में नियम एवं शर्तें की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## दही लूट के दौरान कातिलाना हमला, तीन पर एफआईआर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ के बधियाटोला मोहल्ला में दही लूट कार्यक्रम के दौरान आरोपियों ने एक युवक के गला और दूसरे युवक के कमर पर ब्लेड से कातिलाना हमला कर दिया। घटना में शामिल तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। लोकेश यादव ने डोंगरगढ़ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते बताया कि 27 अगस्त को मोहल्ला बधियाटोला में दही लूट कार्यक्रम था। एक किराना दुकान के सामने बच्चों द्वारा दही लूट का कार्यक्रम कर रहे थे। दोपहर लगभग 4 बजे सचिन, शंकर बिहारी और आयुष तीनों साई रोहित राव को शराब पीने के लिए पैसा मांगे। इस बात पर तीनों पैसा दे कहकर मां-बहन की गंदी-गंदी गली देकर जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगे। मारपीट होते देख मैं छुड़ाने गया तो वह तीनों मुझे भी मां-बहन की गंदी-गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी दिए। इस दौरान आयुष अपने हाथ में ब्लेड पकड़ा था, जो साई रोहित राव के गला के पास मार दिया और मुझे बांये कमर में मार दिया। जिससे चोंट लगकर खून निकला, तब मोहल्ले के लोग बीच-बचाव किए। पुलिस ने शिकायत के बाद शंकर बिहारी, आयुष और सचिन के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

## हर्ष अध्यक्ष एवं सूरज कोषाध्यक्ष निर्वाचित

**राजनांदगांव।** स्थानीय अग्रवाल नवयुवक मंडल के द्विवार्षिक चुनाव 2024- 26 के लिए हर्ष लोहिया अध्यक्ष एवं सूरज अग्रवाल कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। अग्रवाल नवयुवक मंडल के चुनाव अधिकारी राजेश खोखरिया एवं राजेंद्र अग्रवाल ने दिनांक 29 अगस्त 2024 को नाम वापसी के पश्चात अध्यक्ष एवम् कोषाध्यक्ष पद हेतु सिंगल नाम होने के कारण अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु क्रमशः हर्ष लोहिया एवं सूरज अग्रवाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। उन्होंने जानकारी दी कि दोनों पद हेतु चार-चार नाम का आवेदन प्रस्तुत हुआ था, दोनों ही पद से तीन तीन नाम वापसी हो गए। हर्ष लोहिया एवं सूरज लोहिया के निर्विरोध निर्वाचन पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू दुर्गा खोखरिया एवं सचिव रीना राजेंद्र अग्रवाल, अग्रवाल नवयुवक मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष हर्षित अग्रवाल ने बधाई एवं अपनी शुभकामनाएं दी।

## नागपुर की कालीमाता झांकी की नयनाभिराम प्रस्तुति

# गोविंदोत्सव पर ठाकुर जी की पालकी का नगर भ्रमण

- बस स्टैंड परिसर में दहीहांडी लूटने उमड़ पड़े ग्वाले

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आस्थापूर्वक मनाई गई। नगर में आस्था के केंद्र ठाकुर जुगलकिशोर जमात मंदिर में ठाकुरजी व श्रीराधारानी का विशेष पूजन व अभिषेक किया गया। वहीं दूसरे दिवस ठाकुरजी ने नगर भ्रमण किया। पुराने बस स्टैंड परिसर में ठाकुरजी द्वारा प्रतीकात्मक दहीहांडी लूटने उपरांत ग्वालों द्वारा दहीलूट प्रारंभ हुआ।



नगर का मुख्य आयोजन स्थल पुराना बस स्टैंड परिसर में संपादित हुआ। इस दरम्यान पुराना बस स्टैंड परिसर स्टेडियम में तब्दील नजर आ रहा था। अपरान्ह 4 बजे नगर के यादव समाज के भक्तों की अगुवाई में ठाकुर जुगल किशोर मन्दिर से ठाकुरजी की पालकी यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली गई। शाम को पुराने बस स्टैंड पहुँचने पर समाजसेवी सहित गणमान्य नागरिकों ने फूल बरसाते हुए ठाकुरजी की अगुवानी कर पूजन किया। उपरांत श्रीकृष्ण के बाल्य स्वरूप बालक द्वारा दहीहाँडी फोड़ते ही दही लूट प्रारंभ हुआ। इस दरम्यान नगर के ग्वालों की टोली ने देर रात्रि तक दहीलूट में निर्धारित आकर्षक उपहारों को लूट लिया।

उक्त अवसर पर सांसद सँतोष पांडेय ने भी शिरकत कर नन्हे श्रीराधाकृष्ण को पुरस्कृत किया। इस मौके पर वरिष्ठजन दिनेश गाँधी, भरत वर्मा, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, जागृति यदु, डॉ नीरेंद्र साहू व गुलशन हिरवानी ने सम्मिलित होकर डोला की अगुवानी की। आयोजन को सफल बनाने दिनेश नखत, हेमंत चोपड़ा, गौतम नखत के अलावा योगेश पटेल, गिरिजा शंकर, नवनीत सहित नगर के भक्तगण भारी तादात में उपस्थित थे।

### बसस्टैंड स्टेडियम में तब्दील

नगर में दोपहर में हनुमान मंदिर परिसर से निकलकर ठाकुरजी का डोला नागपुर महाराष्ट्र की झांकी मंडली की प्रस्तुति के मध्य मुख्य आयोजन स्थल पुराने बस स्टैंड पहुँचा। इस दौरान स्टेज में कालीमाता झांकी मंडली की प्रस्तुति दरम्यान समूचा नगर थम गया। पुराना बस स्टैंड परिसर स्टेडियम में तब्दील हो गया था।

## भर्रीटोला में आयोजित हुआ जन समस्या निवारण शिविर

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com

मानपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत भर्रीटोला में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मांगो, शिकायत और समस्याओं से संबंधित कुल 69 आवेदन प्राप्त हुए, आवेदनों के निराकरण के लिए समय सीमा निर्धारित करने के साथ ही संबंधित विभाग को आवेदन प्रेषित करने की कार्यवाही किया गया। शिविर में कलेक्टर एस जयवर्धन, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी सहित सभी विभागों के जिला व विकासखण्ड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में जनपद पंचायत मानपुर के अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी, उपाध्यक्ष शाहिदा बेगम, जिला पंचायत सदस्य राधिका अंधारे, जनपद पंचायत सदस्य रेणुका टांडिया, सरपंच कुंती उसारे, अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। शिविर को संबोधित करते हुए



जिला पंचायत के अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी ने कहा कि शिविर जिला प्रशासन के अधिकारी आपकी समस्या को सुनने के लिए उपस्थित हुए है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि इस शिविर के माध्यम से आप अपने समस्याओं का निराकरण करा सकते है। इस अवसर पर कलेक्टर एस जयवर्धन ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सुनना और उसका निराकरण किया जाना है। ग्रामीणों की ऐसी कई समस्याएं एवं मांगे जिसे स्थानीय स्तर पर पूर्ति किया जाना संभावना नहीं होता है। ऐसी समस्याओं के निराकरण के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है।

# 7 दवा दुकानों पर जिला प्रशासन संयुक्त टीम की दबिश फूड लायसेंस की कमी, झोला झाप डॉक्टर एक्सपायरी दवा मिले

## नियमानुसार संचालन नहीं होने पर की गई सख्त कार्यवाही, एक्सपायरी दवा जप्त

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

अनुविभाग जशपुर में एसडीएम के निर्देशन में जिले के राजस्व विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा 07 मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गंभीर अव्यवस्था पाए जाने, एक्सपायरी दवा मिलने और नियमानुसार संचालन नहीं होने की स्थिति में 03 दुकानों को सील किया गया। विगत दिवस राजस्व विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त टीम के द्वारा शहर के नवीन मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि मेडिकल स्टोर का संचालन गैर लाइसेंसधारी व्यक्ति के द्वारा किया जा रहा है, स्टोर में स्टॉक पंजी नहीं मिला, खाद्य सामग्री वितरण हेतु फूड सेफ्टी सर्टिफिकेट का भी नही होना पाया गया, सफाई व्यवस्था का भी अभाव पाया गया, भारी मात्रा में एक्सपायरी दवाएं पाई गई, एन आर एक्स दवाओं का बिना पर्ची विक्रय किया जाना एवं बेचे जा रहे दवाओं के



विक्रय बिल का अभाव पाया गया। लोक स्वास्थ्य एवं लोक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दुकान को तत्काल सील कर दिया गया।

**आस्ता में भी निरीक्षण** -तहसीलदार मनोरा के साथ ड्रग इंस्पेक्टर, स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग के द्वारा आशा मेडिकल स्टोर आस्ता का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि आशा मेडिकल स्टोर को अजीत कुमार 12 वीं पास के द्वारा संचालित किया जा रहा है जबकि उस मेडिकल स्टोर का मालिक कुसमी निवासी प्रफुल्ल आनंद दुबे है। मौके पर प्रस्तुत लाइसेंस वर्ष 2022 में एक्सपायर मिला। मेडिकल स्टोर का फार्मासिस्ट रोशन लाल अग्रवाल बताया जा रहा है जो कि अंबिकापुर में रहता है। मेडिकल स्टोर में भारी मात्रा में एक्सपायर्ड मेडिसिन पाई गई, जिसे की जप्त कर स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया है एवं दुकान को सील किया गया। ग्राम आस्ता में झोला छाप डॉक्टर की जानकारी मिलने पर उसके दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि बिना डिग्री के मेडिकल प्रैक्टिस कर रहा है। उसके द्वारा किसी भी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। उसके पास से भारी मात्रा में एक्सपायर्ड मेडिसिन प्राप्त हुई है, जिसे जप्त कर दुकान को तत्काल सील किया गया है।

**7 दिनों का अल्टीमेटम** -निरीक्षण टीम के द्वारा जशपुर अनुविभाग के मेडिकल स्टोर जशपुर, साहू फार्मेसी लोदाम, मोहित फार्मा लोदाम एवं सूर्यवंशी मेडिकल स्टोर आस्ता का भी निरीक्षण किया गया जिसमें संचालकों को अनियमितताओं के संबंध में सख्त चेतावनी देते हुए एक सप्ताह में सुधार लाने के लिए निर्देशित किया गया है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी जशपुर के द्वारा अवगत कराया गया है कि लोक स्वास्थ्य एवं लोक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसी कार्यवाही भविष्य में लगातार जारी रहेगी।

# शासन की योजनाओं में पिछड़े वर्गों की सहभागिता में करें वृद्धि-पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा

## जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आर.एस. विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में आयोग के सदस्य यशवंत सिंह वर्मा, नीलांबर नायक, बलदाउ राम साहू, हरिशंकर यादव, मती शैलेन्द्री परगनिहा, कृष्णा गुप्ता, जशपुर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल सहित विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा ने जिले में शासन कि जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही पिछड़े वर्ग की सहभागिता में वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पिछड़े वर्गों की सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक स्थितियों का आंकलन कर उनके कौशल विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित करने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों में प्रतिनिधित्व का आंकलन कर उच्चतम न्यायालय के निर्णयानुसार जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए।

**कम्युनिटी रेडियो की विकासखण्ड स्तर पर करें स्थापना-** विश्वकर्मा अध्यक्ष विश्वकर्मा द्वारा जिले में पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए नवीन अधोसंरचना जैसे आंगनबाड़ी, स्कूल, छात्रावास, मैदान आदि की सुविधाएं पिछड़े वर्गों के बच्चों के लिए बनाने तथा इनमें उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार करने हेतु शासन की योजनाओं की विभागवार पाम्पलेट, ब्रोसर, दीवार लेखन द्वारा जानकारी लोगों को देने एवं कम्युनिटी रेडियो जैसे नवाचारी माध्यमों को अपना कर लोगों तक योजनाओं की पहुंच बढ़ाने को कहा। उन्होंने कौशल विकास के साथ चाय की खेती, लौंग की खेती, पॉली हॉउस, फूलों की खेती आदि बागबानी फसलों को प्रोत्साहन देते हुए पिछड़े वर्गों के समूह एवं संगठन बना कर खेती से जुड़े लोगों को पारम्परिक खेती के साथ कुछ नवाचार अपनाकर आय में वृद्धि कराने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने पिछड़े वर्ग के लोगों की सभी समस्याओं एवं आवेदनों पर संवेदनशीलता पूर्वक ध्यान देते हुए उनका निराकरण करने के भी निर्देश दिए।

# तंबाखू, गुटखा सहित अन्य सामग्री जब्त कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई




■ तहसीलदार, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने दी दबिश

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अवनीश शरण द्वारा टीएल में दिए गए निर्देशों पर एसडीएम , तहसीलदार ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। कल टीएल की बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए थे कि शैक्षणिक संस्थानों और अस्पताल के 100 मीटर के आसपास के पान ठेलो को हटाया जाए। इसी कड़ी में बिलासपुर तहसीलदार अतुल वैष्णव ने राजस्व, नगर निगम, पुलिस के संयुक्त दल के साथ शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय कोनी के परिसर से लगे हुए कुल 8 दुकानों में तंबाखू संबंधित पदार्थों की जब्ती की और सभी दुकानदारों को समझाइश देते हुए दुकानों को सील किए जाने की कार्यवाही की गई । आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। कलेक्टर इसकी समीक्षा टीएल की बैठक में करेंगे।

# एक्शन फैमिली ड्रामा 'संघर्ष एक जंग' 30 को होगी रिलीज

## नए कलाकारों से सजी मिडिल क्लास पर आधारित है छत्तीसगढ़ी फिल्म

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ी फिल्म 'संघर्ष एक जंग' 30 अगस्त को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। नए कलाकारों से सजी यह फिल्म एक एक्शन फैमिली ड्रामा है। फिल्म का प्रदर्शन शहर में दो जगहों पर किया जाएगा। बिलासपुर प्रेस क्लब में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान फिल्म के प्रोड्यूसर संतोष तिवारी व बाबा देवांगन ने बताया कि यह फिल्म आज के दौर में मिडिल क्लास परिवारों के संघर्ष की कहानी है। फिल्म का हीरो परिवार को छोड़कर शहर जाता है। फिर उसे जिस हालात का सामना करना होता है, उसे फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म में लव से ज्यादा इमोशन है। डायरेक्टर रतन कुमार ने बताया कि फिल्म आधुनिक तकनीक से बनाई गई है।




इसमें भरपूर एक्शन है, जो आपको साऊथ इंडिया की फिल्म का आभास कराएगा। आम फिल्मों के चॉकलेटी हीरो के लुक की जगह इसमें हीरो को रफ-टफदिखाया गया है। फिल्म के सभी कलाकार नए हैं। ऐसे में अनुभव की कमी के चलते फिल्म निर्धारित समय से देर से प्रदर्शित हो रही है। **शहर के हैं कलाकार, शूटिंग भी आस-पास की गई** -इस फिल्म से जुड़े कलाकार व टेक्निकल टीम में अधिकांश सदस्य बिलासपुर के हैं। प्रोड्यूसर संतोष तिवारी, हीरो हर्ष चंद्रा, विलेन अजय पटेल, इशिका प्रजापति व देविक बैस स्थानीय हैं। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग भी बिलासपुर व आस-पास के इलाकों में की गई है।

**सरकार मदद करे तो और बेहतर होगा भविष्य**-प्रोड्यूसर संतोष तिवारी के अनुसार फिल्म निर्माण उनका जुनून है। छत्तीसगढ़ी फिल्म इंड्रस्ट्री का अपना मुकाम है। फिल्मों को गांव-शहर सभी जगह अच्छा रिस्पांस मिलता है। फिल्म इतना कमा लेती है कि किसी पक्ष को नुकसान नहीं पहुंचता। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी यहां इंड्रस्ट्री अभी प्रारंभिक चरण में है। बहुत सी सुविधाओं की जरूरत है, जिसके लिए राज्य सरकार से सहयोग नहीं मिल पा रहा है। राज्य सरकार ध्यान दे, तो यहां का क्षेत्रीय सिनेमा नई ऊंचाइयों को छू सकता है।

# अस्पतालों, स्कूलों से गायब रहने वाले 70 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों ने 24 अगस्त को एक साथ 48 स्कूलों और अस्पतालों का आकस्मिक निरीक्षण किया था। स्कूलों और अस्पतालों से बिना अनुमति के गायब रहने वाले और समय से पहले जाने वाले कर्मचारियों पर जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। निरीक्षण के दौरान अस्पतालों और स्कूलों से गायब रहने वाले 70 कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है। 30 अधिकारी-कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने का आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि एसडीएम और उनकी टीम ने 15 स्कूलों का निरीक्षण किया। स्कूल से नदारद रहने वाले 19 शिक्षकों के वेतन में कटौती की गई है एवं 5 को कारण बताओ सूचना जारी किया गया है। एक के विरूद्ध कार्रवाई के लिए प्रस्ताव संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग को भेजा गया है। राजस्व टीम द्वारा 33 अस्पतालों का निरीक्षण किया गया और 54 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी करते हुए 11 के एक दिन के वेतन में कटौती का आदेश जारी किया गया है। सीएमएचओ ने बताया कि बिल्हा विकासखंड के 12 अस्पतालों में अनुपस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कडार के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, उप स्वास्थ्य केन्द्र पोड़ी के आरएचओ दिनेश साहू, साजिदा खानम, सिलपहरी के दिलीप कौशिक, सरिता रंगे, चन्द्रप्रभा साहू, उपस्वास्थ्य केन्द्र करमा की सीएचओ दुर्गा सक्सेना, ढेका अस्पताल की साधना चन्द्रा, संध्या साहू, पौंसरा अस्पताल की सीएचओ प्रीति साहू, शाश्वत पवार, बसहा अस्पताल की सीएचओ त्रिवेणी धीवर, सेन्दरी के पीसी साहू, सुमन रानी मिश्रा, सिद्धी थवाईत और सेमरताल की सीएचओ पूनम कश्यप और आरएचओ सावित्री ध्रुव आदि कर्मचारियों को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है।

# राघवेंद्र राव सभाभवन में आज से 5 सितंबर तक हथकरघा वस्त्रों की प्रदर्शनी

## सूती और कोसा वस्त्रों का आकर्षक रेंज उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग, संचालक ग्रामोद्योग हाथकरघा के सौजन्य से जिला हाथकरघा कार्यालय बिलासपुर के माध्यम से तीजा-पोला के उपलक्ष्य में कोसा एवं कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़ हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी सह विक्रय का 29 अगस्त से 05 सितंबर 2024 का राघवेन्द्र राव सभा भवन, कम्पनी गार्डन के पास, बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ दिनांक 29-08-2024 को दोपहर 1:30 बजे सम्पन्न होगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश की हाथकरघा, हस्तशिल्प, कलाकृतियों एवं खादी के उत्कृष्ट उत्पाद का प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जावेगा। प्रदर्शनी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के हाथकरघा बुनकरों, हस्तशिल्प कारीगर एवं खादी उत्पाद को विपणन हेतु उचित माध्यम उपलब्ध कराना, बुनकरों के बुनाई कला, हस्तशिल्प कला को आम नागरिक तक सीधे पहुंचाना है तथा उपभोक्ता के माध्यम से नित नवीन डिजाईनों के विकास हेतु सुझाव प्राप्त करना। प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय हाथकरघा वस्त्र उत्पाद, हस्तशिल्प कलाकृति तथा खादी वस्त्र को एक ही छत के नीचे आम उपभोक्ता तक सीधे पहुंचना, बुनकरों, हस्तकला के कारीगीर, खादी वस्त्र उत्पादक के लिए नियमित रोजगार के अवसर में वृद्धि करना है। छत्तीसगढ़ में हाथकरघा पर वस्त्र उत्पादन महिलाओं के लिए आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। और कई हुनरमंद महिलाये बुनकरी के माध्यम से अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो रही है। प्रदर्शनी में कोसा एवं सूती उत्पादक क्षेत्र जैसे रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, चन्द्रपुर, छुरी, सिवनी, रामाटोला, लोफन्दी, बिलाईगढ़ एवं सोमाझिटिया के बुनकर समिति/प्रतिनिधि के द्वारा भाग लिया जावेगा। उनके द्वारा आकर्षक कोसा एवं कॉटन वस्त्र जैसे उत्कृष्ट कलात्मक कोसा साडियाँ, कोसा मलमल, कोसा ड्रेस मटेरियल, कोसा सलवार सूट, कोसा बाफ्ता, सूती साडियाँ, कॉटन शुटिंग, शर्टिंग, दुपट्टा, बेड-शीट, बेड-कव्हर, पिलो कव्हर, टॉवेल, नेपकीन, गमछा आदि का प्रदर्शन किया जावेगा।

# डुबान क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने ली समीक्षा बैठक

■ क्लार्ट मैप के आधार पर जल संरक्षण के कार्य कराये जाने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने धमतरी जिले के डुबान क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक ली। इस समीक्षा बैठक में धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत अरौद (डु), अकलाडोंगरी, चिखली, तिर्रा, कोड़ेगांव (बी), कोड़ेगांव (रै), मोंगरागहन के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक के अलावा उपसंचालक पंचायत, जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनपद पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थे। शासन की महत्वपूर्ण योजना-जल जीवन मिशन, श्रम कार्ड पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर सीईओ जिला पंचायत ने सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण करने तथा डुबान क्षेत्र के हितग्राहियों को योजनांतर्गत सुविधाओं से लाभान्वित करने निर्देशित किया। प्रत्येक ग्राम पंचायत से लखपति दीदी का सर्वे करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी पंचायतों में ट्राई रिक्शा दी गई है। स्वच्छता की दृष्टिकोण से स्वच्छता दीदीयों के माध्यम से कचरा कलेक्शन करने के साथ साथ स्वच्छता शुल्क, जलकर शुल्क लेना सुनिश्चित करें ताकि पंचायत की आमदनी में वृद्धि हो। नाडेप के स्वीकृत सभी कार्य को पूर्ण करावें। आंगनबाड़ी केंद्र से गर्भवती महिलाओं की सूची प्राप्त कर श्रम विभाग से पंजीयन कराई जावें तथा योजनांतर्गत मिलने वाली सुविधाओं से लाभान्वित करने पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया। पंचायतों में सचिव जन्म मृत्यु पंजी का संधारण करें वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत लाभान्वित किया गया है एवं पंजीकरण किया जाना है ऐसे हितग्राहियों की सूची जिला कार्यालय को प्रेषित करें ताकि पंचायत में शिविर आयोजित कर प्रत्येक हितग्राही का अनिवार्य रूप से पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

# जशपुर के विकास के लिए सीएम विष्णुदेव साय मेहरबान 6.5 करोड़ स्वीकृत, विधायक रायमुनी ने कहा, बरसात बाद निखरेगा पूरा शहर

## चार इंजन वाली सरकार ने 8 माह में कर दिखाया बड़ा काम-कृष्ण कुमार राय

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्र सहित पूरे जशपुर विधानसभा क्षेत्र में बरसात के बाद विकास कार्य तेजी से शुरू होगा। जशपुर में सड़क,पानी,बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरकार का खजाना खोल दिया है। आने वाले दो माह में लोगों को विकास कार्य दिखने लगेगा। जशपुर की विधायक रायमुनि भगत ने उक्त बातें कहीं। वे नगरपालिका के सभागार में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहीं।

**लाइट पहली प्राथमिकता में** - विधायक रायमुनि ने कहा कि शहर के विकास लिए बीते 8 माह के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार साढ़े 6 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यो की स्वीकृति दी है। उन्होंनें बताया कि शहर की सबसे गंभीर समस्या गली मोहल्ले में बंद पड़े स्ट्रीट लाईट की है। इसकी शिकायत उन्हें लगातार मिल रही थी। इस पर उन्होंनें शहर की स्ट्रीट लाईट को नये सिरे से संवारने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगरी प्रशासन मंत्री व उप मुख्यमंत्री अरूण साव को दिया तो उन्होंनें 1 करोड़ 5 लाख रूपये की तत्काल स्वीकृति देते हुए,बजट जारी कर दिया गया है। उन्होंनें बताया कि इस राशि से शहर के रज्जू भैया चौक से उपेन्द्र सिंह जूदेव चौक तक,निक्की चौक से महारानी लक्ष्मी बाई कन्या स्कूल तक,सी मार्ट से संगम चौक तक,जैन मंदिर से सन्ना रोड में स्थित शिव मंदिर तक,जनपद पंचायत कार्यालय से जल संसाधन विभाग कार्यालय तक,बालाजी मंदिर से नाला तक आक्टोगोनल ट्यूबलर स्ट्रीट लाइट लगाया जाएगा।

**10.55 लाख से बनेगा पाथ वे-** इसके साथ ही अंबेडकर चौक से रेस्ट हाउस और पुरानी प्रतिक्षालय से सी मार्ट तक पाथ वे निर्माण के लिए 10 लाख 55 हजार रूपये की स्वीकृति राज्य सरकार ने दे दी है। विधायक ने कहा कि भाजपा की सरकार शहर के साथ ग्रामीण अंचल के विकास का भी पूरा ध्यान रख रही है।

## डॉ. मित्तल, अच्छे परिणाम लाने वाले प्राचार्यों की पीठ थपथपाई, यशस्वी जशपुर के तहत् प्राचार्यों, बीईओ और एबीईओ की हुई समीक्षा बैठक

# बच्चों के बौद्धिक क्षमता और विकास पर विशेष ध्यान दें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत् कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट के मंत्रणा सभाकक्ष में जिले के प्राचार्यो, बीईओ, एबीईओ और एफ.एम की बैठक समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के साप्ताहिक और मासिक मूल्यांकन परिणाम की समीक्षा किए। उन्होंने अधिकारियों को बच्चों के बौद्धिक क्षमता और विकास पर अधिक ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक माह नियमित मूल्यांकन करने के लिए कहा है। ऐसे बच्चे साप्ताहिक परीक्षा के दिन उपस्थित नहीं हो पाते हैं तो अगले दिन उन बच्चों की अनिवार्य रूप परीक्षा ली जाए। कलेक्टर ने अच्छे परिणाम लाने वाले प्राचार्यो की पीठ



थपथपाई और कमजोर प्रदर्शन करने वाले प्राचार्यो के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए नोटिस जारी करने करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कजमोर बच्चों को यूट्यूब या आधुनिक संचार प्रणाली का भी उपयोग करके भी पाए। ताकि बच्चों को अपने विषय वस्तुत को समझने में आसानी हो सके। सुरंगपानी के प्राचार्य ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए यूट्यूब का सहारा लेती है। इसके लिए पहले वे स्वयं यूट्यूब में विषय को समझती है और फिर बच्चों को बेहतर तरीके से समझा पाती है। इसका परिणाम रहा कि बच्चों में समझ विकसित हो रही है और बच्चे परीक्षा में अच्छे अंक ला रहे हैं। हायर सकेण्डेरी स्कूल पण्डारापाठ के प्राचार्य को हिदायत देते हुए बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

**बगीचा बीईओ पर नाराजगी** -कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान बगीचा बीईओ के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के स्कूलों को नियमित निरीक्षण किया करें और बच्चों के साप्ताहिक और मासिक मूल्यांकन का स्वयं आंकलन करें, ताकि बच्चों का परीणा अच्छा आ सके। उन्होंने बच्चों के टेस्ट पेपर में पालकों का भी हस्ताक्षर कराने के लिए कहा है ताकि पालकों को भी अपने बच्चों के पाई के स्तर की जानकारी हो सके। कलेक्टर ने प्राचार्यो को बताया कि चिरायु टीम माह में दो बार स्कूलों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करती है। इस दौरान गंभीर बीमारी से प्रभावित बच्चों का चिन्हांकन करके इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। सभी बीईओ को अपने क्षेत्र के स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने के लिए कहा गया है।

**अगस्त माह की समीक्षा-**बैठक में अगस्त माह की समीक्षा की गई। जिसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2023-24 के परिणाम की समीक्षा, मासिक मूल्यांकन जुलाई 2024 के परिणाम की समीक्षा, साप्ताहिक मूल्यांकन की समीक्षा, बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए चर्चा, बीईओ, एबीईओ और एफ.एम के मॉनीटरिंग की समीक्षा, कक्षा 5वीं एवं 8वीं के मासिक मूल्यांकन एवं विद्यालय, संकूल, वि.ख. की समीक्षा, पाठ्यक्रम पूर्णतः की स्थिति एवं यशस्वी जशपुर के वार्षिक कैलेण्डर के अनुसार गतिविधियों पर चर्चा जिसमें संडे क्लास, अतिरिक्त कक्षा, उपचारात्मक शिक्षा, शिक्षक पालक सम्पर्क, विद्यार्थी डायरी, बच्चों का चिन्हांकन एवं गृह कार्य की जांच आदि पर भी चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, जिला शिक्षा अधिकारीपी.भटनागर, यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता एवं सदस्य संजीव शर्मा उपस्थित थे।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मण्डल क्र.1 रायपुर (छ.ग.)**
दूरभाष : (0771) 2331431 फैक्स : (0771) 4055885 ईमेल : se1.raipur@gov.in

**// निविदा तिथि संशोधन सूचना //**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित टेंडर क्र. 157221, 157222, 157223, 157224 एवं 157225 निविदा की निर्धारित तिथि को तकनीकी असुविधा के कारण निम्नानुसार संशोधित किया जाता है

| क्र. | विवरण | पूर्व तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid Submission due Date (Online) | 27.08.2024 17.30 | 01.09.2024 17.30 |
| 2. | End date for Physical Doc submission (EMD, and Affidavit in Envelope D) (by Registered/ Speed Post) | 29.08.2024 17.30 | 03.09.2024 17.30 |
| 3. | Bid Opening date (Scheduled) | 30.08.2024 10.30 | 04.09.2024 10.30 |

जी-242501756
जी-242502022/6

अधीक्षण अभियंत,
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मंडल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)

**मांग सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत, उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड- (आईआईएफएल एचएफएल) (जिसे पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किए हैं - उधारकर्ता(ओं) को जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस (नोटिस) में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए कहा गया है। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा एक बार फिर उधारकर्ता(ओं) को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है, नीचे दी गई राशि, मांग नोटिस की तारीख से भुगतान की तारीख तक आगे ब्याज के साथ, उधारकर्ता(ओं) का विवरण, मांग सूचना की तारीख को देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान हेतु दी गई सुरिक्षत विवरण निम्नानुसार है:-

| कर्जदार/गारंटर का नाम | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | सुरिक्षत आस्तियों का विवरण (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| श्री नवीन कुमार बया, श्रीमती सावित्री, (प्रॉस्पेक्ट सं. IL10038815) | 24.08.2024 रु. 5,92,664/- (रु. पाँच लाख बान्वे हजार छह सौ चौसठ मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. 23, पी.एच.नं. 01, खसरा नं. 361/20, ब्लॉक-क्यू, वार्ड नं.16, शांति नगर वार्ड, विट्ठलपुरन आंतरिक भाग से सटा हुआ, आर.एन.एम. भिलाई-03, मौजा भिलाई 03, तहसील पाटन, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़-490021, क्षेत्रफल माप (वर्ग फीट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्रफल, कारपेट क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल: 1250.00, 600.00 |

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ कारवाई कर सकता है, पूरी तरह से उधारकर्ताओं के जोखिम, लागत और परिणामों पर होगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें: शाखा कार्यालयः प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी के सामने, रायपुर, छ.ग. 492001/या कॉर्पोरेट कार्यालयः आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV गुड़गांव, हरियाणा

स्थान : रायपुर, तिथि : 29.08.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एवं कॉलेजेस के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक ने सौजन्य मुलाक़ात की। इस अवसर पर इंदरपॉल सिंह जुनेजा मैनेजिंग डॉयरेक्टर बीसीआर सुपरस्पेसलिटी हॉस्पिटल, चंदवीर सिंह जुनेजा डायरेक्टर, अमरजीत सिंह सलूजा, डॉ. बीरेन्द्र पटेल एवं डॉ दीपक जायसवाल मौजूद रहे।

# देश में टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए जनजागरूकता आवश्यक है : राज्यपाल डेका

## टी.बी. उन्मूलन परियोजना के राज्य स्तरीय प्रसार कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत देश में वर्ष 2025 तक टी.बी. रोग जड़ से समाप्त करने के लिए सबको एक साथ मिलकर काम करना है। टी.बी. उन्मूलन समुदाय के सहयोग के बिना संभव नहीं है। टी.बी. के प्रति सभी को जागरूक होना होगा। राज्यपाल रमेन डेका ने आज टी.बी. उन्मूलन के लिए चलाई जा रही एलाइस परियोजना के राज्य स्तरीय प्रसार कार्यक्रम में उक्त बाते कही। रीच संस्था के सहयोग से छत्तीसगढ़ सहित देश के चार राज्यों में यह परियोजना चलाई जा रही है। रीच छत्तीसगढ़ में राज्य टी.बी. कार्यक्रम के साथ एक भागीदार के रूप में कार्य कर रहा है। रीच ने टी.बी. रोग से लड़ कर इससे मुक्त होने वाले टी.बी. चैम्पियंस का एक नेटवर्क बनाया है। एलाइस परियोजना के तहत




904 टी.बी. चैम्पियंस को प्रशिक्षित किया गया है जो सरकार के साथ मिलकर टी.बी. उन्मूलन और स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए काम कर रहे हैं। राज्यपाल डेका ने कहा कि हम सभी को मिलकर इस परियोजना के उद्देश्य को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। राज्यपाल डेका ने कहा कि केन्द्र व राज्य शासन इस बीमारी को देश में जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन इसके लिए जनजागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के पहल पर चलाए जा रहे प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र बनें और एक या एक से अधिक टी.बी. मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण आहार या अन्य सहायता प्रदान कर सकते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने एलाइस परियोजना से संबंधित रिपोर्ट का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन रीच संस्था की सरला सिंघानिया ने किया। टी.बी. रोग से लड़कर चैम्पियन बनी दुर्ग की कुमारी चंद्रकला यादव ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि 10 वर्ष पूर्व उसे टी.बी. हुआ था लेकिन पूर्ण इलाज से वह ठीक हो गई है और दूसरे टी.बी. रोग से पीड़ित व्यक्तियों को भी वह प्रेरित करती है, साथ ही राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में भी सहयोग देती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ के संचालक डॉ. जगदीश सोनकर ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर एलाइस परियोजना के मैनेजर, रीच संस्था के सदस्य तथा टी.बी. रोग से मुक्त होने वाले चैम्पियंस उपस्थित थे।

# जमीन विवाद को लेकर दो भाजपा नेता आपस में भिड़े

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर में दो भाजपा नेताओं के बीच पैसों के लेन-देन के विवाद में हाथापाई हुई, जिसका वीडियो वायरल हो गया है। हालांकि गौर करने वाली बात यह है कि इस घटना को लेकर सिविल लाइन्स थाने में सिर्फ एक पक्ष ने ही एफआईआर दर्ज कराई है। पूरा मामला सिविल लाइंस थाना क्षेत्र का है, जहां बीच चौराहे पर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई। झड़प का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें भाजपा नेता सचिन मेघानी और राहुल चंदनानी के बीच हाथापाई होती दिखी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों नेताओं के बीच विवाद जमीन विवाद से शुरू हुआ, जो मारपीट में बदल गया और देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई। इस घटना के संबंध में पुलिस ने राहुल चंदनानी की शिकायत पर भाजपा नेता सचिन मेघानी, करण बजाज, दिव्यांश और कमल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन पर धारा बीएनएस 1 152, 1912, 296 और 351 2 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बीरगांव नगर निगम में खुलेंगी 11 नई राशन दुकानें, 15 सितम्बर तक मगाएं गए आवेदन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर जिले के बीरगांव नगर निगम क्षेत्र में शासकीय उचित मूल्य की 11 नयी राशन दुकानें खुलेंगी। इन दुकानों के लिए एसडीएम कार्यालय द्वारा 15 सितम्बर तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन मंगाए गये हैं। इन 11 नयी दुकानों के खुल जाने से बीरगांव नगर निगम क्षेत्र में लोगों को रियायती दरों पर राशन की उपलब्धता आसान होगी, साथ ही राशन दुकानों पर लगने वाली भीड़ से भी निजात मिलेगी। रायपुर के अनुविभागीय राजस्व अधिकारी नंद कुमार चौबे ने बताया कि राज्य शासन के निर्देश अनुसार हितग्राहियों को उचित मूल्य की दुकानों से आसानी से रियायती दरों पर राशन उपलब्ध कराने के लिए वर्तमान में संचालित दुकानों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में पांच सौ राशन कार्डों पर एक राशन दुकान संचालित करने के उद्देश्य से बीरगांव नगर निगम क्षेत्र में 11 नयी दुकानें खोली जानी है। इन दुकानों के आवंटन के लिए एसडीएम कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-1 में निर्धारित प्रपत्र में भरा आवेदन एवं जरूरी दस्तावेज 15 सितम्बर 2024 तक जमा किए जा सकते हैं। चौबे ने बताया कि बीरगांव नगर पालिका क्षेत्र में सबसे अधिक 3 दुकानें रावांभाठा जोन में वार्ड क्रमांक 9, 10 और 15 में खोली जाएंगी। उरला जोन में वार्ड क्रमांक-1 और 5 में, उरकुरा जोन में वार्ड क्रमांक-17 और 19 तथा सरोरा जोन में वार्ड क्रमांक -38 एवं 40 में दो-दो नयी राशन दुकानें खुलेंगी। अछोली जोन में वार्ड क्रमांक-6 और बीरगांव जोन में वार्ड क्रमांक-35 में एक-एक राशन दुकान शुरू की जाएगी।

# संभागायुक्त कावरे की मौजूदगी में तंबाकू के खिलाफ जागरूकता के साथ कानूनी प्रावधानों पर मंथन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

तम्बाकू नियंत्रण की दिशा में और अधिक प्रयास करने एवं आने वाली पीढ़ी को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा ब्लूमबर्ग परियोजना छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संभागायुक्त महादेव कावरे की मौजूदगी में इस कार्यक्रम में रायपुर संभाग के पाँचो ज़िलों के पंचायत विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में तंबाकू के नशे से होने वाले




हानिकारक प्रभाव एवं तंबाकू उत्पादों से होने वाली धातक बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। संभागायुक्त कावरे ने तंबाकू को धीमा ज़हर बताते हुए इसके इस्तेमाल को सीमित करते हुए धीरे धीरे पूरी तरह रोकने पर ज़ोर दिया। उन्होंने तम्बाकू के पैकेट में स्वास्थ्य चेतावनी प्रदर्शित होने के बावजूद भी लोगो द्वारा तम्बाकू का उपयोग किए जाने पर चिंता व्यक्त की गई। कावरे ने तंबाकू के उपयोग को रोकने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कड़े प्रयास करने को कहा।कार्यक्रम में तम्बाकू उत्पादों के कारण स्वास्थ्य, पर्यावरण एवम आर्थिक स्तिथि में पड़ने वाले भार से अवगत कराते हुए तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्रों की सेवाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यशाला में कोटपा-2003 सहित धूम्रपान मुक्त नीतियों के बारे में विस्तार से बताया गया तथा तम्बाकू नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग, श्रम विभाग, परिवहन विभाग एवम आबकारी विभाग की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया।

**तम्बाकू नियंत्रण की नीतियों एवं कानूनों की भी मिली जानकारी :** इस प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को तंबाकू नियंत्रण के क़ानूनी पहलुओं से भी अवगत कराया गया। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन द्वारा तंबाकू के इस्तेमाल पर लगाम कसने के लिए अंतरविभागीय समन्वय की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने तम्बाकू नियंत्रण के लिए राज्य में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए राज्य में तम्बाकू की व्यापकता के बारे में बताया गया और मोनिटरिंग एप्प की जानकारी दी गई। डॉ जैन ने यह जानकारी भी दी कि राज्य में शिक्षा विभाग के सहयोग से शैक्षणिक संस्थाओं को तम्बाकू मुक्त घोषित किया जा रहा है। साथ ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रथम चरण में प्रत्येक जिले की 5-5 ग्राम पंचायतों को धूम्रपान मुक्त करने के प्रयास प्रारंभ किया जा चुका है।

# मुख्यमंत्री साय को नुआखाई शोभा यात्रा में शामिल होने का मिला न्योता



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में नुआखाई शोभायात्रा संचालन समिति रायपुर के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री साय को नुआखाई पर्व शोभायात्रा के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री को समिति के सदस्यों ने बताया कि आगामी 3 सितम्बर को शाम 5 बजे राजधानी रायपुर के ग्रास मेमोरियल खेल मैदान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रतिनिधिमंडल को नुआखाई पर्व की अग्रिम बधाई देते हुए आमन्त्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नुआखाई शोभायात्रा संचालन समिति रायपुर से प्रताप, गोपाल सोना, रघुचंद्र निहाल, जितेन्द्र, गणेश हरपाल, वैष्णव, भरत छुरा, चंदु बघेल, सुरज, पंकज, राजु, रमन ताण्डी उपस्थित रहे।

# राजधानी में जीई रोड डीडी नगर मार्ग, आमानाका वेंडिंग जोन को सुन्दर स्वरूप देने कार्य तेज गति से प्रगति पर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से नगर पालिक निगम क्षेत्र राजधानी शहर में जीई मार्ग में वंदना आटो के सामने से आमानाका सिटी बस डिपो के सामने तक जनहित में जनसुविधा हेतु शहर के प्रमुख मार्ग की सुन्दरता निखारने रोड डिवाईडर को एकरूपता देने के कार्य सहित सौंदर्यीकरण कार्य तेज गति से निरंतर प्रगति पर है। रोड डिवाईडर को जीई रोड में एकरूपता देने के बाद उसमें सुन्दर तरीके से एक सिरे से पौधरोपण का कार्य समाज हित में पर्यावरण संरक्षण हेतु शीघ्र करवाया जायेगा। जिससे राजधानी के प्रमुख मार्ग की सुन्दरता निखर सकेगी। आमानाका में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा वेंडिंग जोन विकसित करने का कार्य तेज गति से प्रगति पर है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने स्मार्ट सिटी के संबंधित अधिकारियों को राजधानी शहर के जीई मार्ग में रोड डिवाईडर को एकरूपता देने का जनहितकारी कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देष दिये है। इससे राजधानी शहर में मुख्य मार्ग का यातायात भी सुगम एवं सुव्यवस्थित हो सकेगा। आयुक्त ने वेंडिंग जोन विकास का कार्य आमानाका में शीघ्रता से जनहित में जनसुविधा विस्तार हेतु पूर्ण करवाने निर्देषित किया है। इसमें फेरी वालो का सुव्यवस्थित तरीके से व्यवस्थापन किया जा सकेगा। स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा साइंस कालेज के समीप डीडी नगर गोल चैक जाने वाले मार्ग के दोनो ओर सुन्दर तरीके से आर्ट वर्क करवाया जा रहा है। जिससे मार्ग की सुन्दरता निखर रही है। मार्ग विभाजक में ग्रील लगाकर पेंटिंग करने का सौंदर्यीकरण कार्य तेज गति से प्रगति पर है। नगर निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी प्रबंध संचालक ने अधिकारियों को कार्यो को मॉनिटरिंग करके शीघ्र पूर्ण करवाने निर्देषित किया है।

# आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने आउटडोर स्टेडियम परिसर में फास्ट 4 व्हीलर ईव्ही चार्जिंग स्टेशन स्थापना कार्य का निरीक्षण किया



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की लोकहितैशी मंषा के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव के मार्गदर्शन में राजधानी शहर रायपुर में रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर में शहर में भिन्न 5 स्थानों पर नगर पालिक निगम रायपुर एवं इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा सहभागिता से प्रथम चरण में फास्ट 4 व्हीलर ईव्ही चार्जिंग स्टेशन विद्युत मंत्रालय द्वारा 14 जनवरी 2022 को जारी गाईड लाईन के अनुसार शीघ्र लगाये जाने का कार्य प्रगति पर है। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने आउटडोर स्टेडियम में प्रगतिरत फास्ट 4 व्हीलर ईव्ही चार्जिंग स्टेशन की स्थापना की प्रगति का वहां पहुंचकर प्रत्यक्ष निरीक्षण निगम के प्रभारी अधीक्षण अभियंता इमरान खान, जोन 4 जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव, इंडियन आयॅल कार्पोरेशन लिमिटेड के मार्ग पूरी तरह प्रशस्त हो गया है। रायपुर जिला कलेक्टर की उपस्थिति में नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं इंडियन ऑयल कार्पोरेषन लिमिटेड के सौरभ प्रियदर्शन की उपस्थिति में किया। राजधानी शहर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम परिसर, गॉधी उद्यान, पुराना स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय परिसर, आउटडोर स्टेडियम परिसर, अनुपम गार्डन (महावीर पार्क), सेन्ट्रल लाईब्रेरी के सामने और जवाहर बाजार पार्किंग में फास्ट 4 व्हीलर ईव्ही चार्जिंग स्टेशन शीघ्र लगाने का कार्य प्रगति पर है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि चार्जिंग स्टेशन की स्थापना हेतु भूमि रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा उपलब्ध करवायी जायेगी तथा चार्जिंग स्टेषन की स्थापना पर होने वाला समस्त व्यय (आपरेशन मेंटेनेंस सहित) इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा वहन किया जायेगा। इसके साथ ही इंडियन ऑयल कार्पोरेषन लिमिटेड द्वारा चार्जिंग से प्राप्त आय का 10 प्रतिशत रायपुर नगर पालिक निगम के साथ शेयर किया जायेगा।

# पूरे प्रदेश में हत्या, चाकूबाजी, लूट की घटनाओं से दहशत का माहौल : दीपक बैज



**रायपुर।** राजधानी सहित पूरे प्रदेश में हत्या और चाकूबाजी, लूट, डकैती की घटनाएं रुक नहीं रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं के बावजूद भी सरकार की नींद नहीं टूट रही है। प्रदेश में रोज आपराधिक घटनायें बढ़ते जा रही है। बलात्कार, लूट, चाकूबाजी, चैनस्नेचिंग, गुंडागर्दी की खबरों से अखबार भरा पड़ा है। गैंगवार हो रहे हैं, सरेआम चाकुओं से गोदकर हत्यायें हो रही है। नशे का कारोबार 8 माह में पूरे प्रदेश में फैल गया है, स्वयं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह राज्य में गांजा की खपत पर चिंता जाहिर कर चुके है। भाजपाई दृष्टिदोष का शिकार हो गये है। उन्हें आम आदमी की परेशानी दिखाई नहीं पड़ रही है। सत्ता के मद में भाजपाई जनसरोकारों को भूल बैठे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि रायपुर कैपिटल ऑफ क्राइम बन गया है। राजधानी में सड़क पर भी महिलायें सुरक्षित नहीं है। ऐसा कोई दिन नहीं है जब हत्या, लूट, चाकूबाजी की घटना नहीं होती है। रायपुर तो चाकूपुर बन गया है। कल ही एक युवक को बदमाशों ने मरणासन्न होते तक पीटा, वहीं एक अन्य युवक की हत्या कर दी गयी। प्रदेश का ऐसा कोई शहर नहीं है जहां रोज खूनी वारदात नहीं होती हो। पुलिस अपना मूलकाम अपराधों पर अंकुश लगाने के बजाय सरकार की चाटुकारिता में लगी है। भाजपा राज में पुलिस अपना मूल कार्य अपराधों पर नियंत्रण करना छोड़ राजनैतिक षड़यंत्र करने में व्यस्त है। सत्तारूढ़ दल के संरक्षण में अपराधी बेलगाम हो गये है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 8 महीने की साय सरकार में प्रदेश में कानून व्यवस्था खस्ताहाल हो गई है, 8 माह में ही राजधानी में गोलीबारी की 4 घटना हुई है। अंतर्राज्यीय गैंगस्टर राज्य में पैर पसार रहे है, सरकार है की मूकदर्शक बनी हुई है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403